फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 76 संख्याः 236 प्रभात जयपुर, मंगलवार 31 मार्च, 2026 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



**WHEN THE 'WEREWOLVES' RODE AGAIN** — Superstition has endowed the werewolf with superhuman powers. The same man who is timid in the day sheds his human form at night and becomes a ferocious wolf

**Lal Bahadur Shastri On BBC**

**Aapki Yaad Aati Rahi Raat Bhar...**

# ईरान अब "पिनपॉइन्ट" बमबारी कर रहा है, अमेरिका व इज़रायली ठिकानों पर

## पर, ऐसी बमबारी करने के लिए इतनी गहरी इंटैलिजैंस जानकारी कहाँ से आ रही है, ईरान के पास?

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 30 मार्च। ऐसा लगता है कि ईरान ने अपनी युद्ध रणनीति बदल दी है और अब वह अमेरिका और इज़रायल की सेनाओं व ठिकानों पर बेहद चयनात्मक (सलैक्टिव) और लक्ष्य आधारित हमले कर रहा है। इस बदले हुए तरीके को लेकर शक है कि ईरान को बहुत ही सटीक और खास खुफिया जानकारी मिल रही है।

ईरान ने सऊदी अरब के एक बेस पर जमीन पर खड़े अमेरिका के बेहद महत्वपूर्ण "एवैक्स" विमान को नष्ट कर दिया। इससे अमेरिकी सेना और सुरक्षा विशेषज्ञों की चिंता बढ़ गई है। अमेरिका के पास ऐसे केवल 17 विमान हैं और ये बहुत ज्यादा कीमती हैं।

माना जा रहा है कि रूस ने ईरान को यह बेहद खुफिया जानकारी दी होगी और मिसाइलों को सही लक्ष्य तक पहुंचाने में मदद की होगी। बिना ऐसी

- **यह जानकारी ईरान को रूस दे रहा है और इन जानकारियों की मदद से ही ईरान ने अमेरिका के कीमती एवैक्स विमान को सऊदी अरब के एयरपोर्ट पर नष्ट कर दिया था। यह एवैक्स विमान इतना महंगा है कि अमेरिका के पास अब तक कुल 17 एवैक्स विमान थे और एक विमान की कीमत लगभग आधा बिलियन डॉलर आंकी जाती है।**
- **ईरान इस "पिन-पॉइन्ट" जानकारी के कारण ही अब अमेरिका के रडार सिस्टम को लक्ष्य बना रहा है और अब ईरान, उन अमेरिकी सैनिकों को आसानी से बमबारी का लक्ष्य बनाने की तैयारी में है, जिन्हें ट्रंप ईरान भेज रहे हैं।**

खुफिया जानकारी के, इतना सटीक हमला करना लगभग असंभव माना जाता है।

इन विमानों की कीमत एक बम के बराबर, अर्थात् बहुत अधिक होती है। वर्तमान समय में एक एवैक्स विमान की कीमत लगभग 50 करोड़ डॉलर या उससे भी ज्यादा है। इसके अलावा, ऐसे विमान तैयार करने में करीब एक साल का समय लगता है, जिससे इनकी उपब्धता अपने आप में एक बड़ी समस्या है।

सुरक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि ईरान इस क्षेत्र में रडार सिस्टम और निगरानी उपकरणों को निशाना बना रहा है। इससे अमेरिकी सेना के लिए हमलों का पहले से पता लगाना मुश्किल हो सकता है और परिणाम स्वरुप ऐसी सहायक सुविधाओं की कमी के कारण हताहतों की संख्या बढ़ सकती है।

पिछले सप्ताह ईरान ने अमेरिकी एवैक्स विमान को नष्ट किया, जो युद्ध में फोर्स मल्टीप्लायर की तरह काम करते हैं। ये एयरबोर्न वॉर्निंग एंड कंट्रोल सिस्टम (एवैक्स) विमान जमीन पर मौजूद सेना और दुश्मन इलाके में उड़ रहे विमानों को दिशा-निर्देश देते हैं और उन्हें मिसाइल, ड्रोन और अन्य खतरों से बचाने में मदद करते हैं।

ये विमान उड़ते हुए किले और सूचना केंद्र की तरह होते हैं, जो जमीन से लेकर ऊपरी वायुमंडल तक दुश्मन की गतिविधियों की जानकारी जुटाते हैं।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## शिक्षक परीक्षा के ईनामी अपराधी को एसओजी ने पकड़ा

जयपुर, 30 मार्च। राजस्थान लोक सेवा आयोग ( आरपीएससी) द्वारा आयोजित वरिष्ठ अध्यापक (द्वितीय श्रेणी) भर्ती परीक्षा-2022 में फर्जीवाड़ा करने वाले एक बड़े मोहरे को स्पेशल ऑपरेशन्स ग्रुप (एसओजी) ने दबोच लिया है। एसओजी ने 10 हजार रुपये के इनामी अपराधी और डमी परीक्षार्थी सुनील बिश्नोई को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी पिछले दो साल से फरार चल रहा था।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (एसओजी) विशाल बंसल ने बताया कि वर्ष 2022 की वरिष्ठ अध्यापक

- **सांचोर निवासी सुनील बिश्नोई दो साल से फरार चल रहा था, उस पर 10 हजार रूपए का ईनाम घोषित है।**

भर्ती परीक्षा में मूल अभ्यर्थी सम्पतलाल माली (निवासी चितलवाना, जालोर) ने खुद परीक्षा देने के बजाय अपनी जगह डमी परीक्षार्थी बैठाए थे।

पकड़े गए आरोपी सुनील बिश्नोई (निवासी गोदारों की ढाणी, सांचौर) ने 29 जनवरी 2023 को उदयपुर के राजकीय गुरु गोविंद सिंह उच्च माध्यमिक विद्यालय में सम्पतलाल के स्थान पर सामान्य ज्ञान एवं शैक्षिक मनोविज्ञान विषय की परीक्षा दी थी।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# असम के चुनाव से "गैंडे" का क्या संबंध?

## गहरा संबंध है, वाइल्ड लाइफ एक्सपर्ट्स, कंज़र्वेशनिस्ट व वन विभाग के उच्चाधिकारी संगठित हो गए हैं, इस मुद्दे पर

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 30 मार्च। असम विधानसभा चुनाव और गैंडे के बीच क्या संबंध है?

दरअसल, पर्यावरण संरक्षण से जुड़े लोग और सेवानिवृत्त वन अधिकारी राज्य सरकार के उस आदेश से सख्त नाराज हैं, जिसमें 1600 वन कर्मचारियों को चुनाव ड्यूटी पर लगाने की बात कही गई है। उन्होंने इस आदेश को वापस लेने की माँग की है।

भाजपा शासित इस पूर्वोत्तर राज्य में लुप्तप्राय भारतीय गैंडे पाए जाते हैं, जिनका मुख्य निवास काज़ीरंगा राष्ट्रीय उद्यान है। इस पार्क में "ग्रेटर वन हॉर्न्ड राइनो" (एक सींग वाले गैंडे) की सबसे बड़ी आबादी है। यहां अन्य संकटग्रस्त प्रजातियां भी पाई जाती हैं, जैसे हूलॉक गिब्बन (जो भारत की एकमात्र कपि प्रजाति है) और पिग्मी हॉग, जिनकी संख्या संरक्षण प्रयासों के बाद बढ़ी है।

संरक्षण विशेषज्ञों का कहना है कि "अगर इतनी बड़ी संख्या में असम फॉरेस्ट प्रोटेक्शन फोर्स (एएफपीएफ) के कर्मचारियों को चुनाव ड्यूटी पर लगाया गया, तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। जंगल और वन्यजीव,

- **ये लोग इस बात पर उद्वेलित हैं कि राज्य सरकार ने एक आदेश पारित करके 1600 वन विभाग अधिकारियों व कर्मचारियों को इलैक्शन ड्यूटी पर लगा दिया है।**
- **काज़ीरंगा में एक सींग वाले गैंडे व अन्य विलुप्त होती वन्य जीवों की नस्लें, जैसे भारत की एकमात्र गुरिल्ला नस्ल हूलॉक गिब्बन व पिगमी हॉग, 1600 वनकर्मियों के चुनाव ड्यूटी पर नियुक्त हो जाने से "शिकारियों" की मेहरबानी पर आश्रित हो जाएंगे, अवैध शिकार से बचने के लिए।**
- **केरल, यू.पी. व महाराष्ट्र के प्रिंसिपल चीफ कंज़र्वेटर ने वाइल्ड लाईफ को बचाने व सुरक्षित रखने के लिए असम के मुख्य सचिव, मुख्य चुनाव अधिकारी आदि को पत्र लिखकर असम सरकार के आदेश को निरस्त करने की मांग की तथा सुप्रीम कोर्ट के इस मुद्दे पर आदेश तथा नैशनल ग्रीन ट्रिब्युनल के आदेश का भी उदाहरण दिया।**

शिकारियों के रहमो करम पर रह जाएंगे।" उन्होंने इस बारे में राज्य के मुख्य सचिव, मुख्य चुनाव अधिकारी और पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के विशेष मुख्य सचिव को पत्र लिखकर चिंता जताई है।

इस पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में केरल, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के पूर्व प्रधान मुख्य वन संरक्षक प्रकृति श्रीवास्तव, उमा शंकर सिंह और ए.के. झा भी शामिल हैं।

इस महीने की शुरुआत में असम सरकार ने एक आदेश जारी किया था,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# नीतीश ने विधान परिषद से इस्तीफा दिया

## बिहार की त्रिकोणात्मक राजनीति (भाजपा, जद (यू) व आर.जे.डी.) अब दो ही कैम्प्स (भाजपा व आर.जे.डी.) की लड़ाई रह जायेगी?

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 30 मार्च। नीतीश कुमार ने आज बिहार विधान परिषद के सदस्य पद से इस्तीफा दे दिया और संभावना है कि वह जल्द ही मुख्यमंत्री पद भी छोड़ देंगे। उन्होंने लगभग दो दशकों तक यह पद संभाला है। ऐसे में सवाल उठता है: बिहार की राजनीति में क्या बदलाव आएगा?

सबसे बड़ा बदलाव यह दिख रहा है कि बिहार की पारंपरिक तीन धुरी वाली राजनीति बदल सकती है। अब तक बिहार की राजनीति के तीन बड़े दल (भाजपा, जेडीयू और आरजेडी) में से किसी भी दो का गठबंधन तीसरे को कमजोर कर देता था। पिछले वर्षों में कुमार ने इस संतुलन को अच्छी तरह संभाला, कभी एक गठबंधन तो कभी दूसरे में जाकर, और इस दौरान उन्होंने रिकॉर्ड दस बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।

- **त्रिकोणात्मक राजनीति में, जो भी दो कैम्प मिल जाते थे, वह ग्रुप सत्ता में आ जाता था, तीसरे कोण को कोने में पटक कर तथा नीतीश बड़ी होशियारी से दो खेमों के ग्रुप में रहते थे तथा 10 बार मुख्यमंत्री बने।**
- **पर अब लगता है कि राजनीतिक संघर्ष, केवल सीधी वर्चस्व की लड़ाई भाजपा व आर.जे.डी. के बीच ही होगी और चाहे कितनी कोशिश करें नीतीश, पुराने दिन शायद लौट कर नहीं आयेंगे।**

लेकिन आने वाले समय में यह व्यवस्था बदल सकती है और राजनीति दो ध्रुवों में बंट सकती है, जहां भाजपा और आरजेडी के बीच सीधी टक्कर होगी। इससे इन दोनों पार्टियों को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा, जबकि कुमार की जेडीयू का भविष्य थोड़ा अनिश्चित नजर आ रहा है। जेडीयू के लोग कह रहे हैं कि कुमार राज्यसभा जाने के बाद भी बिहार में ज्यादा सक्रिय रहेंगे, लेकिन उम्मीद है कि पार्टी के लिए हालात पहले जैसे नहीं रहेंगे, क्योंकि जेडीयू की दूसरी पंक्ति में ऐसा कोई नेता नहीं है, जिसकी पहचान, लोकप्रियता और पूरे राज्य में स्वीकार्यता कुमार जैसी हो।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## मुख्यमंत्री ने महावीर जयन्ती की शुभकामनाएं दीं

जयपुर, 30 मार्च। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की जयंती (31 मार्च) के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। शर्मा ने कहा कि भगवान महावीर की शिक्षाएं हमें

- **उन्होंने कहा कि भगवान महावीर के सत्य, अहिंसा एवं अपरिग्रह के सिद्धांत आज भी प्रासंगिक हैं।**

मानवता की सेवा करने और सभी प्राणियों के प्रति करूणा रखने की प्रेरणा देती हैं। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर के सत्य, अहिंसा एवं अपरिग्रह के सिद्धान्त आज भी प्रांसंगिक है।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों का आह्वान किया है कि वे भगवान महावीर के आदर्शों पर चलते हुए समृद्ध समाज के निर्माण में अपना योगदान दें।

# प्रधानमंत्री इंटर्नशिप स्कीम में राज्य सरकारें भी निभाएंगी अहम भूमिकाएं

## पूर्व के 2 फेज़ की गलतियों को सुधारते हुए केन्द्र सरकार ने तीसरे फेज़ में बड़ा बदलाव किया

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर, 30 मार्च। देश में युवाओं को रोजगार से जोड़ने और शिक्षा के साथ-साथ तकनीकी ज्ञान से रूबरू करवाने के लिए मोदी सरकार जल्द ही "प्रधानमंत्री इंटर्नशिप स्कीम (पिम्स) का तीसरा फेज लागू करेगी। राजस्थान में 352 युवाओं को 2000 कंपनियों में इंटर्नशिप करवाने के लिए केन्द्र व राज्य सरकार मिलकर काम करेगी। पिछले 2 फेज में क्रमशः 349 व 313 युवाओं को इंटर्नशिप करवाई गयी थी, लेकिन स्वीकृत पद क्रमशः 4343 तथा 4839 थे।

केन्द्र सरकार ने पूर्व के 2 फेज में रही खामियों और गलतियों को सुधारते हुए पिम्स प्रोजक्ट में कई अहम सुधार के निर्णय लिए हैं। इसमें पहला यह है कि राज्य सरकारों को अधिक जिम्मेदारी सौंपी जाएगी, ताकि इंटर्नशिप प्रोग्राम सफल हो। इस संदर्भ में 30 मार्च को राज्य सरकार के कौशल, उद्यमिता एवं रोजगार विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव ने आदेश जारी किए हैं।

- **अब 18 से 25 वर्ष के युवाओं को 500 के बजाय 2000 कंपनियों में इंटर्नशिप करवाई जाएगी।**
- **युवाओं को दिया जाने वाला भत्ता भी 5000 रुपए प्रतिमाह से बढ़ाकर 9 हजार रुपए किया गया।**
- **राजस्थान में तीसरे फेज़ में 352 युवाओं को इंटर्नशिप करवाने की तैयारी, पूर्व में भी क्रमशः 349 व 313 युवाओं को इस स्कीम से जोड़ा गया था।**

इन आदेशों के मुताबिक राजस्थान स्किल एंड लाइवलीहुड डवलपमेंट कार्पोरेशन (आर.एस.एल.डी.सी.) में राज्य स्तरीय पिम्स सेल का गठन किया जायेगा। कौशल उद्यमिता विभाग के आयुक्त को इस प्रोजक्ट में स्टेट नोडल ऑफिसर बनाया गया है। साथ ही प्रत्येक जिले में एक डिस्ट्रिक्ट नोडल ऑफिसर की नियुक्ति की गई है।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2024-25 में केन्द्र सरकार ने बजट में घोषणा की थी कि 1 करोड़ युवाओं को 12 माह तक देश की 500 टॉप कंपनियों में इंटर्नशिप करवायी जाएगी। यह प्रोग्राम 21 से 24 वर्ष के युवाओं के लिए बनाते हुए सरकार ने 6000 एकमुश्त तथा 5000 रुपए प्रतिमाह भत्ता देने की घोषणा की थी। परंतु सरकार के इस प्रोजेक्ट को देशभर में कोई खास तव्ज्जो नहीं मिली। युवाओं का इस योजना के प्रति आकर्षण कम रहा।

उदाहरण के लिए अगर राजस्थान की बात करें तो, योजना के प्रथम चरण में 4343 इंटर्नशिप पदों के लिए 27814 लोगों ने आवेदन किया, परंतु मात्र 349 युवा ही इस प्रोग्राम से जुड सके। इसके बाद दूसरे चरण में 4839 पदों के लिए 32 हजार 286 युवाओं ने आवेदन किया, परंतु इस बार भी मात्र 313 युवाओं को ही इस प्रोग्राम से जोड़ा जा सका।

केन्द्र सरकार ने इस प्रोजेक्ट की खामियों को सुधारते हुए अब तीसरे फेज में कई अहम बदलाव किए हैं। इसमें अब 500 के बजाय 2000 कंपनियो में इंटर्नशिप करवायी जाएगी। पूर्व में 21 से 24 वर्ष के युवाओं के लिए यह

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## स्पेन ने ईरान युद्ध में शामिल अमेरिकी विमानों के लिये हवाई क्षेत्र बंद किया

मैड्रिड, 30 मार्च। स्पेन ने पश्चिम एशिया में एक माह से जारी युद्ध को पूरी तरह से गैरकानूनी एवं अन्यायपूर्ण करार देते हुए हमलों में शामिल अमेरिकी विमानों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया है। हालांकि आपातकालीन स्थितियों में यह रोक प्रभावी नहीं होगी।

द गार्जियन अखबार और अन्य मीडिया रिपोर्ट में सोमवार को स्पेन की

- **इस कदम से स्पेन यूरोप में युद्ध के सबसे बड़े आलोचक के रुप में उभरा।**

रक्षा मंत्री मार्गरीटा रोबल्स के हवाले से यह बात कही गयी है। रोबल्स ने बताया, "हमलों में शामिल अमेरिकी विमानों के लिए स्पेन ने अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया है। हम न तो सैन्य ठिकानों के इस्तेमाल की अनुमति देते हैं और न ही ईरान युद्ध से जुड़ी कार्रवाई के लिए हवाई क्षेत्र के इस्तेमाल की। मुझे लगता

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# ट्रंप की "लोकप्रियता रेटिंग" 36 प्रतिशत ही रह गई है अमेरिका में

## रॉयटर न्यूज़ सर्विस द्वारा मार्च के अंत में किए गए सर्वे के अनुसार, इतनी कम रेटिंग खतरे की संगीन चेतावनी है, ट्रंप के लिए

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 30 मार्च। डॉनल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में अब राजनीतिक दबाव साफ दिखने लगा है। हालिया सर्वे बताते हैं कि युद्ध और बढ़ती महंगाई के दोहरे दबाव के कारण जनता के बीच उनकी लोकप्रियता तेजी से कम हो रही है।

मार्च के अंत में किए गए रॉयटर्स/इप्सोस सर्वे के अनुसार, ट्रंप की लोकप्रियता 36 प्रतिशत तक गिर गई है, जो उनके इस कार्यकाल का सबसे निचला स्तर है। पिछले कुछ हफ्तों में यह गिरावट तेज हुई है, खासकर तब से, जब अमेरिका और ईरान के बीच सैन्य तनाव बढ़ा और ईंधन की कीमतों में उछाल आया, जिससे महंगाई को लेकर आम जनता की चिंताएं और बढ़ गईं।

अब 62 प्रतिशत लोग राष्ट्रपति के कामकाज से असंतुष्ट हैं, जो यह दिखाता है कि आम लोगों में आर्थिक चिंता लगातार बढ़ रही है और सरकार पर भरोसा कम हो रहा है।

यह रूझान बहुत कुछ कहता है। आंकड़ों से साफ है कि जब फरवरी के अंत में ईरान से टकराव शुरू हुआ था, तब ट्रंप की लोकप्रियता करीब 39-40 प्रतिशत थी। अब यह घटकर 36 प्रतिशत हो गई है, जिससे पता चलता है कि इस युद्ध का राजनीतिक असर दिखने लगा है, खासकर इसके आर्थिक प्रभाव के कारण, जैसे पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी।

अर्थव्यवस्था, जो पहले ट्रंप की

- **सर्वे के अनुसार, केवल 29 प्रतिशत अमेरिकी ट्रंप के इकॉनमी को दुरुस्त करने के प्रयासों को सही मानते हैं।**
- **यह चौंकाने वाली बात है, क्योंकि, ट्रंप दूसरी बार राष्ट्रपति पद पर इसी छवि के कारण आए थे कि वे देश के एकमात्र अमेरिकी राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार हैं, जो देश की इकॉनमी को दुरुस्त कर सकते हैं तथा समृद्धि ला सकते हैं।**
- **पर, अब पेट्रोल के दाम बढ़ने से तथा महंगाई के घटने के आसार नहीं दिखने से आम अमेरिकी ट्रंप से निराश हैं और अब यह सोच जोर पकड़ रहा है कि अमेरिका ने खाड़ी देशों के युद्ध में जैसी भूमिका निभाई है, उससे उस इकॉनमी की हालत सुधरी नहीं बिगड़ी ही है।**

सबसे बड़ी ताकत हुआ करती थी, वही अब उनकी सबसे बड़ी कमजोरी बनती दिख रही है। इसी सर्वे के अनुसार, केवल 29 प्रतिशत लोग उनके आर्थिक कामकाज से संतुष्ट हैं, और महंगाई से निपटने के उनके तरीके को सिर्फ 25 प्रतिशत लोग सही मानते हैं। यह आंकड़े काफी कम हैं, खासकर उस नेता के लिए, जिसने अर्थव्यवस्था सुधारने और महंगाई कम करने के वादों के साथ सत्ता में वापसी की थी।

बढ़ती कीमतों, खासकर ईंधन की कीमतों, ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। ईरान के साथ तनाव का असर सीधे आम लोगों की जेब पर पड़ रहा है, क्योंकि पहले से महंगाई झेल रहे परिवारों पर दबाव और बढ़ गया है।

युद्ध को लेकर भी जनता का नज़रिया उतना ही महत्वपूर्ण है। सर्वे बताते हैं कि अमेरिकियों का एक बहुत बड़ा बहुमत ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई को लेकर संदेह में हैं, यानी, इसस कार्रवाई का विरोध करने वालों की संख्या समर्थन करने वालों की तुलना में कहीं ज्यादा है। इससे यह धारणा भी मजबूत हुई है कि सरकार के फैसले आर्थिक समस्याओं को कम करने के बजाय, बढ़ा रहे हैं।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## ईरान ने इज़रायल की हाइफा तेल रिफायनरी पर हमला किया

तेल अवीव/बेरूत, 30 मार्च। ईरान और हिजबुल्लाह ने एक साथ इज़रायल पर ताबड़तोड़ मिसाइल, रॉकेट और ड्रोन से हमला किया है।

- **ईरान व हिजबुल्लाह की मिसाइलों की बौछार से हाइफा तेल रिफायनरी में आग लग गई।**

इससे हाइफा तेल रिफाइनरी में विस्फोट के बाद आग लग गई है। फिलहाल रिफाइनरी के ऊपर धुएं का गुबार है। उधर, लेबनान में लड़ाई के दौरान एक इज़रायली सैनिक की मौत हो गई और एक अधिकारी गंभीर रूप से घायल हो गया।

द टाइम्स ऑफ इज़रायल अखबार की रिपोर्ट के अनुसार ईरान और हिजबुल्लाह ने इज़रायल के उत्तर में मिसाइलों की बौछार की है। इसकी चपेट

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

विचार बिन्दु

अपने नाम को कमल की तरह निष्कलंक बनाओ। –लांग फैलो

# 'ऐसे ही चलता है' की मनोवृत्ति अच्छी नहीं है

सामान्यतया,यह देखा गया है यदि किसी व्यक्ति के साथ कोई दूसरा व्यक्ति गलत व्यवहार कर रहा है, तो हम यह सोचकर कुछ नहीं बोलते हैं कि हमें क्या फर्क पड़ता है, हमारे साथ ऐसा थोड़े ही हो रहा है। यही वह मनोवृत्ति है, जिससे समाज में अनैतिक, गैर कानूनी और आपराधिक गतिविधियां तेजी से बढ़ रही हैं, फिर भी इनके विरोध में कोई बोलता तक नहीं है, आवाज उठाना तो दूर की बात है। ऐसा व्यवहार करते समय वे यह भूल जाते हैं कि आज यह व्यवहार किसी दूसरे के साथ हो रहा है और वे नहीं बोलेंगे तो कल उनके साथ भी ऐसा ही होगा।

इस प्रकार की प्रवृत्ति केवल सामान्य नागरिकों के आपस के व्यवहार के बारे में नहीं है, अपितु प्रत्येक सरकारी विभाग जैसे नगरीय शासन, परिवहन विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कर विभाग, पुलिस और राजस्व विभाग आदि के बारे में भी है। यदि कोई विभागीय अधिकारी/ कर्मचारी नागरिकों के प्रति अपेक्षित दायित्व का निर्वहन न कर रहा हो और भ्रष्टाचार में लिप्त हो, तब भी अधिकांश लोग इस प्रकार के कामों को रोकने का कोई प्रयास नहीं करते। वे न तो इसके विरुद्ध बोलते हैं न कुछ करते हैं। मैंने ऐसे व्यक्तियों से कई बार पूछा कि वे गलत काम के विरुद्ध किसी विभागीय अधिकारी को या सरकार के उच्च अधिकारियों तक शिकायत क्यों नहीं करते हैं, तो उनका एक ही रटा-रटाया जवाब होता है कि शिकायत करने से क्या फायदा, ''यहां तो ऐसे ही चलता है''। सरकारी कामकाज के प्रति नागरिकों की यही हताशा और उदासीनता की मनोवृति है, जिसके कारण सरकारी कर्मचारी और अधिकारी बेलगाम होकर नागरिकों का शोषण करने में लगे रहते हैं। कई विभागों में भ्रष्टाचार चरम पर है किंतु कोई उसके विरुद्ध आवाज तक नहीं उठाता ।

हम इस आलेख में यह विश्लेषण करने का प्रयास करेंगे कि आजकल 'ऐसा ही चलता है' की मनोवृत्ति क्यों अधिक पनप रही है और इसे कैसे दूर किया जा सकता है?

यदि किसी मोहल्ले में सड़क की स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी हो, सफाई नहीं होती हो, अतिक्रमण की भरमार हो, सरकारी भूमि पर अतिक्रमण हो, आवासीय भवन में व्यावसायिक गतिविधियां संचालित हो रही हों, या भवन निर्माण के नियमों को ठेंगा दिखाते हुए कोई निर्माण हो रहा हो, तब भी कोई उसके विरुद्ध शिकायत तक नहीं करता। सड़क पर गलत पार्किंग हो, ट्रैफिक लाइट का उल्लंघन करते हुए कोई दिख जाए, तब भी हम कोई शिकायत नहीं करते हैं, क्योंकि हमारे मन में यह भावना घर कर चुकी है कि सरकार में शिकायत करने का कोई फायदा नहीं है क्योंकि यहां तो ऐसे ही चलता है। ऐसे अनेक उदाहरण हैं जो सरकारी विभाग के अधिकारियों की सामान्य नागरिक के प्रति उदासीनता को दर्शाते हैं।

हम प्रतिदिन यह देखते हैं कि बिना फिटनेस के बसें और अन्य वाहन राक्षस तेज गति से दौड़ते हुए आम नागरिकों को कुचलते हुए निकल जाते हैं। बसों में यात्रियों के जिंदा जलने की खबरें निरंतर आती हैं, क्योंकि परिवहन विभाग के अधिकारियों द्वारा वाहनों की फिटनेस को कभी जांचा ही नहीं गया। बिजली के ढीले, झूलते तारों से बसों में आग लगने की घटनाएं विद्युत वितरण निगम द्वारा बरती जा रही घोर लापरवाही का ही परिणाम है। ऐसा लगता है कि शहरी विकास की विभिन्न संस्थाओं जैसे विकास प्राधिकरण, नगर निगम, आवासन मंडल आदि ने तो नागरिकों के हित में काम न करने का प्रण कर रखा है। बड़े-बड़े ऊंचे अस्पतालों को गलियों में खोलने की अनुमति दे दी गई है। सार्वजनिक मार्गों पर वाहनों का पार्किंग वर्जित है, लेकिन सड़कों की 70 प्रतिशत से अधिक चौड़ाई तो अनधिकृत पार्किंग से, वाहनों के आवागमन के लिए उपलब्ध ही नहीं है।

पुलिस, जिसका काम, पीड़ित व्यक्ति की एफ आई आर तत्काल दर्ज कर अपराधी को सजा दिलाने का होना चाहिए, वह न तो आसानी से एफ आई आर दर्ज करती है, न अपराधी के विरुद्ध कानून के अनुसार निष्पक्ष रूप से कार्रवाई करती है। अधिकांश मामलों में कार्यवाही इस पर निर्भर करती है कि जिसके विरुद्ध शिकायत है, वह सत्ता के कितना नजदीक है एवं कितना प्रभावशाली है? हमने कई बार देखा है कि नशे में डूबे रईसजादों द्वारा तेज गति से महंगी कारें चलाकर अबोध बच्चों, महिलाओं और गरीबों को कुचल दिया गया। उनकी जमानत एक दो दिन में हो जाती है और वे फिर अपने पद और धन की सत्ता के परिणाम स्वरूप उसी कार्य में लग जाते हैं। कई बार मंत्रियों, बड़े अधिकारियों या धनी व्यक्तियों के नाबालिग बच्चे भी इस प्रकार गाड़ियों को चलाते हुए पाए गए हैं। यदि इनमें से किसी के बारे में कोई शिकायत नहीं होती है तो उसके पीछे एक ही मनोवृति काम करती है और वह यह कि सरकार में किसी के विरुद्ध कुछ भी कहने और करने का कोई लाभ नहीं है, क्योंकि यहां तो सब। 'ऐसे ही चलता है'।

किसी विद्यालय में कोई शिक्षक बिना नियमित रूप से आए लगातार वेतन प्राप्त करते रहें और बच्चे शिक्षा से वंचित रह जाएं तो भी उनके माता-पिता न तो शिक्षा विभाग के अधिकारी से कुछ कहेंगे और न उनके विरुद्ध कोई आवाज उठाएंगे क्योंकि उनका यह मानना है एक किसी के विरुद्ध शिकायत करने से कुछ होता नहीं है। सरकारी अस्पताल, जिनका काम सरकार की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत नागरिकों को इलाज उपलब्ध कराना होता है, वहां पर कोई चिकित्सक न आए, कोई उपकरण लंबे समय तक खराब पड़ा रहे और गरीबों को निजी अस्पतालों में महंगा ईलाज कराने के लिए बाध्य होना पड़े, फिर भी कोई उच्च अधिकारियों को प्रतिवेदन तक नहीं देता। इसके फलस्वरूप यह मनमानी और नागरिकों के साथ अन्याय की प्रवृत्ति निरंतर बढ़ती रहती है ।

**सरकारी अधिकारियों में जवाबदेही के अभाव की प्रवृत्ति नागरिकों में हताशा की प्रवृत्ति को बढ़ाने में सहायक होती है। इस पर विचार होना चाहिए कि जिस पद्धति से लोक सेवकों का चयन राज्य सेवा के लिए हो रहा है, वह वास्तव में सही है? क्या सही मनोवृति वाले लोक सेवक राजकीय सेवा में आ रहे हैं? देखा तो यह गया है कि उच्च सेवा के अधिकारी अधिक घमंडी और जनता से दूर होते हैं। आम नागरिक के लिए संभव ही नहीं है कि वह बिना सिफारिश किसी आई ए एस, आई पी एस अधिकारी से सीधे जाकर मिल ले और अपनी समस्या बता सके।**

नागरिकों को यह समझना होगा कि जब तक किसी अन्याय के विरुद्ध आवाज उठा कर उसका प्रतिकार नहीं किया जाएगा तो वह एक प्रकार से अन्याय में सम्मिलित होने के समान ही माना जाएगा। यह सोचना कि शिकायत करने से कुछ नहीं होता, इस स्थिति का उपचार नहीं है। संभवतया इस सोच के पीछे उन अधिकांश नागरिकों का यह अनुभव है जिन्होंने ऐसा करने का प्रयास किया तो उनकी सुनवाई नहीं हुई और न ही, जिन लोगों ने सुनवाई नहीं की, उनके विरुद्ध कोई कार्रवाई हुई।

संविधान में जहां नागरिकों को कई प्रकार के मौलिक अधिकार दिए गए हैं, उनके मूल भूत कर्तव्यों का भी उल्लेख है। भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में सामान्य लोक की सत्ता को सर्वोच्च माना गया है। वही असहाय अनुभव करे तो यह देश के लिए अच्छा संकेत नहीं है। उसके अधिकारों की रक्षा करने में कोई विभाग कोताही बरते और नागरिक उसके विरुद्ध आवाज़ नहीं उठाए तो यह उनकी पलायन वादी प्रवृत्ति का द्योतक है। सरकार यदि यह चाहती है कि नागरिकों की सहभागिता, सुशासन उपलब्ध कराने में बढ़े, तो उसे नागरिकों की बात को महत्व देना होगा। उसे मंच प्रदान करना होगा कि वह अपनी बात निसंकोच, बिना डर के कह सके। यदि इसके बावजूद अधिकारियों द्वारा किसी के विरुद्ध उपयुक्त कार्रवाई न हो, तो उसकी जवाबदेही तय की जाए और उसको समय पर सजा दी जाए। जवाब देही का अभाव, अधिकारियों को निरंकुश बनाता है और अधिकारी निरंकुश होते हैं तो जनता धीरे-धीरे उदासीन हो जाती है।

यह विचारणीय है कि शासन के तीनों अंग चाहे वह कार्यपालिका हो, विधायिका हो या न्यायपालिका, कोई भी सामान्य जन की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करने में सफल नहीं रहा है। आज सामान्य नागरिक असमंजस में है कि वह करे भी तो क्या, और जाए तो कहां? इस हेतु प्रबुद्ध, सक्रिय सामाजिक संस्थाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है जो नागरिकों को संगठित करके, सरकार के किसी भी विभाग के गलत कार्य के विरुद्ध आवाज उठाने की ताकत उन्हें प्रदान करे। ऐसा यदि हम नहीं करेंगे तो यह हम अपने संविधान प्रदत्त कर्तव्यों की पालना नहीं करने के दोषी कहलाएंगे।

नागरिकों को सशक्त करने के लिए और सरकार के काम में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से सूचना का अधिकार कानून बनाया गया। इसे सरकारों ने बहुत कमजोर कर दिया है। अब आवश्यकता जवाबदेही का कानून बनाने की है। इस दिशा में प्रभावशाली रूप से कोई काम अभी तक नहीं हो पाया है। जनप्रतिनिधियों को पता है कि विभागों के माध्यम से जनता के हित में कार्य करने से चुनाव जीतना संभव नहीं है। चुनाव, जाति और धर्म के आधार पर उनको विभाजित करके आसानी से जीता जा सकता है। यह भी एक बड़ा कारण है कि लोग सरकारी कामकाज के प्रति उदासीन होते जा रहे हैं। यह उल्लेखनीय है कि सरकार के कामकाज से, जितना साधारण व्यक्ति प्रभावित होता है उतना प्रभावशाली व्यक्ति नहीं। इसलिए यह और भी अधिक आवश्यक है कि यदि हमें देश को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में आगे बढ़ना है, तो सभी नागरिकों को विशेष कर वंचित वर्ग के नागरिकों को प्रत्येक सरकारी विभाग से योजनाओं का समुचित लाभ प्राप्त हो। यदि ऐसा नहीं हो तो, नागरिकों को इसके विरुद्ध अपनी बात उठानी चाहिए और अहिंसात्मक आंदोलन करने के लिए तैयार रहना चाहिए।

सरकारी अधिकारियों में जवाबदेही के अभाव की प्रवृत्ति नागरिकों में हताशा की प्रवृत्ति को बढ़ाने में सहायक होती है। इस पर विचार होना चाहिए कि जिस पद्धति से लोक सेवकों का चयन राज्य सेवा के लिए हो रहा है, वह वास्तव में सही है? क्या सही मनोवृति वाले लोक सेवक राजकीय सेवा में आ रहे हैं? देखा तो यह गया है कि उच्च सेवा के अधिकारी अधिक घमंडी और जनता से दूर होते हैं। आम नागरिक के लिए संभव ही नहीं है कि वह बिना सिफारिश किसी आई ए एस, आई पी एस अधिकारी से सीधे जाकर मिल ले और अपनी समस्या बता सके।

सरकार यदि वास्तव में जनहितकारी कहलानी चाहती है तो उसे जन समस्या निवारण के जितने भी प्रकल्प हैं, उन्हें अधिक प्रभावी बनाना होगा। उन्हें शिकायत करने वालों को प्रताड़ित करने के बजाय उन्हें प्रोत्साहित करना होगा। आज यह धारणा लोगों में घर करती जा रही है कि कानून का पालन करने वाला तो मूर्ख है और जो जितना कानून को तोड़ सकता है उतना ही वह सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकता है। फर्जी डिग्री के प्रकरण आजकल हम रोज पढ़ रहे हैं किंतु किसी के विरुद्ध कोई अपराधिक प्रकरण दर्ज करके उसे सजा मिल गई हो, ऐसा दिखाई नहीं देता। जब कोई कार्रवाई नहीं होती दिखती है तो लोग शिकायत करने तक से कतराने लगते हैं।

'ऐसे ही चलता है' की धारणा को बदलने के लिए अधिकारियों और जनता, दोनों को मिलकर काम करना होगा। सही सोच वाले लोगों को एकजुट होना होगा, चाहे वे सरकार में हों या सरकार के बाहर। जब 'ऐसे नहीं चलेगा' हर नागरिक का ध्येय वाक्य बन जाएगा तो फिर भारत को शिखर तक पहुंचने से कोई ताकत नहीं रोक पाएगी।

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# भगवान महावीर के उपदेशों की सार्वकालिकता एवं सार्वभौमिकता



राजेश्वर सिंह

भगवान महावीर का जन्म ईसा पूर्व 599 में लिच्छवी गणतंत्र की राजधानी वैशाली के कुंडग्राम (बिहार) में एक राज परिवार में हुआ था। राजवंश में जन्म लेने तथा बाल्यकाल से ही समस्त सांसारिक सुख-सुविधाओं का उपभोग करने के बावजूद भगवान महावीर ने तीस वर्ष की आयु में तीव्र वैराग्य का अनुभव किया तथा संसार का परित्याग कर संन्यास दीक्षा ग्रहण की। उन्होंने पांच महाव्रत अर्थात सत्य, अहिंसा, अस्तेय, अपरिग्रह व ब्रह्मचर्य को अंगीकार कर कठोर तपस्या की। आत्मसंयम, अप्रमाद, अकषाय और समत्व की सतत साधना उनकी तपश्चार्या का महत्त्वपूर्ण अंग थे। इस दौरान उन्होंने सभी प्राकृतिक बाधाओं यथा भूख, प्यास, शीत, घाम, शारीरिक व्याधियों, कीटदंश आदि तथा दुष्ट एवं अज्ञानी लोगों द्वारा दी गई बर्बर यातनाओं को निरपेक्ष भाव से सहन किया तथा बारह वर्ष की कठोर साधना के उपरांत वह सर्वथा वीतराग या जिन बने एवं उन्होंने कैवल्य ज्ञान अथवा सर्वज्ञता को प्राप्त किया। इस प्रकार उन्हें जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर के रूप में मान्यता प्राप्त हुई। इसके बाद वह लगभग तीस वर्षों तक निरंतर परिभ्रमण व विचरण करते रहे तथा जनसमुदाय को धार्मिक एवं आध्यात्मिक शिक्षा देते रहे। ई.पू. 527 में 72 वर्ष की आयु में पावापुरी में उनका परिनिर्वाण हुआ।

भगवान महावीर के अनुसार आत्मा शाश्वत है। वह अनंतज्ञान, अनंतदर्शन, अनंतवीर्य तथा अनंत सुख की शक्तियों से संपन्न है पर कर्मों के आवरण के कारण उसका मूल स्वरूप ढका रहता है। भगवान महावीर ने कर्मों के इस आवरण को विच्छिन्न कर शुद्ध-बुद्ध आत्मा की सिद्धि व उपलब्धि कैसे हो, इसका मार्ग बताया। उनके अनुसार संयम (संवर) का अभ्यास करते-करते जीव जब कर्म परमाणुओं से मुक्ति पा जाता है, तब वह 'निर्जरा' की अवस्था में पहुंचता है। संयम साध्य निर्जरा को प्राप्त कर ही जीव मुक्ति लाभ कर सकता है। एक श्लोक में जैन दर्शन के सार को निहित करके प्रतिपादित किया गया है कि बंधन का हेतु तृष्णा (आस्त्रव) है। उसके निरोध (संवर) से ही मोक्ष की प्राप्ति होती है।

भगवान महावीर का उद्घोष था कि सत्य ही भगवान है और सत्य ही लोक में सारभूत है। उन्होंने मनुष्य मात्र को ही सत्य के अन्वेषण में प्रवृत्त होने हेतु प्रेरित किया। सत्यान्वेषण की साधना व भय परस्पर विरोधी तत्व हैं। भयभीत मनुष्य सत्य के मार्ग का अनुसरण नहीं कर सकता। भय के समूल नाश के लिए आवश्यक है कि मनुष्य प्राणिमात्र के साथ मैत्री साधे, किसी के साथ वैर विरोध न करें तथा संसार के समस्त जीवों के प्रति समभाव की साधना करे। इस प्रकार भगवान महावीर की अहिंसा मनुष्यता तक ही सीमित नहीं थी। उसकी परिधि में जीवों के जितने भी प्रकार हैं, सब सम्मिलित हैं। उन्होंने पशुहिंसामय यज्ञादि का भी विरोध किया। भगवान महावीर जाति के आधार पर श्रेष्ठता अथवा हीनता का निषेध करते थे। उनके अनुसार जाति की विशेषता नहीं, विशेषता तप की है। मनुष्य कर्म से ही ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र होता है। जो दुराचारी है, उसकी जाति व कुल उसकी रक्षा नहीं कर सकते। केवल यथार्थ ज्ञान और धर्मानुकूल आचरण ही मनुष्य की रक्षा कर सकते हैं।

इसी प्रकार जैन दर्शन का स्यादवाद का सिद्धांत भी अत्यंत उदार और व्यापक है। इसके अनुसार प्रत्येक वस्तु अनंत धर्मक है। स्यादवाद का स्वरूप जैन दर्शन में वर्णित सप्तभंगी वाक्यों के अध्ययन से समझा जा सकता है। संक्षेप में एक ही वस्तु को अनेक दृष्टिकोणों से देखने के सिद्धांत को स्यादवाद कहा जाता है। सत्य अनेकान्तात्मक और बहुपक्षीय है। एक कथन किसी एक दृष्टि से सत्य है तो उससे विपरीत कथन भी किसी अन्य दृष्टि से सत्य होता है इसलिए दो परस्पर विरोधी दृष्टिकोणों के बीच सामंजस्य की स्थापना का द्वार सदैव ही खुला है। जैन दर्शन का अंतिम लक्ष्य मोक्ष प्राप्ति है। तत्त्वार्थ सूत्र में सम्यक ज्ञान, सम्यक दर्शन और सम्यक चरित्र ही मोक्ष साधन के तीन रत्न या उद्देश्य बताएं गए हैं। अनादि काल से प्रत्येक आत्मा जन्म मृत्यु के आवर्त में परिभ्रमण कर रही है जो आत्मा के लिए दुखमय है। इसी प्रकार कषाय (राग और द्वेष) आत्मा के साथ कर्म पुद्गलों के बन्ध का मूल हेतु है। यह कर्म पुद्गल बहुत ही सूक्ष्म भौतिक पदार्थ रूप है। यह बन्ध ही आत्मा के दुख का कारण है। इन वृत्तियों से मुक्त होने वाला जीव शीघ्र ही मोक्ष की स्थिति को प्राप्त कर लेता है।

भगवान महावीर द्वारा उपदिष्ट जैन दर्शन के इन सिद्धांतों का अनुसरण न केवल भारत के कोने-कोने में फैले हुए जैन धर्मावलंबियों द्वारा किया जाता है वरन संपूर्ण विश्व में शांति, अहिंसा, निशस्त्रीकरण, जीवदया तथा प्राणिमात्र के प्रेमपूर्ण सह अस्तित्व के लिए जो भी मनुष्य या समूह कार्यरत हैं, उन सबके द्वारा इनसे प्रेरणा ग्रहण की जाती है। आज जब संपूर्ण विश्व घृणा, असंवेदनशीलता, हिंसा, क्रूरता, युद्ध और आतंकवाद का शिकार है, भगवान महावीर द्वारा प्रतिपादित सत्यान्वेषण, अहिंसा, जीव दया, प्राणिमात्र से प्रेम, परस्पर विरोधी विचारों के बीच संतुलन, समन्वय और सामंजस्य बैठाने की ईमानदार कोशिश इत्यादि महान मूल्य ही संपूर्ण मानव जाति की सुरक्षा, संरक्षा, प्रगति व समृद्धि को सुनिश्चित कर सकते हैं।

**–राजेश्वर सिंह,**
**राज्य निर्वाचन आयुक्त,**
**राजस्थान**

# किसानों का बढ़ा सम्मान, सुगम हो रहा जीवन : मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना बन रही सहारा



दिनेश कुमार शर्मा

किसान केवल अन्न उत्पादक नहीं बल्कि हमारी अर्थव्यवस्था और जीवन व्यवस्था के आधार स्तंभ हैं। कठिन मौसम, सीमित संसाधन और बाजार की अनिश्चितताओं के बावजूद वे निरंतर अपने श्रम से देश को खाद्य सुरक्षा प्रदान करते हैं। यही कारण है कि उन्हें 'अन्नदाता' के रूप में सम्मानित किया जाता है। विपरीत परिस्थितियों से जूझते हुए भी उनका जज्बा कभी कमजोर नहीं पड़ता।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों के जीवन को सरल और सम्मानजनक बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में 'मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि' योजना लागू की गई है, जिसका उद्देश्य किसानों को आर्थिक संबल प्रदान करना और उनके आत्मसम्मान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना है।

इस योजना के तहत किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से मिलने वाली राशि को बढ़ाते हुए राज्य सरकार द्वारा अतिरिक्त आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत किसानों को 6 हजार रुपये की वार्षिक राशि तीन समान किस्तों में प्रदान की जाती है। जबकि मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत अतिरिक्त सहायता के रूप में किसानों को अब 3 हजार रुपये वार्षिक दिए जा रहे हैं। पूर्व में यह राशि 2,000 रुपये थी। इस प्रकार राज्य के किसानों को 9 हजार रुपये की सम्मान निधि प्रतिवर्ष मिल रही है। राज्य सरकार इसे चरणबद्ध रूप से 12 हजार रुपये वार्षिक करने के लिए प्रतिबद्ध है।

प्रदेश के किसानों की समृद्धि और खुशहाली के लिए राज्य सरकार ने यह योजना लागू की। वर्ष 2024-25 में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के राज्य के पात्र किसानों को योजना के तहत 2,000 रुपये की राशि 3 किस्तों में दी गई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 30 जून, 2024 को टोंक में आयोजित एक समारोह में इस योजना का शुभारम्भ करते हुए 65 लाख से अधिक किसानों को प्रथम किस्त की लगभग 653 करोड़ रुपये की राशि सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की। प्रथम किस्त के रूप में किसानों के बैंक खातों में 1000-1000 रुपये हस्तांतरित किये गए। वहीं, 13 दिसम्बर, 2024 को द्वितीय एवं तृतीय किश्त की एकमुश्त 1000-1000 रुपये की राशि किसानों के बैंक खातों में हस्तांतरित की गई। द्वितीय एवं तृतीय किश्त के रूप में लगभग 702 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित की गई। योजना की चतुर्थ किस्त 18 अक्टूबर, 2025 को धनतेरस के दिन नदबई में आयोजित समारोह में जारी की गई। चतुर्थ किश्त के रूप में 718 करोड़ की राशि किसानों के खातों में हस्तांतरित की गई। वहीं, योजना की पांचवीं किश्त विगत 22 जनवरी को सिरोही में आयोजित समारोह में जारी की गई। इस प्रकार, मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत राज्य सरकार अब तक पांच किस्तों के माध्यम से किसानों के खातों में 2,726 करोड़ रुपये से अधिक की अतिरिक्त सहायता राशि हस्तांतरित कर चुकी है। सहकारिता विभाग इस योजना का नोडल विभाग है। जिन कृषकों के पास भूमि 1 फरवरी 2019 के पूर्व में है, उन्हें इस योजना का लाभ मिल सकता है। उक्त तिथि के बाद विरासत से अर्जित भू-धारक कृषक ही योजना के पात्र हैं। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए कृषक स्वयं भारत सरकार द्वारा सृजित पीएम-किसान पोर्टल पर जाकर अपना पंजीयन करवा सकते हैं अथवा नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर एवं ई-मित्र के माध्यम से भी पंजीयन करवाया जा सकता है। इस योजना से किसानों को न केवल आर्थिक मजबूती मिल रही है, बल्कि उनके आत्मविश्वास और सम्मान में भी वृद्धि हो रही है। अतिरिक्त आय से वे अपनी खेती की जरूरतों को बेहतर ढंग से पूरा कर पा रहे हैं और दैनिक जीवन की आवश्यकताओं को भी सहजता से पूरा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना आज किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। यह पहल न केवल आर्थिक सहायता का माध्यम है, बल्कि किसानों के सम्मान, स्वाभिमान और सशक्तीकरण की दिशा में एक सशक्त कदम भी है।

**–दिनेश कुमार शर्मा,**
**सहायक जनसंपर्क अधिकारी**

# युद्धग्रस्त विश्व में महावीर की अहिंसा: शांति की एकमात्र राह

## संदर्भ – तीर्थंकर महावीर स्वामी का 2625वां जन्म कल्याणक



श्रमण डॉ. पुष्पेंद्र

आज का विश्व एक विचित्र विरोधाभास से गुजर रहा है। एक ओर विज्ञान, तकनीक और वैश्वीकरण ने मानव जीवन को अभूतपूर्व सुविधाएं दी हैं, वहीं दूसरी ओर युद्ध, हिंसा और असहिष्णुता ने मानवता के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिह्न खड़ा कर दिया है। विश्व के अनेक क्षेत्रों में चल रहे संघर्ष, आतंकवाद, सामरिक प्रतिस्पर्धा और आंतरिक कलह यह संकेत देते हैं कि भौतिक प्रगति के बावजूद मनुष्य अभी भी मानसिक और नैतिक रूप से अस्थिर है। ऐसे समय में जब राष्ट्र अपनी शक्ति का प्रदर्शन हथियारों और युद्ध के माध्यम से कर रहे हैं, मानव जीवन का मूल्य कहीं पीछे छूटता जा रहा है। युद्ध केवल सीमाओं तक सीमित नहीं रहता, बल्कि वह समाज, परिवार और व्यक्ति के मनोविज्ञान को भी प्रभावित करता है। हिंसा का यह वातावरण भय, असुरक्षा और अविश्वास को जन्म देता है, जिससे शांति और सह-अस्तित्व की संभावनाएं क्षीण हो जाती हैं।

वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में यह स्पष्ट दिखाई देता है कि हिंसा कभी भी स्थायी समाधान नहीं दे सकती। युद्ध भले ही किसी समस्या का तात्कालिक समाधान प्रतीत हो, लेकिन वह दीर्घकाल में और अधिक संघर्षों को जन्म देता है। आज आवश्यकता है एक ऐसे दृष्टिकोण की, जो केवल शक्ति और प्रभुत्व पर नहीं, बल्कि संवेदना, सह-अस्तित्व और नैतिकता पर आधारित हो। यहीं पर तीर्थंकर भगवान महावीर के अहिंसा के सिद्धांत की प्रासंगिकता अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। भगवान महावीर ने अहिंसा को केवल शारीरिक हिंसा तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे विचार, वचन और कर्म-तीनों स्तरों पर लागू किया। उनके अनुसार किसी भी प्राणी को पीड़ा पहुंचाना हिंसा है, चाहे वह प्रत्यक्ष हो या अप्रत्यक्ष।

प्रभु महावीर का अहिंसा का सिद्धांत आज के युद्धग्रस्त विश्व के लिए एक नैतिक दिशा प्रदान करता है। यदि हम उनके विचारों को गहराई से समझें, तो यह स्पष्ट होता है कि युद्ध की जड़ें बाहरी परिस्थितियों में नहीं, बल्कि मनुष्य के भीतर उत्पन्न होने वाले राग, द्वेष, अहंकार और लालच में निहित हैं। जब तक इन मानसिक प्रवृत्तियों पर नियंत्रण नहीं किया जाएगा, तब तक बाहरी शांति स्थापित नहीं हो सकती। आज के समय में हिंसा केवल युद्ध के मैदान तक सीमित नहीं है। यह हमारे दैनिक जीवन में भी विभिन्न रूपों में उपस्थित है-विचारों की कट्टरता, शब्दों की कठोरता, सामाजिक विभाजन और डिजिटल माध्यमों पर फैलती नफरत के रूप में। महावीर का संदेश हमें यह सिखाता है कि वास्तविक अहिंसा का पालन तभी संभव है, जब हम अपने भीतर की नकारात्मकता को पहचानकर उसे नियंत्रित करें। विशेष रूप से वर्तमान अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में, जहां राष्ट्रों के बीच अविश्वास और प्रतिस्पर्धा बढ़ती जा रही है, ऐसे वक्त पर तीर्थंकर महावीर का जियो और जीने दो का सिद्धांत अत्यंत प्रासंगिक है। यदि राष्ट्र एक-दूसरे के अस्तित्व, संप्रभुता और हितों का सम्मान करें, तो संघर्ष की संभावनाएं स्वतः कम हो सकती हैं। इसके साथ ही, महावीर का अपरिग्रह का सिद्धांत भी वर्तमान युद्ध और हिंसा के मूल कारणों को समझने में सहायक है। यदि सीमित इच्छाओं और संतुलित उपभोग को अपनाया जाए, तो न केवल सामाजिक असमानताएं कम होंगी, बल्कि युद्ध के कारण भी कमजोर पड़ेंगे।

महावीर द्वारा प्रतिपादित रत्नत्रय-सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान और सम्यक चरित्र-आज के समय में एक समठा समाधान प्रस्तुत करता है। सम्यक दर्शन हमें पूर्वाग्रहों से मुक्त होकर वस्तुस्थिति को समझने की प्रेरणा देता है। सम्यक ज्ञान हमें सत्य और असत्य में भेद करने की क्षमता प्रदान करता है, जिससे हम गलत सूचनाओं और भ्रामक विचारों से बच सकते हैं। और सम्यक चरित्र इन दोनों का व्यावहारिक रूप है, जो हमारे आचरण को नैतिक और संतुलित बनाता है। अतः यह स्पष्ट है कि वर्तमान समय में जब विश्व हिंसा और युद्ध की आग में झुलस रहा है, भगवान महावीर का अहिंसा का सिद्धांत केवल एक आध्यात्मिक आदर्श नहीं, बल्कि एक व्यावहारिक आवश्यकता बन चुका है। यदि व्यक्ति, समाज और राष्ट्र इस सिद्धांत को अपने जीवन और नीतियों में स्थान दें, तो न केवल संघर्षों को कम किया जा सकता है, बल्कि एक स्थायी और समरस विश्व की स्थापना भी संभव है।

अंततः, शांति किसी बाहरी व्यवस्था का परिणाम नहीं, बल्कि आंतरिक चेतना का प्रतिबिंब है। जब मनुष्य अपने भीतर अहिंसा, करुणा और संतुलन को विकसित करेगा, तभी वह बाहरी दुनिया में भी शांति स्थापित कर सकेगा। यही तीर्थंकर महावीर का संदेश है-और यही आज की सबसे बड़ी आवश्यकता।

**–श्रमण डॉ. पुष्पेंद्र**

## राशिफल मंगलवार 31 मार्च, 2026



पंडित अनिल शर्मा

चैत्र मास, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2083, पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र दिन 3:21 तक, गंड योग दिन 3:41 तक, तैतिल करण प्रातः 6:56 तक, चन्द्रमा आज रात्रि 9:33 से कन्या राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-मीन, चन्द्रमा-सिंह, मंगल-कुम्भ, बुध-कुम्भ, गुरू-मिथुन, शुक्र-मेष, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह राशि में।

आज रवियोग दिन 3:31 तक और रात्रि 8:10 से पुनः आरम्भ होगा। आज शिव दमनोत्सव, चतुरदशी, नृसिंह दोलोत्सव है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर 9:27 से 10:59 तक, लाभ-अमृत 10:59 से 2:03 तक, शुभ 3:35 से 5:07 तक।

**राहूकालः** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 6:23, सूर्यास्त 6:39

### मेष
परिवार में महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है। आप आप रचनात्मक कार्यों में भाग ले सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ बनी रहेगी।

### वृष
परिवार में अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। सुख-शांति बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्यों एवं व्यावसायिक आय में प्रगति होगी।

### मिथुन
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक सफलता से मनोबल ऊंचा रहेगा। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

### कर्क
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं।

### सिंह
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा।

### कन्या
आर्थिक/वित्तीय मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी। धन हानि का भय है। अनावश्यक धन खर्च होगा। नौकरीपेशा व्यक्तियों को परेशानी हो सकती है।

### तुला
आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। अटका हुआ धन प्राप्त हो सकता है। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। चलते कार्यों में प्रगति होगी। स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी।

### वृश्चिक
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आवश्यक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### धनु
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन/संदेश प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी।

### मकर
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### कुंभ
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। व्यावसायिक योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

### मीन
स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिलेगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

# मई के दूसरे पखवाड़े में आयोजित होगा "ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट-2026"

## 'नई तकनीक और परंपरागत तरीकों से फसल उत्पादन और किसानों की आय में होगी वृद्धि'

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि किसानों की खुशहाली प्रदेश की समृद्धि का मूल आधार है। नई तकनीक और परंपरागत तरीकों की पूरी जानकारी देकर ना केवल फसल उत्पादन बढ़ाया जा सकता है, बल्कि किसानों की आय में भी वृद्धि की जा सकती है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश को कृषि निर्यात के क्षेत्र में अग्रणी बनाने की दिशा में आगामी "ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट-2026" (ग्राम) का आयोजन एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। शर्मा ने सोमवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में "ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट-2026" को लेकर बैठक ली।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मई के द्वितीय पखवाड़े में आयोजित होने वाली "ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट-2026" के लिए आपसी समन्वय के साथ सभी तैयारियां समयबद्ध और प्रभावी ढंग से पूर्ण की जाए। उन्होंने कहा कि देश-विदेश के अधिकाधिक कृषि विशेषज्ञों, वैज्ञानिकों और तकनीकी जानकारों को इस आयोजन से जोड़ा जाए, ताकि किसान इसका अधिक से अधिक लाभ ले सकें।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट-2026 को लेकर अधिकारियों की बैठक ली।

मुख्यमंत्री ने कहा कि "ग्राम-2026" के सफल क्रियान्वयन से कृषि क्षेत्र में नवाचार, आधुनिक तकनीक और निवेश को प्रोत्साहन मिलने के साथ ही किसानों को देश-विदेश के विशेषज्ञों के अनुभव और तकनीकी जानकारी का लाभ भी मिलेगा। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि गांव-गांव जन जागरण अभियान चलाकर किसानों को जागरुक किया जाए। साथ ही, प्रगतिशील किसानों, पशुपालकों, डेयरी एवं मत्स्य पालकों को प्रोत्साहित करने के लिए जिला एवं राज्य स्तर पर पुरस्कृत भी किया जाए। उन्होंने कहा कि कृषि पर्यवेक्षक, कृषि मित्र, ग्राम सेवा सहकारी समितियों और डेयरी समितियों सहित आयोजन से जुड़े कार्मिकों को विशेष प्रशिक्षण भी दिया जाए। साथ ही, "ग्राम-2026" से संबंधित सभी विभागों की विशेष जानकारियों का संकलन

- गांव-गांव जाकर जनजागरुकता अभियान से अधिकाधिक किसानों को करें प्रोत्साहित : भजनलाल शर्मा

करते हुए एक मार्गदर्शिका भी तैयार की जाए।

बैठक में अधिकारियों ने "ग्राम-2026" को लेकर अब तक की तैयारियों का प्रस्तुतिकरण दिया। साथ ही, आयोजन को सफल बनाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने संबंधी कार्ययोजना के बारे में संबंधित विभागों के साथ विचार-विमर्श किया गया।

मुख्यमंत्री द्वारा विभागीय अधिकारियों को सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं फिक्की के प्रतिनिधिगण मौजूद रहे।

# लोकतंत्र की मजबूती और विकसित भारत के निर्माण में युवा विधायक आगे आए : देवनानी

## भोपाल में आयोजित युवा विधायकों के दो दिवसीय सम्मेलन को संबोधित किया

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि युवा विधायक लोकतंत्र की मजबूती और विकसित भारत के निर्माण के लिए आगे आए। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी सोमवार को भोपाल में मध्य प्रदेश विधानसभा में आयोजित दो दिवसीय युवा विधायकों के सम्मेलन के प्रारंभिक सत्र को संबोधित कर रहें थे।

सम्मेलन में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, विधानसभाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर और प्रतिपक्ष के नेता भी मौजूद थे। देवनानी ने कहा कि यह मंच केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की दिशा तय करने वाला महत्वपूर्ण संवाद है। युवा विधायकों को विधायिका का प्रमुख आधार बन कर और पूरी प्रतिबद्धता और सक्रियता के साथ अपने निर्वाचन क्षेत्रों की तरह ही विधायिका के काम को भी पूरा महत्व देना चाहिए तभी वे जनता के बीच अपनी प्रतिभा की बेजोड़ छाप छोड़ सकेंगे।

देवनानी ने सम्मेलन में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के 45 वर्ष से कम आयु के विधायकों की भागीदारी को विधायी ऊर्जा का त्रिवेणी संगम बताया।

देवनानी ने बताया कि 16वीं राजस्थान विधानसभा में 45 वर्ष या उससे कम आयु के 30 से अधिक विधायक हैं, जो राज्य में युवा नेतृत्व के बढ़ते प्रभाव का संकेत है।

उन्होंने सुझाव दिया कि युवा विधायकों को सदन में पूरी तैयारी के साथ बोलना चाहिए तथा जनहित से



राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सोमवार को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव से मुलाकात कर नवाचारों के 2 वर्ष, विधान सभा की दैनंदिनी, सनातन संस्कृति की अटल दृष्टि पुस्तक भेंट की।

जुड़े मुद्दों के साथ हो अधिक से अधिक प्रश्न पूछने चाहिए , ताकि शासन के अधिकारियों की जिम्मेदारी तय हो सके। इसके अलावा सीनियर लीडर्स के भाषणों को भी सुनना चाहिए तथा उनके अनुभवों से सीखना चाहिए । साथ ही पुस्तकालयों में जाकर सन्दर्भ सामग्री का अध्ययन करना चाहिए।

देवनानी ने बताया कि 'वन नेशन-वन एप्लिकेशन' के तहत नेवा प्लेटफॉर्म जैसे डिजिटल नवाचार लोकतंत्र को अधिक पारदर्शी और सुलभ बना रहे हैं। युवा विधायकों की भूमिका डिजिटल डिवाइड को समाप्त कर लोकतंत्र को तकनीक आधारित बनाने में महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि विकास का मॉडल तभी टिकाऊ होगा जब वह स्थानीय संस्कृति और मूल्यों से जुड़ा हो। देवनानी ने बताया कि राज्य विधानसभा में विधायकों द्वारा पूछे गए के 97 प्रतिशत प्रश्नों के जवाब राज्य सरकार से प्राप्त हो गए है और हमारा लक्ष्य इसे शत प्रतिशत तक पहुंचाना है। राजस्थान विधानसभा में किए गए नवाचारों की चर्चा करते हुए देवनानी ने बताया कि विधानसभा में बनाए गए डिजिटल म्यूज़ियम और राजनीतिक आख्यान संग्रहालय को जन दर्शन के लिए खोल दिया गया है और अब तक पचास हजार से अधिक लोग इसे देख चुके है।

# कांग्रेस का राजस्थान की मिट्टी और सांस्कृतिक गौरव से कोई सरोकार नहीं : जवाहर सिंह बेढ़म

## "जब प्रदेश 19 मार्च को नव संवत्सर के साथ राजस्थान दिवस मना लिया, तो 30 मार्च को राजस्थान दिवस की शुभकामनाएं देना कांग्रेस की हिन्दू रीति-रिवाज और सनातन संस्कृति के प्रति नफरत की परिचायक है"

**जयपुर।** संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कांग्रेस के नेताओं द्वारा राजस्थान दिवस की शुभकामनाओं पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया है कि उन्हें राजस्थान की मिट्टी और सांस्कृतिक गौरव से कोई सरोकार नहीं है। जब संपूर्ण प्रदेश 19 मार्च को नव संवत्सर के साथ राजस्थान दिवस मना रहा था, तब कांग्रेस नेता केवल कैलेंडर की तारीखों में उलझे रहे।

पटेल ने कहा कि 1949 में भारतीय काल गणना के अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को वृहद् राजस्थान का निर्माण हुआ। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में हमारी सरकार ने जड़ों की ओर लौटने का निर्णय लिया ताकि

- हिंदू रीति से उत्सव मनाने में कांग्रेस को वोट बैंक खिसकने का डर, राजस्थान की संस्कृति और भारतीय परम्पराओं की विरोधी है कांग्रेस : जोगाराम पटेल

हमारी भावी पीढ़ी केवल अंग्रेजी तारीख नहीं, बल्कि अपने सांस्कृतिक पंचांग को समझे।

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि कांग्रेस के राहुल गांधी, खडगे और अशोक गहलोत को पंचांग से चिढ़ है। जब पूरा राजस्थान 19 मार्च को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर यह उत्सव मना चुका है, तब देरी से शुभकामना देना जनता का उपहास है। हिंदू पंचांग के अनुसार उत्सव मनाने में कांग्रेस को अपना वोट बैंक खिसकने का डर सता रहा है।

गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कहा कि कांग्रेस के लोगों को राजस्थान की संस्कृति, भारतीय परम्पराओं और हिन्दू शब्दावली से नफरत है। आज 30 मार्च को बधाई देना कांग्रेस की हिन्दू रीति-रिवाज, भारतीय संस्कृति एवं सनातन संस्कृति की विरोधी सोच का परिचायक है और यह स्पष्ट रूप से जनता को भ्रमित करने का प्रयास प्रतीत होता है।

बेढ़म ने कहा कि जब 1949 में वृहद् राजस्थान का गठन हुआ और उस समय लौह पुरुष सरदार पटेल ने चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर रेवती नक्षत्र में इंद्रयोग के शुभ संयोग के साथ इस ऐतिहासिक क्षण को जोड़ा था। उन्होंने अशोक गहलोत, मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी से प्रश्न पूछते हुए कहा कि कांग्रेस के लोग सरदार पटेल की बात को दरकिनार क्यों कर रहे हैं।

गृह राज्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भारतीय परंपरा का सम्मान करते हुए नवसंवत्सर को राजस्थान दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया, जिसे चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर 19 मार्च को प्रदेश की जनता ने उत्साहपूर्वक मनाया। लेकिन उस दिन कांग्रेस नेताओं ने कोई बधाई नहीं दी।

# छोटीकाशी में धूमधाम से मनाया जाएगा हनुमान जन्मोत्सव

**जयपुर।** केसरी नंदन हनुमानजी महाराज का जन्मोत्सव चैत्र पूर्णिमा दो अप्रेल को छोटी काशी में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। सुबह जयकारों और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हनुमानजी का जन्माभिषेक होगा। सिंदूरी चोला चढाक़र नवीन पोशाक धारण कराई जाएगी। ऋतु पुष्पों से श्रृंगार कर महाआरती की जाएगी। हनुमान जी महाराज के दर्शनों के लिए मंदिरों सुबह से ही तांता लग जाएगा।

चांदी की टकसाल स्थित ठिकाना मंदिर श्री काले हनुमानजी में केसरी के नंदन का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। सोमवार को यहां तैयारियां जोर शोर से जारी रही। कल मंदिर महंत गोपालदास महाराज के सान्निध्य में हनुमानजी का सहस्त्रधाराभिषेक के साथ जन्माभिषेक किया जाएगा। मंदिर के युवाचार्य पं. योगेश शर्मा ने बताया कि सामूहिक संगीतमय सुंदरकांड के पाठ होंगे। पूरे मंदिर परिसर को फूलों से सजाया जाएगा।खोले के हनुमानजी मंदिर में सुबह हनुमानजी महाराज का 108 औषधि द्रव्यों और विभिन्न तीर्थों के जल से मंत्रोच्चारण के साथ महाअभिषेक होगा।

# भरतपुर में गत वर्ष हुए "गौ पूजन" कार्यक्रम ने बनाया विश्व रिकॉर्ड

## लंदन के मल्टीनेशनल बुक ऑफ रिकॉड्‌र्स ने प्रमाण पत्र जारी किया

**जयपुर।** गौपालन निदेशालय द्वारा भरतपुर के जडखोर में पिछले वर्ष अक्टूबर में आयोजित विशाल "गौ माता पूजन" कार्यक्रम को लंदन के मल्टीनेशनल बुक ऑफ रिकाड्‌र्स द्वारा विश्व रिकार्ड का प्रमाण पत्र जारी कर आधिकारिक मान्यता प्रदान की गई है। प्रमाण पत्र में विशेष रूप से भारत की गहरी जड़ों से जुड़ी मान्यताओं और परंपराओं के प्रति निदेशालय के समर्पण की सराहना की गई है। आज प्रमुख शासन सचिव विकास सीताराम भाले को यह वर्ल्ड रिकार्ड गोपालन निदेशक पंकज ओझा द्वारा सौंपा गया। इस अवसर पर विभाग के वरिष्ठ लेखाधिकारी डॉ शालिनी शर्मा, संयुक्त निदेशक देवेंद्र जुनेजा, अशोक सुवालका, डॉ सुरेश गर्ग, डॉ प्रवीण कौशिक सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

प्रमुख शासन सचिव विकास सीताराम भाले ने निदेशालय को बधाई देते हुए कहा कि यह कीर्तिमान राजस्थान की गौ सेवा की समृद्ध परंपरा और हमारी आध्यात्मिक निष्ठा का वैश्विक प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि यह रिकार्ड गौ संरक्षण, हमारी सांस्कृतिक विरासत और सामुहिक भागीदारी का उत्कृष्ट उदाहरण है। प्रमुख शासन सचिव ने बताया कि राज्य सरकार मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व और विभाग के मंत्रियों के मार्गदर्शन में गायों के कल्याण के प्रति पूर्ण समर्पित होकर काम कर रही है। यह सम्मान सरकार द्वारा गौशालाओं के सुदृढीकरण और गौवंश के कल्याण के लिए किए जा रहे कार्यों को नई उर्जा और गति प्रदान करेगा। उल्लेखनीय है कि 29 अक्टूबर 2025 को भरतपुर के जडखोर में एक साथ दस हजार से अधिक गायों का पूजन किया गया था जिसे मल्टीनेशनल बुक ऑफ रिकाड्‌र्स द्वारा गहन समीक्षा और सत्यापन के बाद न्यू वर्ल्ड रिकार्ड के रूप में स्वीकार किया गया है।

# राजकीय विद्यालयों में नए सत्र की शुरुआत 1 अप्रैल से होगी

## विद्यालयों में प्रवेशोत्सव जारी, घर-घर संपर्क अभियान के जरिए शिक्षा से जोड़ने का संकल्प

**जयपुर।** राजस्थान में शैक्षिणक सत्र 2026-27 की शुरुआत इस बार एक नई ऊर्जा और व्यापक जनभागीदारी के साथ होने जा रही है। नवीन सत्र इस वर्ष 1 अप्रैल से प्रारंभ होगा जिसके लिए राज्य के सभी राजकीय विद्यालयों में प्रवेशोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। सत्रारंभ के साथ शिक्षारंभ के संदेश को मूर्त रूप देने के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं तथा राज्य स्तर से लेकर विद्यालय स्तर तक व्यवस्थाओं के सुचारु संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके हैं। इस वर्ष प्रवेशोत्सव को केवल एक औपचारिक आयोजन न मानते हुए इसे नामांकन बढ़ाने, ड्रॉपआउट दर कम करने और प्रत्येक बच्चे को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के सशक्त अभियान के रूप में संचालित किया जा रहा है।

प्रवेशोत्सव को सफल बनाने के लिए इस बार घर-घर जाकर अभियान चलाया जा रहा है। शिक्षा विभाग के

- नामांकन बढ़ाने और ड्रॉपआउट घटाने पर है शिक्षा विभाग का विशेष फोकस

सघन अभियान को विशेष रूप से केंद्र में रखा गया है, जो इस पूरे अभियान की सबसे अहम कड़ी बनकर उभरा है। राज्यभर में चरणबद्ध रूप से 27 मार्च, 6 अप्रैल, 10 अप्रैल और 15 अप्रैल को विशेष अभियान चलाकर प्रत्येक घर तक पहुंच सुनिश्चित की जा रही है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, शिक्षकों, विद्यालय स्टाफ एवं स्थानीय कार्मिकों की टीमों द्वारा घर-घर जाकर सर्वे किया जा रहा है, जिसमें 3 से 18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का चिन्हीकरण कर उनके नामांकन को सुनिश्चित किया जा रहा है। यह व्यापक जनसंपर्क प्रयास यह सुनिश्चित कर रहा है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे और प्रत्येक परिवार तक शिक्षा का संदेश पहुंचे।

इस वर्ष की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि 1 अप्रैल से ही विद्यालयों में शिक्षण कार्य पूर्ण रूप से प्रारंभ कर दिया जाएगा। विभाग द्वारा यह सुनिश्चित किया गया है कि अधिकांश पाठ्यपुस्तकें 25 मार्च तक जिलों में पहुंच चुकी हैं, जबकि शेष पुस्तकों की आपूर्ति 1 अप्रैल तक पूर्ण कर दी जाएगी। राजकीय विद्यालयों में पिछले वर्षों में हुए सुधारों ने शिक्षा की गुणवत्ता को नई दिशा दी है। प्रशिक्षित शिक्षक, सुव्यवस्थित भवन, स्मार्ट कक्षाएं, आईसीटी लैब, गतिविधि आधारित शिक्षण पद्धित, खेल सुविधाएं, व्यावसायिक शिक्षा, डिजिटल लाइब्रेरी और रीडिंग कॉर्नर जैसी व्यवस्थाएं अब इन विद्यालयों की पहचान बन चुकी हैं। इसके साथ ही छात्रवृत्ति एवं प्रोत्साहन योजनाएं विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर रही हैं, जिससे राजकीय विद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के मजबूत और विश्वसनीय केंद्र के रूप में उभर रहे हैं।

# 108 से अधिक स्थानों पर होगा गायत्री यज्ञ

**जयपुर।** भारतीय धर्म-संस्कृति में पूर्णिमा का विशेष धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व माना जाता है। गायत्री परिवार की ओर से 2 अप्रैल, गुरुवार को प्रात: 7:30 बजे पूरे प्रदेश में एक साथ एक ही समय पूर्णिमा गायत्री यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश की सभी शक्तिपीठों, प्रज्ञा केन्द्रों पर बड़े स्तर पर यज्ञ होगा। एक अनुमान के मुताबिक 108 से अधिक स्थानों पर यज्ञ होगा।

# कालिका यूनिट ने 10 मनचलों को दबोचा

**जयपुर।** राजधानी में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की कालिका पेट्रोलिंग यूनिट ने विशेष अभियान छेड़ रखा है। पुलिस आयुक्त सचिन मित्तल के निर्देशन में यूनिट ने शहर के विभिन्न इलाकों में कार्रवाई करते हुए छेड़छाड़ और अश्लील हरकतें करने वाले 10 मनचलों को गिरफ्तार किया है।अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त और यूनिट की सुपरविजन अधिकारी रानू शर्मा के नेतृत्व में कालिका यूनिट ने न केवल अपराधियों पर शिकंजा कसा, बल्कि जागरूकता अभियान भी चलाया। यूनिट की मास्टर ट्रेनर्स ने विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों, गर्ल्स हॉस्टलों और मॉल्स में जाकर 2,025 छात्र-छात्राओं को आत्मरक्षा (सेल्फ डिफेंस) का प्रशिक्षण दिया। साथ ही, 2,792 महिलाओं और बालिकाओं को उनके कानूनी अधिकारों और सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक किया गया।पुलिस ने सार्वजनिक परिवहन के संसाधनों जैसे लो-फ्लोर बसों, सिटी बसों और मिनी बसों में यात्रा करने वाली महिलाओं की सुरक्षा के लिए राजकॉप सिटीजन एप के क्यूआर कोड स्टीकर चस्पा किए हैं।



राजधानी जयपुर में सोमवार को मौसम का मिजाज बदला। अलसुबह से लेकर देर रात तक आसमान में घनघोर घटाएं छायी रही, इस बीच कुछ जगहों पर हल्की बारिश भी हुई।

# 'आगामी 3 माह में 5 लाख घरों तक डीपीएनजी सुविधा उपलब्ध होगी'

## सीजीडी संस्थाओं को टाइमलाइन व रोडमैप बनाकर करना होगा कार्य : एसीएस अरोरा

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** अतिरिक्त मुख्य सचिव माइंस एवं पेट्रोलियम अपर्णा अरोरा ने राज्य की सभी 13 सिटी गैस ड्रिस्ट्रिब्यूशन संस्थाओं को वर्तमान एक लाख 25 हजार घरेलू पाइपलाइन गैस कनेक्शनों को आगामी तीन माहों में 5 लाख घरों तक पाइप्ड नेचुरल गैस कनेक्शन पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने रोडमैप बनाकर औद्योगिक और व्यावसायिंक प्रतिष्ठानों को भी डीपीएनजी सेवाओं से जोड़ने को कहा हैं। सीजीडी संस्थाओं को डीपीएनजी कनेक्शन जारी करने के काम में तेजी लाने के निर्देश देते हुए प्रतिदिन कनेक्शन जारी करने की वर्तमान कार्यक्षमता में तीन से चार गुणा बढ़ोतरी पर जोर दिया है। गौरतलब है कि इस समय सीजीडी संस्थाओं द्वारा प्रतिदिन औसतन 50 कनेक्शन जारी किए जा रहे हैं जिसे बढ़ाकर 200 कनेक्शन करने के निर्देश दिए हैं।

अतिरिक्त मुख्य सचिव अपर्णा अरोरा सोमवार को सचिवालय के मंथन कक्ष से हाईब्रिड मोड पर राज्य की सीजीडी संस्थाओं के प्रतिनिधियों और अधिकारियों से संवाद कायम कर रही थी। उन्होंने बताया कि राज्य में 13 सीजीडी संस्थाओं द्वारा 17 जियोग्राफिकल क्षेत्रों पर सीजीडी आधारभूत संरचना विकसित कर सीएनजी-पीएनजी सेवाएं उपलब्ध



अतिरिक्त मुख्य सचिव माइंस एवं पेट्रोलियम अपर्णा अरोरा ने सोमवार को सचिवालय में राज्य की सीजीडी संस्थाओं के प्रतिनिधियों और अधिकारियों से संवाद किया।

कराने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में डीपीएनजी और औद्योगिक व व्यावसायिक प्राकृतिक गैस सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आधारभूत संरचना विकसित हो गई है वहां पर सीजीडी संस्थाएं, जिला प्रशासन और स्थानीय नागरिक समन्वित प्रयास कर सीएनजी कनेक्शन जारी कराएं ताकि हरित उर्जा को बढावा दिया जा सके। उन्होंने सीजीडी संस्थाओं का आधारभूत संरचना विस्तार और नए कनेक्शन जारी करने के कार्य को साथ साथ आगे बढ़ाने पर जोर दिया।

अरोरा ने संबंधित जिला कलक्टरों को निर्देश दिए कि वे सीजीडी संस्थाओं और अधिकारियों के साथ समन्वय बनाते हुए निर्धारित लक्ष्यों को पूरा कराने, नागरिकों में अवेयरनेस प्रोग्राम चलाकर प्रेरित करने और औद्योगिक व व्यावसायिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों से बैठक कर उन्हें पीएनजी कनेक्शन लेने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि यह सीजीडी संस्थाओं और आमनागरिकों सभी के लिए बेहतर अवसर है और इस अवसर का लाभ उठाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह केन्द्र व राज्य सरकार की प्राथमिकता भी है।

एसीएस माइंस एवं पेट्रोलियम अपर्णा अरोरा ने जयपुर में विश्वकर्मा, झोटवाड़ा, महेन्द्रा सेज सहित औद्योगिक क्षेत्रों, भीलवाड़ा में टैक्सटाइल कलस्टर, बालोतरा में औद्योगिक क्षेत्रों सहित प्रदेश के रीको आदि के औद्योगिक क्षेत्रों में भी औद्योगिक प्रतिष्ठानों को प्राकृतिक गैस

- जिला कलक्टर व सीजीडी संस्थाएं परस्पर समन्वय से चलाएं अभियान
- डीपीएनजी कनेक्शन देने में चार गुणा तक तेजी लाने के निर्देश

सुविधा से जोड़ने पर जोर दिया। इसके साथ ही होटल्स व ढ्राबा संचालकों से संपर्क कर उन्हें प्राकृतिक गैस सुविधा से प्राथमिकता से जोड़ने के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया।अरोरा ने कहा कि सीजीडी संस्थाओं को टाइमलाइन व रोडमैप बनाकर आगे आना होगा ताकि निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। राजस्थान स्टेट गैस के प्रबंध निदेशक रणवीर सिंह ने सीजीडी संस्थाओं की प्रगति व भावी लक्ष्यों की जानकारी दी। बैठक में संयुक्त सचिव माइंस अरविन्द सारस्वत, निदेशक पेट्रोलियम अवधेश सिंह, सीजीडी संस्थाओं के प्रतिनिधि, ओएसडी एसीएस श्रीकृष्ण शर्मा अधीक्षण भूवैज्ञानिक सुनील वर्मा व पेट्रोलियम विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

# जोधपुर की दो प्रमुख अदालतों को बम से उड़ाने की धमकी का ई-मेल मिला

## जोधपुर मेट्रो और जोधपुर जिला कोर्ट (डीजे कोर्ट) को बम से उड़ाने की धमकी मिली

- मौके पर भारी पुलिस बल और सुरक्षा एजेंसियां पहुंची और जांच की
- संयुक्त टीमों ने चप्पे-चप्पे की तलाशी ली, लेकिन कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली

**जोधपुर,** (कासं)। राजस्थान की न्यायालयों को निशाना बनाकर बम की झूठी धमकियां देने का सिलसिला रुक नहीं रहा है। सोमवार को एक बार फिर जोधपुर की दोनों प्रमुख निचली अदालतों- जोधपुर मेट्रो और जोधपुर जिला कोर्ट (डीजे कोर्ट) को बम से उड़ाने की धमकी के ई-मेल मिले। यह धमकी दोनों कोर्ट के ऑफिशियल ई-मेल आईडी पर भेजी गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोर्ट परिसर को तुरंत एहतियातन खाली करवा लिया। उदयमंदिर थाना पुलिस सहित भारी पुलिस बल और सुरक्षा एजेंसियां मौके पर पहुंची। पूरे कोर्ट परिसर में सघन तलाशी अभियान चलाया। बम की धमकी के बाद कोर्ट परिसर को खाली करवाकर पुलिस व सुरक्षा एजेंसियों की संयुक्त टीमों ने चप्पे-चप्पे की तलाशी ली, लेकिन फिलहाल यहां कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है।

जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह जब कोर्ट की नियमित कार्रवाई शुरू हुई और अदालतों में मुकदमों की सुनवाई चल रही थी, उसी दौरान कोर्ट प्रशासन ने अपना ऑफिशियल ई-मेल चेक किया। इस ई-मेल में जोधपुर मेट्रो और जोधपुर ग्रामीण, दोनों डिस्ट्रिक्ट कोर्ट परिसरों में बम रखे होने और धमाके करने की बात लिखी गई थी। इस पर कोर्ट अधिकारियों ने सुबह करीब 11 बजे तत्काल इसकी सूचना पुलिस कंट्रोल रूम और उदयमंदिर पुलिस व अन्य आला अधिकारियों को दी। कुछ ही देर में उदयमंदिर थानाधिकारी सीताराम खोजा सहित अन्य की टीम मौके पर पहुंची। साथ ही अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी स्थिति का जायजा लेने के लिए कोर्ट परिसर पहुंच गए।

सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए पुलिस ने सबसे पहले कोर्ट रूम्स और पूरे परिसर को सुरक्षित रूप से खाली करवाया। वकीलों, न्यायिक कर्मचारियों, जजों और अपने मुकदमों की तारीख पर आए आम पक्षकारों को तुरंत प्रभाव से बाहर निकाल दिया गया। बम निरोधक दस्ता (बीडीएस) और प्रशिक्षित डॉग स्क्वायड की टीमों को भी बुलाया गया। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां कोर्ट के चप्पे-चप्पे की सघन जांच की। हर एक कमरे, वकीलों के चैंबर्स, वाहनों की पार्किंग, कचरा पात्रों और लावारिस पड़ी संदिग्ध वस्तुओं को बारीकी से चेक किया।

# सरवाड़ में कुएं से साला-बहनोई के क्षत-विक्षत शव बरामद

- दोनों 26 मार्च से लापता चल रहे थे, कुएं के भीतर एक बाइक भी बरामद हुई
- शवों की हालत और मौके के साक्ष्यों को देखते हुए प्रथम दृष्टया हत्या कर शव कुएं में फेंकने की आशंका जताई

**सरवाड़,** (निसं)। सरवाड़ निकटवर्ती गांव जैतपुरा में सोमवार सुबह दो युवकों का शव बरामद होने से सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार एक कुएं से दो युवकों के क्षत-विक्षत शव बरामद किए गए वहीं मृतक रिश्ते में साले-बहनोई थे। दोनों 26 मार्च से लापता चल रहे थे। शवों की हालत और मौके के साक्ष्यों को देखते हुए प्रथम दृष्टया हत्या कर शव कुएं में फेंकने की आशंका जताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार ग्रामीणों को सोमवार सुबह 11 बजे कुएं के पास से तेज दुर्गंध आने पर संदेह हुआ जब पास जाकर देखा गया तो अंदर दो शव तैरते नजर आए। सूचना पर भिनाय थाना पुलिस मौके पर पहुंची व ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद शवों को बाहर निकाला गया। मृतकों की पहचान सुरेन्द्र बागरिया (26) पुत्र पप्पू निवासी सूपा व विष्णु बागरिया (16) पुत्र रामेश्वर निवासी जैतपुरा के रूप में हुई है। पुलिस को कुएं के भीतर ही उनकी बाइक भी बरामद हुई है। शवों को बाहर निकालने पर स्थिति काफी भयावह नजर आई। शव कई दिनों से पानी में होने के कारण फूल चुके थे। दोनों की आंखें बाहर निकली हुई थी व चेहरे और सिर पर खून के गहरे निशान मिले। ग्रामीणों व चश्मदीदों के अनुसार शरीर पर मिले चोट के निशान किसी संघर्ष या हमले की और इशारा कर रहे हैं।

भिनाय थाने के एएसआई रामाकिशन ने बताया कि सुरेन्द्र और उसका साला विष्णु 26 मार्च की शाम करीब नौ बजे बाइक लेकर घर से निकले थे। उन्होंने परिजनों को बताया था कि वे अष्टमी की पूजा का सामान लेने बाजार जा रहे हैं लेकिन उसके बाद वे वापस नहीं लौटे तो परिजनों ने 27 मार्च को थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए अजमेर से एफएसएल टीम को मौके पर बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल और कुएं के आसपास से महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए हैं। फिलहाल दोनों शवों को भिनाय राजकीय अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। थानाधिकारी ओमप्रकाश मीणा ने बताया कि परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरु की जाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा।

# 15 हजार की रिश्वत लेते भू अभिलेख निरीक्षक गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की स्पेशल यूनिट उदयपुर ने वल्लभनगर तहसील कार्यालय के भू अभिलेख निरीक्षक देवेन्द्रसिंह राणावत को पीड़ित से पन्द्रह हजार रूपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस गोविन्द्र गुप्ता ने बताया कि एसीबी चौकी भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो स्पेशल यूनिट उदयपुर को 13 फरवरी को एक शिकायत मिली की परिवादी की राजस्व ग्राम राणाकुई, पटवार हल्का गोटिपा तहसील वल्लभनगर जिला उदयपुर में करीब पांच बीघा कृषि भूमि स्थित है। सेगिगेशन कार्यवाही के दौरान त्रुटिवश उक्त भूमि की किस्त बारानी तृतीय के बजाय भवन दर्ज रिकार्ड हो गई थी। जिसकी शुद्धि हेतु परिवादी ने प्रार्थना पत्र तहसीलदार वल्लभनगर के समक्ष पेश किया था। जिस पर तहसीलदार ने जांच हेतु संबंधित पटवारी पटवार मण्डल गोटिपा को भेजा और परिवादी के उक्त भूमि शुद्धिकरण करने के एवज में तहसील कार्यालय वल्लभनगर के भू-अभिलेख निरीक्षक देवेन्द्रसिंह राणावत द्वारा परिवादी का उक्त कार्य करवाने के एवज में 15 हजार रूपये रिश्वत की मांग की गई।

जिस पर एसीबी के डॉ. रामेश्वरसिंह, उप महानिरीक्षक पुलिस के सुपरविजन में एसीबी स्पेशल यूनिट उदयपुर के प्रभारी अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजीव जोशी, के नेतृत्व में पुलिस निरीक्षक लक्ष्मण डांगी मय टीम ने 13 फरवरी 2026 एवं 23 फरवरी2026 को रिश्वत राशि मांग सत्यापन वार्ता की कार्यवाही करवाई गई। इस दौरान आरोपी देवेन्द्रसिंह राणावत द्वारा परिवादी से उसकी उक्त भूमि की किस्म भवन के बजाय किस्म बारानी तृतीय का शुद्धिकरण दर्ज करवाने की एवज में रिश्वत राशि 15 हजार रूपये की मांग की गई। सत्यापन में मांग पुष्टि होने से रविवार को 29 मार्च को ट्रैप कार्यवाही करते हुए आरोपी देवेन्द्रसिंह राणावत को परिवादी से अपनी मांग अनुसार 15 हजार रूपये रिश्वत गृहण करने पर रंगे हाथों गिरफ्तार किया। इस दौरान आरोपी द्वारा उक्त शुद्धिकरण आदेश तहसीलदार वल्लभनगर से करवाने की बात कहते हुए रिश्वत राशि की मांग की गई है। इस मामले में तहसीलदार वल्लभनगर उदयपुर की भूमिका संदिग्ध है। इस मामले में एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रहीवास्तव के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है।

# डोडा-पोस्त के साथ पंजाब का तस्कर गिरफ्तार

## अवैध डोडा-पोस्त को राजस्थान से पंजाब बेचने जा रहा था तस्कर, कार भी जब्त

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। जिले की सादुलशहर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 30 किलो 50 ग्राम अवैध डोडा-पोस्त जब्त किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई हनुमानगढ़ एएनटीएफ की सूचना पर की है।

सादुलशहर थाना प्रभारी मलकियत सिंह मान ने बताया कि नाकाबंदी के दौरान पंजाब के फाजिल्का जिले के रहने वाले आरोपी को 30 किलो 50 ग्राम अवैध डोडा-पोस्त के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है। परिवहन में यूज वरना कार भी जब्त कर ली गई। पुलिस ने पीटीपी नहर पुलिया सादुलशहर पर नाकाबंदी की थी। यहां चौकी मालारामपुरा (हनुमानगढ़) के एएनटीएफ जवान घनश्याम की सूचना पर संदिग्ध वरना कार को रोका गया। तलाशी में कार से 30 किलो 50 ग्राम डोडा-पोस्त बरामद हुआ। इसके बाद कार को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पकड़े गए आरोपी की पहचान सुखविंद्र सिंह (43) फाजिल्का, पंजाब के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर लिया गया है। फिलहाल पुलिस पकड़े गए आरोपी से पूछताछ कर रही है, जिससे नशा तस्करी से जुड़े और भी कई खुलासे होने की संभावना है।

# जोधपुर शहर में हल्की बारिश हुई

**जोधपुर,** (कासं)। प्रदेश में सक्रिय हुए वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के प्रभाव से शहर का मौसम सोमवार सुबह अचानक बदल गया। बारिश के चलते वातावरण सुहावना हो गया, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। शहर के विभिन्न इलाकों में रुक-रुककर हल्की बारिश का दौर जारी रहा।

आसमान में बादल छाए रहने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे मौसम में ठंडक महसूस की गई। अचानक बदले मौसम के कारण लोग बारिश से बचने के प्रयास करते नजर आए। कई जगहों पर लोग छाता और रेनकोट का सहारा लेते दिखे, वहीं सड़कों पर भी सामान्य दिनों की तुलना में कम आवाजाही रही। जोधपुर शहर में बादलों की आवाजाही के चलते धूप नहीं खिली। वहीं हल्की ठंडी हवाएं भी चलने लगी। मौसम विभाग के अनुसार, वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के असर से प्रदेश के कई हिस्सों में हल्की बारिश की संभावना बनी हुई है।

# सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**उदयपुर,** (कासं)। जिले में आसपुर थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। मिनी ट्रक की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हुए बाइक सवार ने डूंगरपुर जिला अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार गोल निवासी शंकरलाल जोशी अपनी बाइक से आसपुर से घर लौट रहे थे। कल्याणी गैस एजेंसी के पास सामने से आ रहे एक मिनी ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि शंकरलाल जोशी सड़क पर गिर पड़े और उन्हें गंभीर चोटें आईं। घटना स्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। घायल शंकरलाल को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आसपुर ले जाया गया। आसपुर में प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें डूंगरपुर जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान रविवार देर रात शंकरलाल जोशी ने दम तोड़ दिया। मृतक के शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। मृतक के पुत्र ने आसपुर थाने में मिनी ट्रक ड्राइवर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

**मादक पदार्थ सहित एक गिरफ्तार :** पुलिस अधीक्षक अजमेर द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत सरवाड़ थानाधिकारी रामपाल शर्मा के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा हिगतडा रोड़ प्रतापपुर तिराहे पर अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त 7.550 किलो व एक बिना नंबर मोटरसाइकिल को जब्त किया गया। पुलिस ने जोधाराम जाट को गिरफ्तार कर लिया।

# ट्रक ने बाइक को टक्कर मारी, दो की मौत

- हादसे के बाद लोगों ने सड़क पर जाम लगाया

**बीकानेर,** (निसं)। जिले के नापासर थाना क्षेत्र के मुंडसर गांव में सोमवार को हुए एक सड़क हादसे में दो बाइक सवारों की मौत हो गई। हादसे में बाइक भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद गुस्साए लोगों ने रास्ता बंद कर दिया और विरोध प्रदर्शन किया। बाइक सवार रामसर निवासी गोपाल और रामजस दोनों को ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों की मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोग उन्हें हॉस्पिटल लेकर पहुंचो, जहां दोनों को मृत घोषित कर दिया।

एएसआई कविंद्र कुमार ने बताया कि दोनों के शवों को नपासर के सरकारी हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवा दिया गया है। इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद पूर्व सरपंच गोविंद राम मुंड और धर्मपाल मुंड के नेतृत्व में ग्रामीणों ने प्रशासन के खिलाफ विरोध जताया। उनका कहना था यहां पहले भी हादसे हो चुके हैं, बावजूद इसके सुरक्षा के कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए।

# डकैती की साजिश नाकाम, हथियार सहित पांच गिरफ्तार

- एक विदेशी पिस्टल, देसी कट्टा, तीन जिंदा कारतूस, लोहे का कापा और अन्य सामान बरामद
- पुलिस ने गोगामेड़ी क्षेत्र में एक खेत में कार्रवाई की, दो बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गये

**हनुमानगढ़,** (निसं)। गोगामेड़ी थाना पुलिस ने डकैती की एक बड़ी साजिश को नाकाम करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से एक विदेशी पिस्टल, देसी कट्टा, तीन जिंदा कारतूस, लोहे का कापा और अन्य सामान बरामद किया है। यह कार्रवाई गोगामेड़ी क्षेत्र में एक खेत में की गई, जहां बदमाश डकैती की योजना बना रहे थे। मौके से पांच आरोपियों को पकड़ा गया, जबकि दो अंधेरे का फायदा उठाकर फरार होने में सफल रहे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राहुल (20), जसविंद्र (19), रामनिवास (19), अजय (21) निवासी गोगामेड़ी और अशोक (19) निवासी खचवाना के रूप में हुई है। फरार आरोपियों में सुनील उर्फ डेला निवासी जांडवाला (हरियाणा) और रामनिवास निवासी कागदाना (हरियाणा) शामिल हैं, जिनकी तलाश जारी है।

जिला पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह मीना ने बताया कि जिले में संगठित अपराधों की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत गोगामेड़ी थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ बदमाश गांव के पास एक खेत में डकैती की योजना बना रहे हैं। सूचना पर थाना प्रभारी चंद्रकला के नेतृत्व में एक पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने देखा कि कुछ लोग एकत्र होकर डकैती की योजना पर चर्चा कर रहे थे और हथियारों से लैस थे। पुलिस ने घेराबंदी कर कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ डकैती की साजिश और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चूंकि फरार आरोपी हरियाणा के हैं, ऐसे में पुलिस गिरोह के अंतर्राज्यीय संबंधों की भी जांच कर रही है। गिरफ्तार आरोपियों से अन्य वारदातों के बारे में भी पूछताछ की जा रही है।

# मानसिक विक्षिप्त युवती ने कुएं में छलांग लगाई, मौत

## युवती करीब आठ साल से मानसिक रूप से कमजोर थी

- दादी के साथ घर से करीब एक किमी दूर अपने खेत पर गई थी, तभी युवती कुएं के पास चली गई और कुएं में छलांग लगा दी

**उदयपुर,** (कासं)। उदयपुर जिले के कानोड थाना क्षेत्र में सोमवार को एक 19 वर्षीय युवती की बिना मुंडेर के कुएं में गिरने से मौत हो गई। युवती मानसिक रूप से कमजोर थी।

जानकारी के अनुसार युवती का नाम वर्षा मंदावत है। वह करीब 8 साल से मानसिक रूप से कमजोर थी। सोमवार सुबह करीब 6.30 बजे वह अपनी दादी के साथ घर से करीब एक किमी दूर अपने खेत पर गई थी। दादी भैंस का दूध निकाल रही थी, तभी युवती कुएं के पास चली गई और चप्पल खोलकर उसमें छलांग लगा दी। बाद में दादी ने उसे इधर-उधर देखा तो नहीं मिली। फिर कुएं के पास जाकर देखा तो उसकी चप्पल पड़ी मिली। ऐसे में उसके कुएं में गिरने का अंदेशा होने पर परिवार को सूचना दी। आसपास ग्रामीणों को भी इसका पता लगा, जिसके बाद ग्रामीणों ने अपने स्तर पर रस्सी की मदद से उसे निकालने का प्रयास किया। मोटर लगाकर कुएं का पानी बाहर निकाला गया लेकिन सफलता नहीं मिली। तब तक सूचना पर उदयपुर से नागरिक सुरक्षा विभाग की टीम कानोड पहुंच गई। कुछ ही देर में सुबह दस बजे युवती के शव को बाहर निकाला गया। शव को कानोड सरकारी हॉस्पिटल शिफ्ट कराया है। यहां पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द किया गया।

# नाबालिग का शव मिला

**कोटा,** (निसं)। कोटा जिले के आरकेपुरम् थाना इलाके में सोमवार को एक नाबालिग का शव पेड़ पर फंदे पर लटका मिला। पेड़ पर फंदा लगाकर नाबालिग के सुसाइड करने की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और पेड़ पर लटके नाबालिग को नीचे उतारकर अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार नाबालिग बिना बताये घर से निकल गया था जो घर से थोडी दूरी पर पेड़ पर फंदे पर लटका मिला। नाबालिग के फंदे पर लटके होने की सूचना पर पुलिस व परिजन पहुंचे। आरकेपुरम् थानाधिकारी सिद्वार्थ श्रीवास्तव ने बताया कि नाबालिग के पेड़ पर लटके होने की सूचना मिली, सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची जहां नाबालिग ने गमछे से फंदा लगाकर पेड़ पर लटककर सुसाइड कर लिया। मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है, फिलहाल सुसाइड के पीछे कोई कारण सामने नही आया है, मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# अवैध हथियार के साथ बदमाश गिरफ्तार

**नोखा,** (निसं)। थाना पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक पिस्तौल और दो कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस उससे हथियार की खरीद-फरोख्त के संबंध में पूछताछ कर रही है।

थानाधिकारी अरविंद भारद्वाज ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि हिंयादेसर गांव के पास एक व्यक्ति अवैध हथियार के साथ संदिग्ध गतिविधियों में घूम रहा है। इस सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर गांव की रोही में दबिश दी। घेराबंदी कर पुलिस ने सुथारों का मोहल्ला निवासी भींयाराम गोदारा को पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके पास से एक अवैध पिस्तौल और दो कारतूस बरामद हुए। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर हथियार और कारतूस जब्त कर लिए गए। पुलिस आरोपी से पिस्तौल की खरीद का स्रोत और इसमें किसी अन्य व्यक्ति या गिरोह की संलिप्तता के बारे में पूछताछ कर रही है। साथ ही, यह भी जांच की जा रही है कि आरोपी इस हथियार का उपयोग किसी वारदात को अंजाम देने की तैयारी में तो नहीं था।

# बाइक चोर गिरफ्तार

**हनुमानगढ़,** (निसं)। रावतसर थाना पुलिस ने एक शातिर बाइक चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी से वाहन चोरी की 12 वारदातों का खुलासा हुआ है। आरोपी की पहचान चक 4 आरडब्ल्यूएम निवासी हनुमान के रूप में हुई है। आरोपी रावतसर और पल्लू थाना क्षेत्रों में सक्रिय था। वह भीड़भाड़ वाले स्थानों से मोटरसाइकिलें चोरी करता था। उसके निशाने पर मुख्य रूप से सब्जी मंडी, सरकारी अस्पताल, स्कूल, बैंक और मंदिरों के बाहर खड़ी बाइकें होती थी।

# सीनियर सेकेण्डरी का परीक्षा परिणाम आज

**अजमेर,** (निसं)। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा सीनियर सैकण्डरी (कला, वाणिज्य एवं विज्ञान) तथा वरिष्ठ उपाध्याय परीक्षा का परिणाम मंगलवार 31 मार्च को प्रात: 10 बजे जारी किया जाएगा। शिक्षा मंत्री मदन दिलवार ऑनलाइन जुड़कर परीक्षा परिणाम जारी करेंगे। इस अवसर पर बोर्ड प्रशासक व संभागीय आयुक्त शक्ति सिंह राठौड़ एवं बोर्ड सचिव गजेन्द्र सिंह राठौड़ बोर्ड कार्यालय से जुडेंगे। उल्लेखनीय है कि सीनियर सैकण्डरी की परीक्षाएं 12 फरवरी से 11 मार्च तक आयोजित की गई थी। विद्यार्थी अपना परीक्षा परिणाम बोर्ड की अधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन देख सकेंगे।

# फसल में आग लगी

**भरतपुर,** (निसं)। रूपवास क्षेत्र के भरतपुर मार्ग स्थित गहनौली गांव के निकट खेत में विद्युत तार टूटकर गिरने से गेहूं की फसल में आग लग गई। वहीं करंट लगने से दो महिलाएं भी झुलस गइ। पीड़ित तारा भगौरा ने बताया कि विद्युत पोल से डीपी तक तारें ढीली होकर लटकी हुई थी।

# मालाखेड़ा में टैंकर ड्राइवरों ने समस्याओं को लेकर विरोध-प्रदर्शन किया

- ड्राइवरों ने कहा कि जिन जगहों से वे पानी भरते हैं, वहां बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा वीडियो बनाकर वीसीआर (चालान) भरे जा रहे हैं
- चालान भरने से पानी भरने में परेशानी, इस स्थिति से मालाखेड़ा क्षेत्र में पानी का संकट गहराने की संभावना जताई

**अलवर,** (निसं)। अलवर जिले के मालाखेड़ा में पानी के टैंकर ड्राइवरों ने अपनी समस्याओं को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। एसडीएम कार्यालय के बाहर टैंकर खड़े कर ड्राइवरों ने कहा- जिन जगहों से वे पानी भरते हैं, वहां बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा वीडियो बनाकर वीसीआर (चालान) भरे जा रहे हैं। इस कारण उन्हें पानी भरने में परेशानी हो रही है। इस स्थिति से मालाखेड़ा क्षेत्र में पानी का संकट गहराने की संभावना जताई जा रही है।



मांगों को लेकर टैंकर ड्राइवरों ने प्रदर्शन किया।

टैंकर ड्राइवरों ने बताया कि पिछले छह महीनों से जाट मोहल्ला, लक्ष्मणगढ़ रोड सहित कई क्षेत्रों में नियमित जलापूर्ति नहीं हो रही है। इससे पूरे गांव में पानी की व्यवस्था टैंकरों से ही की जा रही है। उन्होंने बताया कि कुछ समय पहले अलवर दरवाजा क्षेत्र में एक घर में आग लगने की घटना हुई थी, जहां दमकल की गाड़ी रास्ता न होने के कारण नहीं पहुंच सकी थी। उस समय टैंकरों के जरिए ही आग पर काबू पाया गया था। टैंकर ड्राइवर महेंद्र ने बताया कि बिजली विभाग द्वारा लगातार वीसीआर भरने से वे टैंकर नहीं भर पा रहे हैं। इससे गर्मियों के सीजन में हालात और खराब हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि पानी नहीं मिलने से आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। इस दौरान सभी टैंकर ड्राइवर अपने-अपने टैंकरों के साथ एसडीएम कार्यालय पहुंचे और ज्ञापन सौंपकर मांग की कि बिजली विभाग की कार्रवाई को रोका जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांग नहीं मानी गई तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# अजमेर : आगरा गेट के स्ट्रीट वेंडर्स को अदालत से राहत

- सिविल न्यायाधीश ने बेदखली की कार्रवाई पर रोक लगाई

**अजमेर,** (कासं)। आनासागर चौपाटी के फुटपाथ विक्रेताओं के बाद अब आगरा गेट क्षेत्र के स्ट्रीट वेंडर्स को भी अदालत से बड़ी राहत मिली है। सिविल न्यायाधीश (कनिष्ठ खंड) पश्चिम, अजमेर की अदालत ने एक आदेश जारी करते हुए आगरा गेट क्षेत्र में फल-फ्रूट का ठेला लगाने वाले वेंडर के विरुद्ध किसी भी बेदखली की कार्रवाई पर अग्रिम आदेश तक रोक लगा दी है। यह आदेश लक्ष्मी मोहल्ला निवासी संदीप मेहरा द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया गया। याचिका में नगर निगम, अजमेर एवं राजस्थान सरकार (जिला कलैक्टर के माध्यम से) को पक्षकार बनाया गया था।

याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व लोक अभियोजक विवेक पाराशर, अधिवक्ता जितेश धनवानी, तेजस्विनी पाराशर, अंजलि मुखिया और दीपक खत्री ने प्रभावी पैरवी की। अधिवक्ताओं ने अदालत को बताया कि संदीप मेहरा लंबे समय से फल-फ्रूट का ठेला लगाकर आजीविका चला रहे हैं, लेकिन बिना वैकल्पिक व्यवस्था के प्रशासन द्वारा हटाने का प्रयास किया जा रहा था, जो उनके जीवन और रोजगार के अधिकार का उल्लंघन है। न्यायाधीश मनमोहन चंदेल ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए निर्देश दिए कि याचिकाकर्ता के ठेले को अग्रिम आदेश तक नहीं हटाया जाए तथा नगर निगम और जिला प्रशासन यथास्थिति बनाए रखें। पूर्व लोक अभियोजक विवेक पाराशर ने बताया कि यह आदेश स्ट्रीट वेंडर्स (आजीविका संरक्षण एवं विनियमन) अधिनियम के तहत वेंडर्स के अधिकारों की पुष्टि करता है। यह निर्णय अन्य स्ट्रीट वेंडर्स के लिए भी राहत और उम्मीद लेकर आया है, जो लंबे समय से कार्रवाई के डर में व्यापार कर रहे हैं।


**राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, जयपुर।**
**Rajasthan University of Health Sciences, Jaipur**
सेक्टर-18, कुम्भा मार्ग, प्रताप नगर, जयपुर-302033
दूरभाष: 0141-279515, 0141-2795508, 2795536,
Email: registrar@ruhsraj.org, ruhsstore@gmail.com

No. F.6 (049)/RUHS/Store/2025-26/42049 Dated: 25/03/2026

**(ई-निविदा सूचना)**

राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, जयपुर में रद्दी सामग्री (प्रयुक्त उत्तरपुस्तिकाएं, प्रयुक्त लिफाफे, लोहे के बक्सों, ओ.एम.आर. शीट, अखबार इत्यादि) बिक्री (नीलामी) के लिये दरें प्राप्ति हेतु दिनांक 01/04/2026 को दोपहर 02:00 बजे तक ई- करने हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। (कुल अनुमानित लागत 60.00 लाख) निविदा से संबधित समस्त सूचना हेतु ई-निविदा प्रपत्र वेबसाईट http://sppp.raj.nic.in or www.ruhsraj.org. or http://eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है। (UBN No. RUH2526WSOB00033)

कुलसचिव
राज.संवाद/सी/25/23531 राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, जयपुर



मुख्यमंत्री निःशुल्क जाँच योजना
**Rajasthan Medical Services Corporation Limited, Jaipur**
D-Block, Swasthya Bhawan, C-Scheme, Jaipur – 302005
Ph. No. 0141-2223887, Fax No. 0141-2228065 E-Mail –edepmrmsc-rj@nic.in

No.F-8() RMSC/EPM/M-4/NIB-933/2025-26/1903 Dated: 24-03-2026

**Corrigendum / Addendum**

Bid for item
1. Deep Freezer, Fowler Bed, Stead Bed, Foot Step, Syringe Infusion Pump, Glucostrip & Pulse Oxymeter (Handheld),
2. White Box (Sharp Container), & Transport Trolley (Wheel Barrow) Reserve for MSE, Rajasthan Only

are invited from interested bidders up to Date: 31.03.2026 : 06:00 P.M. Other particulars of the Corrigendum / Addendum may be visited on Procurement portal website "https://sppp.rajasthan.gov.in" or "www.dipronline.org" or "https://eproc.rajasthan.gov.in" or website "http://rmsc.health.rajasthan.gov.in".
UBN:- (MSC2526GLOB00056)
Raj.Samwad/C/25/23535 Executive Director (EPM)



**राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड**

**निविदा सूचना संख्या 43 एवं 44/2025-26**

केन्द्र/राज्य सरकार के विभागों एवं उनके उपक्रमों में 'अ' अथवा 'अअ' श्रेणी एवं रा.रा.वि.प्र.नि.लि. में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत निविदाकारों से निविदा सूचना संख्या 43 एवं 44/2025.26 में वर्णित कार्य हेतु संबंधित अधिशाषी अभियन्ता (सिविल) कार्यालय के लिये निर्धारित प्रपत्र में निविदाऐ आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in व www.rvpn.co.in एवं http://sppp.raj.nic.in पर उपलब्ध है।

UBN :- VPN2526WSOB03499 to VPN2526WSOB03501(3), VPN2526WSOB03508 to VPN2526WSOB03518(11), VPN2526WSOB03520 to VPN2526WSOB03524(5), VPN2526WSOB03526 (1), VPN2526WSOB03538 (1), VPN2526WSOB03540 to VPN2526WSOB03541 (2)

अधीक्षण अभियन्ता (सिविल) जयपुर
राज.संवाद/सी/25/23554 रा.रा.वि.प्र.नि./TR-7462/2026

# अजमेर-दिल्ली बाइपास पर तेज रफ्तार ट्रोले ने ईंटो से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मारी

## टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर 20 फीट नीचे सर्विस लेन में गिरी

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। अजमेर -दिल्ली बाइपास पर रविवार देर रात तेज रफ्तार ट्रैलर ने सामने चल रहीं ईंटो से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर 20 फीट नीचे सर्विस लेन में जा गिरी। इस हादसे में ट्रैक्टर चालक घायल हो गया। गनीमत रहीं की हादसे के वक्त यातायता का दबाव कम था और सर्विस लेन में कोई नहीं था। नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। तेज धमाके के साथ ट्रैक्टर -ट्रॉली नीचे गिरने से आस पास के लोगों दहशत फैल गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर चालक को तुरंत उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने क्रेन की मदद से ट्रैक्टर - ट्रॉली को सर्विस लेन से साइड में करवा यातायात सुचारु किया।

- **हादसे में ट्रैक्टर चालक घायल हो गया, गनीमत रही कि हादसे के वक्त सर्विस लेन में कोई मौजूद नहीं था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था**

पुलिस ने बताया कि ट्रैक्टर ड्राइवर राजेंद्र यादव सीकर रोड नंबर 14 से ईंटें भरकर अजमेर रोड की ओर जा रहा था। जैसे ही वह पुलिया पर पहुंचा, पीछे से तेज रफ्तार में आए एक अनियंत्रित ट्रेलर ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ड्राइवर नियंत्रण खो बैठा और वाहन पुलिया की दीवार तोड़ते हुए सीधे नीचे जा गिरा। जिससे चालक घायल हो गया। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर -ट्रॉली सर्विस लेन में गिरने के बाद उसमें रखी सारी ईंटे सर्विस लेन में फैल गई। जिसके चलते कुछ देर तक यातायात बाधित हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद ड्राइवर को मलबे से बाहर निकालकर इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया और क्रेन की मदद से क्षितिग्रस्त ट्रैक्टर-ट्रॉली को हटाकर रास्ता साफ कराया गया। हादसे के बाद ट्रेलर चालक मौके से फरार होने में कामयाब हो गया। पुलिस ने घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर ट्रेलर चालक की तलाश शुरु कर दी है।

# कोटपूतली-नीमराना हाईवे पर परिवहन विभाग ने कार्रवाई कर 62 वाहन पकड़े

## ओवरलोड और टैक्स चुराने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई



**जयपुर**। दिल्ली रोड पर ओवरलोड और टैक्स चोरी करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ परिवहन विभाग ने बड़ी स्ट्राइक की है। रविवार रात 9:30 बजे से सोमवार तड़के 5 बजे तक चले इस विशेष अभियान में विभाग ने 62 वाहनों को जब्त किया है। इस कार्रवाई से सरकार को 1 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व मिलने की उम्मीद है।

इस कार्रवाई के दौरान हड़कंप मच गया। कई चालक वाहनों के टायरों की हवा निकालकर या जीपीएस लॉक करके फरार हो गए। हालांकि विभाग की तकनीकी टीम और मोटर मैकेनिकों की मदद से इन बाधाओं को दूर कर वाहनों को सफलतापूर्वकजब्त किया गया। परिवहन आयुक्त के निर्देशों पर यह अभियान 31 मार्च तक लगातार जारी रहेगा। प्रादेशिक परिवहन अधिकारी (जयपुर द्वितीय) धर्मेंद्र कुमार के नेतृत्व में गठित टीमों ने कोटपूतली, बहरोड़ और नीमराणा क्षेत्रों में यह सघन जांच की। इससे पहले 28 मार्च को भी जोबनेर और कुचामन रोड क्षेत्र में 30 वाहन जब्त कर 20 लाख रुपये का राजस्व वसूला गया था।

# 11 पुलिस अधिकारी-कर्मचारी डीजीपी डिस्क और प्रमाण पत्र से सम्मानित हुए

**जयपुर** (कासं)। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने सोमवार को पुलिस आयुक्तालय में पुलिस सेवा में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय सेवायें देने वाले 3 अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, 1 सहायक पुलिस आयुक्त, 1 पुलिस उप अधीक्षक, 2 पुलिस निरीक्षक, 4 कांस्टेबल को डीजीपी डिस्क एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।



पुलिस कमिश्नर ने सम्मानित होने वाले सभी पुलिस अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि डीजीपी डिस्क विशेष कार्य करने वालों को ही दी जाती है। इतनी बड़ी फोर्स में जो लोग अच्छा कार्य कर रहे हैं उनको कार्य करने के लिए सम्मानित किया जाय तो यह उनके काम का भी सम्मान है। बाकी के लोग भी इनसे प्रेरणा लें। मुझे उम्मीद है कि भविष्य में भी लगन, समर्पण एवं मेहनत से जनता की सेवा का कार्य करते हुए पुलिस का नाम आगे बढ़ाते रहेंगे। डीजीपी डिस्क से सम्मानित होने वालों में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त रानू शर्मा, मिताली गर्ग एवं डॉ. हेमन्त कुमार, सहायक पुलिस आयुक्त नारायण कुमार बाजिया, पुलिस उप अधीक्षक इस्लाम खान, पुलिस निरीक्षक गुंजन वर्मा एवं भजन लाल, कांस्टेबल भूपेन्द्र सिंह, हरिमोहन, वेदवीर सिंह एवं ललित कुमार शामिल थे। इस अवसर पर विशेष पुलिस आयुक्त ऑपरेशन्स ओम प्रकाश, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अपराध अजय सिंह, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था डॉ राजीव पचार, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रशासन एवं यातायात योगेश दाधीच, पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) राजेश कॉवत, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) पार्थ शर्मा सहित अधिकारी एवं पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

# 2 इनामी बदमाशों सहित 172 अपराधी गिरफ्तार

**जयपुर**। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर चलाए जा रहे ऑपरेशन वज्र प्रहार के तहत जयपुर पश्चिम जिला पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। सोमवार को जिले भर में चलाए गए विशेष धरपकड़ अभियान के दौरान पुलिस ने 2 इनामी बदमाशों और 118 स्थाई वारंटियों सहित कुल 172 अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) प्रशांत किरण ने बताया कि वांछित और सक्रिय अपराधियों की धरपकड़ के लिए अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश कुमार के नेतृत्व में विशेष टीमों का गठन किया गया था। इस अभियान में जिले के सभी थानों की कुल 110 टीमों ने हिस्सा लिया, जिनमें करीब 386 पुलिस अधिकारी और कर्मचारी शामिल थे। पुलिस की इस घेराबंदी से अपराधियों में हड़कंप मच गया। अभियान की सबसे बड़ी सफलता धोखाधड़ी के मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे दो इनामी बदमाशों की गिरफ्तारी रही। पुलिस ने 10 हजार-10 हजार रुपये के इनामी अपराधी नन्द लाल चौधरी और दिनेश चन्द बंसल को दबोच लिया है। इनके अलावा 5 अन्य इनामी बदमाशों को भी गिरफ्तार कर पुराने प्रकरणों का निस्तारण किया गया है। अभियान के दौरान पुलिस ने केवल गिरफ्तारियां ही नहीं की। बल्कि अवैध हथियारों और नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ 14 प्रकरण दर्ज कर 15 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं अवैध हथियारों के खिलाफ 2 मुकदमे दर्ज कर एक पिस्टल और एक टोपीदार बंदूक बरामद की गई। इसके अलावा अवैध शराब के मामले में 1 मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी को पकड़ा गया।

# जयपुर पुलिस ने एक दिन में दबोचे 110 बदमाश

**जयपुर**। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल के निर्देशानुसार स्पेशल पुलिस कमिश्नर ऑपरेशन्स ओम प्रकाश के सुपरविजन में जयपुर पुलिस के चारों जिलों में एनडीपीएस, आबकारी एवं जूआ अधिनियम के तहत अपराधों के विरूद्व एक दिवसीय स्पेशल अभियान चला कर 110 अपराधियों की गिरप्तारी की गई। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने बताया कि अवैध मादक पदार्थो के विरूद्व जिला पूर्व में 16 एफआईआर दर्ज कर 34 गिरफ्तारी, पश्चिम में 12 एफआईआर दर्ज कर 18 गिरफ्तारी, उत्तर में 12 एफआईआर दर्ज कर 38 गिरफ्तारी, दक्षिण में 17 एफआईआर दर्ज कर 20 गिरफ्तारी, सीएसटी में 9 एफआईआर दर्ज कर 9 गिरफ्तारी की गयी।

## सार-समाचार

### 5 महिलाओं समेत छह तस्कर गिरफ्तार

**जयपुर**। राजधानी में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत जयपुर पूर्व जिला पुलिस ने एक दिवसीय विशेष अभियान में बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच महिलाओं सहित छह ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से भारी मात्रा में स्मैक,गांजा और नगदी बरामद की गई है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त (पूर्व) रंजीता शर्मा ने बताया कि विशेष पुलिस कमिश्नर (ऑपरेशन्स) ओम प्रकाश के निर्देश पर जिला विशेष टीम पूर्व (डीएसटी) और स्थानीय थानों की संयुक्त टीमों का गठन कर प्रताप नगर, जामडोली, मालपुरा गेट, खोह नागोरियान, गांधी नगर और ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्रों में चिन्हित ठिकानों पर दबिश देकर बड़ौद सांसी (40) के पास से 3.16 ग्राम स्मैक व 3,130 रुपए,गीता सांसी (43) के पास से 620 ग्राम गांजा व 1,700 रुपए,अंगुरी सांसी (65) के पास से 2.34 ग्राम स्मैक व 2,600 रुपए,शीला उर्फ काली सांसी (50) के पास से 3.22 ग्राम स्मैक व 900 रुपए, कोमल सांसी (19) के पास से 2.15 ग्राम स्मैक और चन्द्र सिंह चौहान (52) के पास से 88 ग्राम गांजा व 3500 रुपए जब्त किए गए है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी आदतन अपराधी हैं और उनके खिलाफ पहले भी एनडीपीएस एक्ट के तहत मामले दर्ज हैं। आरोपी जमानत पर बाहर आने के बाद पुनः मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त हो जाते थे। फिलहाल पुलिस आरोपियों से नशीले पदार्थों की सप्लाई चेन के संबंध में पूछताछ कर रही है और आगे की जांच जारी है।

### इंस्पेक्टर दिनेश सिंह ने दिया व्याख्यान



**जयपुर**। सिविल लाइंस मेट्रो स्टेशन स्थित बाल निवास उद्यान में नवजीवन सीनियर सैकेंडी स्कूल सोडाला के विद्यार्थियों को वार्षिकोत्सव पर सड़क सुरक्षा तथा यातायात नियमों की जानकारी देने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता प्रादेशिक परिवहन कार्यालय सेकंड जयपुर के इंस्पेक्टर दिनेश सिंह रहे। उन्होंने विद्यार्थियों एवं उपस्थित स्टाफ को सड़क सुरक्षा नियम, हेलमेट-सीट बैल्ट का महत्व, वाहन गति नियंत्रण, लेन-अनुशासन, मोबाइल का उपयोग न करना, नशे में वाहन न चलाना, वाहन फिटनेस, वाहन मेनटेनेंस, वाहन पंजीयन, सीरीज रजिस्ट्रेशन, ड्राइविंग लाइसेंस, रोड सिग्नल, मोटर व्हीकल ड्राइविंग रेग्यूलेशन 2017, एवं यातायात नियमों जैसी विषय वस्तु पर सड़क सुरक्षा जागरूकता पर व्याख्यान दिया गया। स्कूल के निदेशक सीताराम सूद एवं प्रिंसिपल जतिन सूद ने सीनियर इंस्पेक्टर दिनेश सिंह को माला पहनाकर एवं शॉल, साफा व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में इंस्पेक्टर दिनेश सिंह ने सभी उपस्थित विद्यार्थियों एवं स्कूल स्टाफ को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई।

### सादगी के साथ मस्जिद में हुआ शरई निकाह

**जयपुर**। राजस्थान के कुरैशी समाज में दहेज के लेन-देन पर पाबंदी लग रही है। समाज के वरिष्ठजन एवं नामवर लोग अपने लड़के-लड़कियों की शादी में दहेज का लेन-देन बंद कर एक मिसाल कायम कर रहे है। इस मुहिम में वरिष्ठ समाजसेवी एवं बिजनेसमैन झोटवाड़ा निवासी छुट्टन कुरैशी ने अपनी बेटी आलिमा की नो गार्डन, नो डिनर, नो दहेज के पैटर्न पर शादी कर एक मिसाल कायम की। इस कड़ी को आगे बढ़ाते हुए एमडी रोड की इस्लाहे मआशरा कमेटी ने सादगी के साथ निकाह के कई आयोजन मस्जिद में कराए। इस्लाहे मआशरा कमेटी के पदाधिकारी ऐसे आयोजनों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं। दहेज के बिना लेन-देन की इसी कड़ी में सोमवार को पेंटर कॉलोनी, नाहरी का नाका की नूरानी मस्जिद में शहजाद अहमद कुरैशी ने अपनी पुत्री अलवीरा कुरैशी का निकाह मुन्नादीन के पुत्र फैजान कुरैशी के साथ सादगी से संपन्न कराया। मुफ्ती अबरार अहमद साहब ने निकाह पढ़ाया। शरीयत के अनुसार निकाह की रस्म अदायगी के बाद सभी आगंतुकों को खिजूर पेश कर अगवानी की गई। इस मौके पर बिरादरी के वरिष्ठ जन एवं बड़ी संख्या में समाजसेवी शामिल हुए। शहजाद अहमद कुरैशी, अशोक शर्मा, इफ्तिखार अहमद एवं परिजनों ने सभी आगंतुकों की मेहमान नवाजी की। सभी आगंतुकों को खिजूर व शरबत पेश कर दुल्हन की रुखसती घर से की गई। इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी एवं ऑल इंडिया जमीयतुल कुरैश यूथ विंग के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान कुरैशी ने कहा कि समाज में बढ़ती सामाजिक कुरीतियों के कारण बहुत सारी बच्चियों की शादी समय पर नहीं होने के कारण उनके घर वाले बड़े परेशान रहते हैं।

### बागडे से त्रिपुरा के राज्यपाल की भेंट



**जयपुर**। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से सोमवार को त्रिपुरा के राज्यपाल एन. इंद्रसेना रेड्डी ने लोकभवन पहुंचकर मुलाकात की। इस दौरान दोनों ने विभिन्न विषयों पर चर्चा की। राज्यपाल से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

# भारतीय शिक्षा बोर्ड शीघ्र परिणाम घोषित करेगा

**हरिद्वार**। भारतीय शिक्षा बोर्ड (बीएसबी) से संबद्ध देशभर के विद्यालयों में कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं शैक्षिणक सत्र 2026-27 के समापन के बाद अब मूल्यांकन का काम तेजी से होने जा रहा है। ताकि बोर्ड परीक्षा का परिणाम शीघ्र घोषित किया जा सके। यहां बता दें कि 09 से 25 मार्च 2026 तक बोर्ड की परीक्षा सफलतापूर्वक सम्पन्न हो चुकी है। इन परीक्षाओं में देश के विभिन्न राज्यों के हजारों विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

बीएसबी बोर्ड परीक्षाओं का संचालन पूरे देश में पारदर्शी, सुव्यवस्थित एवं अनुशासित वातावरण में किया गया। सभी परीक्षा केंद्रों पर बोर्ड के निर्धारित मानकों के अनुसार आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। परीक्षा की निष्पक्षता एवं विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की सतत निगरानी में परीक्षा प्रक्रिया को संपन्न कराया गया। इसके अतिरिक्त, सभी परीक्षा केंद्रों की गतिविधियों पर शाखा कार्यालय नोएडा स्थित कंट्रोल रूम से लाइव स्क्रीनिंग के माध्यम से निरंतर निगरानी रखी गई, जिससे परीक्षा संचालन पूरी तरह प्रभावी, पारदर्शी एवं व्यवस्थित बना रहा। किसी भी प्रकार की अनियमितता को रोकने के लिए बोर्ड की ओर से विशेष सतर्कता बरती गई तथा त्वरित कार्रवाई की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई थी।

भारतीय शिक्षा बोर्ड सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों, शिक्षकों एवं परीक्षा केंद्र प्रभारियों के समन्वित सहयोग से यह परीक्षा प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूर्ण की गई। बोर्ड ने इस सफल आयोजन पर सभी संबंधित अधिकारियों, शिक्षकों एवं सहयोगी कर्मचारियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। अब बोर्ड द्वारा उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य को प्राथमिकता के आधार पर प्रारंभ किया जाएगा। मूल्यांकन कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करते हुए परिणाम शीघ्र घोषित किए जाएंगे, जिससे विद्यार्थियों के शैक्षिणक भविष्य की अगली प्रक्रिया समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की जा सके।

# लोकतंत्र का सिस्टेमैटिक मर्डर राजस्थान में किया जा रहा : नेता प्रतिपक्ष जूली

**जयपुर**। राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भजनलाल सरकार पर करारा हमला बोलते हुए कहा है कि प्रदेश की भाजपा सरकार लोकतांत्रिक संस्थाओं का सुनियोजित तरीके से गला घोंटने पर आमादा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार की विफलता का आलम यह है कि समय पर पंचायती राज चुनाव न कराकर ग्रामीण विकास को आईसीयू में धकेल दिया गया है।

जूली ने कहा कि इन चुनावों में देरी के कारण केंद्र सरकार से मिलने वाले लगभग 1800-1900 करोड़ रुपये के महत्वपूर्ण फंड के अटकने का सीधा खतरा पैदा हो गया है, जिससे ग्रामीण अंचल की विकास परियोजनाएं पूरी तरह ठप होने की कगार पर है। केवल ग्रामीण ही नहीं, बल्कि शहरी निकायों में भी चुनाव टालकर यह सरकार जनमत का दमन कर रही है। निर्वाचित प्रतिनिधियों और पार्षदों की अनुपस्थिति में जनता के छोटे-बड़े काम फाइलों में दबे पड़े हैं और आमजन को अपने बुनियादी अधिकारों के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है।

नेता प्रतिपक्ष जूली ने कहा कि भाजपा सरकार न केवल प्रशासनिक बल्कि शैक्षिणक और खेल संस्थाओं के लोकतंत्रीकरण से भी भयभीत है। राजस्थान विश्वविद्यालय सहित प्रदेश के तमाम परिसरों में छात्रसंघ चुनाव न कराकर युवाओं की आवाज को दबाने की कोशिश की जा रही है। छात्रों ने अपनी जायज मांगों के लिए अनोखे प्रदर्शन किए, लेकिन इस संवेदनहीन सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही है। यही हाल खेल जगत का भी है, जहां आरसीए में चुनाव कराने के बजाय एडहॉक कमेटी में ताश के पत्तों को फेंटे जाने वाले अंदाज़ में मनमाने बदलाव किए जा रहे हैं और भाजपा नेताओं के पुत्रों को सेट किया जा रहा है।

सरकार एक चुनी हुई लीडरशिप को क्रिकेट बॉडी चलाने देने के पक्ष में नहीं है, क्योंकि उसे मालूम है कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया से उसके पसंदीदा चेहरों को जगह नहीं मिलेगी।

# प्रदेश के किसानों को मिल रहा सशक्त आधार : राठौड

**जयपुर**। राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित कृषि अवसंरचना निधि योजना देश सहित राजस्थान में कृषि क्षेत्र को मजबूती प्रदान कर रही है। इस योजना के तहत देशभर में 11 मार्च तक 1.70 लाख स्कीम के लिए लगभग 84 हजार 502 करोड़ रुपए स्वीकृत किए जा चुके हैं, इनमें से 62219.10 करोड़ रुपए का वितरण भी किया जा चुका है। राठौड़ ने विशेष रूप से राजस्थान का उल्लेख करते हुए कहा कि राजस्थान में कृषि अवसंरचना के विकास के तहत 1806 परियोजनाएं स्थापित की हैं, जिनमें 753 वेयरहाउस, 69 कोल्ड स्टोरेज एवं कोल्ड चेन सुविधाएं तथा 984 प्राथमिक प्रोसेसिंग केंद्र शामिल हैं। यह ढांचा किसानों को उनकी उपज के बेहतर भंडारण, प्रसंस्करण और विपणन में सहायता प्रदान कर रहा है। राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ के सवाल के जवाब में कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री रामनाथ ठाकुर ने सदन को यह जानकारी दी।

# स्कूटी पार्किंग को लेकर महिला सब इंस्पेक्टर और कांस्टेबल में हाथापाई

**जयपुर**। मोती डूंगरी इलाके में स्कूटी पार्किंग की बात को लेकर महिला सब-इंस्पेक्टर और गणेश जी मंदिर के बाहर ड्यूटी कर रहे कांस्टेबल के बीच कहासुनी हो गई और देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में तब्दील हो गई। दोनो पक्षों में मारपीट होती देख मौके पर मौजूद श्रद्धालुओं ने बीच-बचाव कर दोनो को अलग-अलग किया। पुलिस महकमें में तैनात दोनो पुलिसकर्मियों की इस हरकत से पुलिस महकमे के आंतरिक अनुशासन पर सवाल खड़े कर दिए।

बताया जा रहा है कि पुलिस मुख्यालय में तैनात महिला सब-इंस्पेक्टर अपने बच्चों के साथ स्कूटी पर मंदिर दर्शन के लिए पहुंची। उन्होंने मंदिर के पास रास्ते में ही अपनी स्कूटी खड़ी कर दी। ड्यूटी पर तैनात कांस्टेबल हरवेन्द्र सिंह ने उन्हें बीच रास्ते में वाहन खड़ा न करने की हिदायत दी।

महिला सब इंस्पेक्टर ने कहा कि वह सिर्फ 10 मिनट में दर्शन करके लौट आएंगी। लेकिन कांस्टेबल ने नियमों का हवाला देते हुए स्कूटी हटाने पर जोर दिया। मामला धीरे-धीरे तीखा होता गया और दोनों के बीच कहासुनी शुरु हो गई। आरोप है कि महिला सब-

- **मोतीडूंगरी गणेशजी मंदिर का मामला, लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया**

इंस्पेक्टर ने पहले कांस्टेबल को धक्का दिया, जिसके बाद कांस्टेबल ने भी जवाबी कार्रवाई की और मामला मारपीट तक पहुंच गया। मारपीट होती देख मौके पर मौजूद श्रद्धालुओं ने बीच बचाव कर दोनों को अलग-अलग किया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनो पक्षों को थाने लेकर आई। पुलिस ने महिला सब इंस्पेक्टर की शिकायत पर कांस्टेबल हरवेंद्र के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। वहीं कांस्टेबल हरवेंद्र ने भी महिला अधिकारी पर नियम तोड़ने और मारपीट करने का आरोप लगाया।

इस मामले में एडीसीपी ईस्ट आलोश सिंघल ने बताया कि महिला सब इंस्पेक्टर की शिकायत पर मामला दर्ज कर इसकी जांच गांधी नगर एसीपी को सौपी गई है। उन्होंने कहा कि जांच रिपोर्ट आने के बाद दोनों पक्षों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

# राजस्थान पुलिस के उप अधीक्षक दिलीप सिंह ने जीता सिल्वर मैडल

**जयपुर**। राजस्थान पुलिस के खाते में खेल जगत की एक बड़ी और ऐतिहासिक उपलब्धि जुड़ गई है। पुलिस दूरसंचार जोधपुर रेंज में तैनात उप अधीक्षक पुलिस दिलीप सिंह ने नई दिल्ली के प्रतिष्ठित आरके खन्ना स्टेडियम में आयोजित 26वीं अखिल भारतीय पुलिस लॉन टेनिस प्रतियोगिता-2025-26 में खेल प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए सिल्वर मेडल पर कब्जा जमाया है। यह प्रतियोगिता 24 से 28 मार्च 2026 तक भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल द्वारा आयोजित की गई थी।



महानिदेशक पुलिस ने दिलीप सिंह को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि राष्ट्रीय स्तर की टेनिस प्रतियोगिता में पहली बार पदक जीतकर सिंह ने राजस्थान पुलिस का मस्तक गर्व से ऊंचा किया है। उन्होंने इस जीत को पुलिस विभाग की खेल भावना और कड़े अनुशासन का प्रतिफल बताया। दिलीप सिंह ने इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के ओपन डबल्स इवेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए यह पदक हासिल किया। उल्लेखनीय है कि इस अखिल भारतीय प्रतियोगिता के इतिहास में राजस्थान पुलिस के किसी अधिकारी द्वारा प्राप्त किया गया यह अब तक का प्रथम पदक है। इस उपलब्धि ने न केवल राजस्थान पुलिस के मान-सम्मान को राष्ट्रीय स्तर पर नई ऊंचाइयां दी हैं। बल्कि विभाग के अन्य खिलाड़ियों के लिए भी प्रेरणा का मार्ग प्रशस्त किया है।

गौरतलब है कि दिलीप सिंह टेनिस कोर्ट पर लगातार अपनी जीत का परचम लहरा रहे हैं। इस राष्ट्रीय पदक से पूर्व वे राजस्थान राज्य सिविल सेवा में आयोजित 10वीं एवं 11वीं सी.एस. चैलेंजर कप टेनिस प्रतियोगिता में भी लगातार विजेता रहे हैं।

# पुलिस ने गुम हुए 94 मोबाइल असल मालिकों को सौंपे



जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद मीणा ने लोगों को उनके खोए हुए मोबाइल फोन तलाशकर लौटाए तो पीड़ितों के चेहरे खिल उठे।

**जयपुर (कासं)**। जयपुर ग्रामीण पुलिस ने गुमशुदा और चोरी हुए मोबाइल फोनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने तकनीकी संसाधनों का उपयोग करते हुए विभिन्न कंपनियों के 94 मोबाइल फोन बरामद किए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 25 लाख रुपये है। सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान एसपी हनुमान प्रसाद मीणा ने यह मोबाइल उनके वास्तविक मालिकों को सुपुर्द किए।

एसपी हनुमान प्रसाद मीणा ने बताया कि काफी समय से अपने खोए हुए कीमती मोबाइल की उम्मीद छोड़ चुके लोगों के चेहरे उस वक्त खिल उठे, जब उन्हें पुलिस अधीक्षक कार्यालय से फोन कर बुलाया गया। एसपी हनुमान प्रसाद मीणा ने बताया कि जिले के सभी अधिकारियों को सीईआईआर पोर्टल पर दर्ज शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद साइबर सेल और थानों की विशेष टीमों ने कड़ी मेहनत कर इन मोबाइलों को ट्रेस किया। मोबाइल वापस पाकर पीड़ितों ने पुलिस की कार्यशैली की सराहना की और आभार व्यक्त किया।

- **जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक ने खुद सौंपे पीड़ितों को उनके मोबाइल**
- **बरामद किए गए मोबाइल फोनों की कीमत करीब 25 लाख रुपए आंकी जा रही है**

इस सफल अभियान में एएसपी (मुख्यालय) रजनीश पूनियां, एएसपी (दूदू) शिवलाल बैरवा, एएसपी (शाहपुरा) रणवीर सिंह के सुपरविजन में साइबर सेल प्रभारी हीरालाल सैनी, हेड कांस्टेबल कमलेश कुमार और जिले के सभी वृत्त अधिकारियों व थाना अधिकारियों की विशेष टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# दो चोर गिरफ्तार

**जयपुर**। संजय सर्किल पुलिस ने संपत्ति संबंधी अपराधों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक हार्डवेयर और सेनेटरी की दुकान में हुई चोरी का खुलासा किया है। पुलिस ने मामले में दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किया गया कीमती सामान बरामद कर लिया है। पकड़े गए आरोपी मूल रूप से पश्चिम बंगाल के रहने वाले हैं।

पुलिस उपायुक्त (उत्तर) करण शर्मा ने बताया कि 24-25 मार्च की दरमियानी रात को झोटवाड़ा रोड स्थित एक सेनेटरी व हार्डवेयर की दुकान में चोरी हुई थी। चोरों ने दुकान का एग्जॉस्टर खोलकर अंदर प्रवेश किया और वहां से पीतल की कीमती सेनेटरी फिटिंग का सामान और नगद राशि पार कर ली। शातिर चोर पहचान छिपाने के लिए दुकान में लगा सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर भी अपने साथ उखाड़ ले गए थे।




## Celebrating Creativity And Colour : National Crayon Day

Observed annually on March 31, National Crayon Day celebrates the simple yet powerful tool that has sparked creativity for generations. Crayons have long been a child's first introduction to art, imagination and self-expression. The day honours not just the colourful sticks themselves but the joy of drawing, storytelling and creative exploration they inspire. From classrooms to homes, crayons encourage artistic freedom without boundaries. National Crayon Day is a reminder that creativity begins with small strokes of colour and that artistic expression, at any age, can brighten perspectives and nurture imagination in meaningful ways.

#INTERVIEW

## Lal Bahadur Shastri On BBC

Lal Bahadur Shastri's 1964 BBC Interview from his first visit to the UK






A few months after taking office, Lal Bahadur Shastri, India's second PM, made a state visit to the UK. In this interview, he talks about his background, India's development and its policy on nuclear weapons.

**Question-** You, perhaps, with your humble origins and your dedication to poverty, find this a positive advantage as a leader of the people, compared with Pandit Nehru's very cosmopolitan, upper-class English education.

**Answer-** It would be correct to say that I belong to the category of common men and common man. And I do find it easy to fight the battle of the common man, to think of taking measures to give relief to him.

**Question-** Pandit Nehru himself ranged far and wide in his travels and his interests. But this is only the second time that you yourself have ever been outside India. Does this mean that you are going to concentrate more on Indian affairs than on world affairs?

**Answer:** Well, I would very much like to concentrate on the home front, but some of the international problems are so interlinked with national issues that it would be difficult for me to confine myself to national problems only. I am here today in spite of the Indian Parliament being in session. Similarly, the Chinese aggression, although it was confined to India, yet, it has had a great international impact. So, I shall continue, I shall have to take interest in international problems and issues also.

**Question:** Now, on the home front, the position you have inherited in India is very serious, indeed. There is famine and soaring food prices, soaring population and serious unemployment. Now, much of this situation was inherited, but there also have been charges of maladministration making the famine worse. Is there any justification in these charges?

**Answer:** Well, it is not actually famine, but it is true that there has been shortage of food grains, which we have been able to meet with the help of imports from foreign countries, especially from the United States. However, we are trying to tackle the soaring prices and we are bent upon taking measures to increase our food production. Maladministration? I don't say that our administration is perfect. Yet, barring some countries, I think we are not worse off as compared to other countries.

**Question:** Now, there is considerable agitation within India and even within your own Congress party that India should develop its own nuclear bomb. So far, you have refused to allow this yourself. But if the relations with China get worse, can you hold out for long against developing a nuclear armoury?

**Answer:** Well, I have made the position of our government quite clear in this matter. And in the present context of things, it would be exceedingly difficult for India in terms of making an Atom Bomb. Our policy of not manufacturing atom bomb stands, and I have every hope that we will be able to rouse the world conscience against it.



# WHEN THE 'WEREWOLVES' RODE AGAIN




In the 19th century, there was a 'vampire panic' in England, with many belated children being supposedly bitten by dead relatives, who had been attacked by a vampire and become vampires themselves. It was this panic which inspired Bram Stoker to write his famous book, 'Dracula,' and the coming back to life of a bloodthirsty medieval count. Nor was this the only vampire plague. Earlier too, various countries in Europe had suffered such plagues, sometimes resulting in the death of innocent people who were targeted as potential vampires.








Dina Sanichar photographed in the late 18th century.

● Verna Mohon

The death of 30 children in 40 villages of Pratapgarh, Jaunpur and Sultanpur districts of U.P. some years ago had created panic, with nobody too sure about who killed them, man or animal. The authorities blamed wolves and hyenas, which the shikaris had been unable to shoot, while the villagers felt that it was either a gang which collected kidneys for sale or a mania (werewolf) that was behind the killings. One did not expect the district administration to subscribe to the latter view, though the incidents of the past several weeks were reminiscent of similar happenings earlier in Rajasthan, particularly in Dausa, Sawai Madhopur and Ganganagar.

In the 19th century, there was a 'vampire panic' in England, with many belated children being supposedly bitten by dead relatives, who had been attacked by a vampire and become vampires themselves. It was this panic which inspired Bram Stoker to write his famous book, 'Dracula,' and the coming back to life of a bloodthirsty medieval count. Nor was this the only vampire plague. Earlier too, various countries in Europe had suffered such plagues, sometimes resulting in the death of innocent people who were targeted as potential vampires.

The same thing happened in East U.P. and Rajasthan where suspects were killed by the villagers. One may not subscribe to their views, but it goes without saying that belief in werewolves is worldwide and not limited to any region or country. According to Eliphas Levi, a werewolf is the sidereal body of a man which comes into action as soon as his baser instincts are aroused. Sometimes, the real body is asleep while the sidereal body is on the prowl. It's a Jekyll & Hyde case, pure and simple.

Superstition has endowed the werewolf with superhuman powers. The same man who is timid in the day sheds his human form at night and becomes a ferocious wolf, but with devilish ingenuity which the real animal lacks. And it is not only men who become werewolves, Levi records the case of an old woman who roamed about the countryside at night in the form of a wolf, preying on children. It is said that a silver bullet can put an end to a werewolf, but it must be fired when it has assumed that shape.

How many people, especially those whom age and disease had deformed, suffered in the past because they were suspected to be werewolves is besides the point, though the killing of 'witches' in Bihar, West Bengal, Assam, Rajasthan and M.P. can be an indication. Superstitious fear, jealousy,



Werewolf Gargoyle.

#MYTH




The Werewolf by C.A. Kincaid is from the British Colony India. The story is of Upper Sind region, of a place called Sehwan.



MASTER QAMARUDDIN, the maternal uncle of noted Urdu writer Ismat Chughtai, was usually found on the Yamuna bank, resting after swimming to Delhi all the way...

sexual exploitation or lure of property are generally among the motives. Any sudden or unexplained calamity, disease, loss of assets or death is reason enough to whip up passions and end the existence of the so-called witch. Those who have heard of Anu Kasai of Sind might perhaps not agree with this. The butcher was affluent at one time, and though, he lived in Sehwan, which is even more in the interior than Sukkur, he had mistresses in distant Karachi. Anu's weakness was wine, women and song. After getting drunk, he just lost his balance and squandered his hard-earned wealth on the ladis of the night. His wife committed suicide after their only son got drowned, and then, there was no stopping Anu Mian. All his wealth gone by 1860 and not enough money to even buy sheep, he started killing people and selling their cooked flesh.

Anu's macabre trade came to an end after he murdered a dervish. "The very dish he served to unsuspecting customers started calling for revenge." Anu Kasai was arrested and entombed in the wall of a fort by the British, like Anarkali is said to had been done away with on Akbar's command. They still point out the bulge in the fort wall in Sehwan to curious visitors.

C.A. Kincaird, author of "Tales of the Tulsi Plant," relates the story of a Pathan khansama, who would lure visiting English sahibs in the 1880s to a dak bungalow on a hill in Sehwan, the place 'where the monsoon dies,' and feast on them. In the evening, he used to serve the choicest food, but after midnight, he would turn into a wolf and seize his guests by the throat before munching them up. The khansama met his grisly end when he killed the Goan attendant of a sahib after attacking him while the man was asleep in the open, and then tried to storm into the room where the English official and his friend had retired on a stifflingly hot night in Sehwan. Closer still, in Bulandshar district of U.P., a British officer and his men, out hunting in the 19th century, came upon a strange sight. A creature clambered into a cave like a wolf on all forms. It was smoked out and turned out to be a boy who had been reared by wolves. The boy walked on all fours and never learnt to speak, though, he lived up to the age of 32 at the Sikandra Orphanage in Agra and he bore the name of Dina Sanichar or Saturday, the day on which he was rescued.

Another such boy was found in rural Agra and restored to his parents in Jat-ka-Nagla. Named Parusram, he was lifted by wolves while he slept with his mother in the fields one night and had developed a love for raw meat during his captivity in the jungle. He also could not speak. Parusram did not live long after his rescue, said my father, who and other Indian and foreign journalists had gone to the Nagla to do a story on him.

These wolfchildren were not wolves, but there was a khansama known as Kammu, who would offer hospitality to wayfarers in an old dilapidated house, and at midnight, turn into a wolf and devour them. He was also fond of preying on girls who had just reached the age of puberty. Many such girls and women were said to have been ravished and killed by him. Surprisingly, it was sodomy in all cases and not rape as defined in law.

The incidents were reported from Morena and Shivpuri in M.P. and Bundi in Rajputana in the 19th century. One of the victims who escaped recounted in terror of how the man, who had been so polite in the day, turned into a wolf at dead of night and attacked her so savagely that she despaired for her life. But being young and strong, she picked up an old sword lying in the room and hit him with all her might, cutting off one of the hands that had become a paw. The werewolf gave a howl of pain and the girl made her escape. The man was later arrested but the magistrate refused to believe that a human being could turn into a wolf. He, therefore, sentenced him to jail on a charge of ravishing a young girl. But after a few months, he was killed by fellow prisoners who had noticed that he underwent a complete transformation every night and tried to attack other jail inmates with a view to drinking their blood.

Kammu had his counterpart in Daropa, who lived at a burning ghat near the Taj Mahal. But he ate only the carcasses of dead girls and was considered more of an 'aghori' than a werewolf. Master Qamaruddin, the maternal uncle of noted Urdu writer Ismat Chakhtai, also spent his time on the Yamuna bank near the Taj, but he was a mystic who sometimes swam from Agra to Delhi. His limbs were said to disintegrate every night and so nobody ventured into his room till dawn.

It was he who is believed to have warned a British District Magistrate about an old pandit who could change form and prey on children he lifted with great cunningness from village homes in Dholpur. The pandit was changing form one night and turning into a wolf when he was shot dead by a police constable. But as soon as he died, the man's body assumed normal human form again and the constable was suspended on a charge of manslaughter. He was reinstated after witnesses deposed that the dead pandit was in fact the werewolf, who had been terrorizing the countryside. You can make what you like of these incidents but the belief in werewolves is so deeply inspired in some rural areas of Rajasthan, that even now, girls and young women are not allowed to go and ease themselves in the fields at night lest they be attacked by a werewolf. Two old women carrying lantern and a man armed with a spear always accompany them. The belief is that a werewolf hates a shining light and the sight of a steel weapon just as much as a silver bullet, which can end its existence once and for all. How many werewolves survive in a fast changing world can be anybody's guess, but the fear persists and strangers turning up after dusk at village homes are still promptly shown the door (besides other places) in Bharatpur, according to the late Thakur Devi Singh of Artoni village, near Akbar's tomb at Sikandra.

rajeshsharma1049@gmail.com



Banshee on a Werewolf.

#GAMAN

# Aapki Yaad Aati Rahi Raat Bhar...

Set in Raag Bhairavi, the composition flows like a slow, delicate river. It unfolds as a vilambit, gradually rising with interludes that feel like gentle sighs of the heart




Some songs don't just play, they linger. They become memories, echoes of a feeling too deep for words. "Aapki Yaad Aati Rahi Raat Bhar" from Muzaffar Ali's 1978 classic *Gaman* is one such song, a haunting ode to longing that continues to captivate listeners decades later.

Composed by the legendary Jaidev and written by the eminent poet Makhdoom Mohiuddin, the song draws from Mohiuddin's celebrated ghazal tradition, bringing poetry to life through music. But the magic truly comes alive in the voice that carries it. Chhaya Ganguly, trained personally by Jaidev for this piece, poured her husky, soul-stirring voice into the composition, capturing every nuance of soz, the intense, lingering emotion of melancholy and longing.

Chhaya Ganguly's mastery of voice was no accident. Before playback, she honed her craft at the National Centre for the Performing Arts (NCPA) in Mumbai, one of India's premier institutions for classical music. There, she immersed herself in



Hindustani classical vocal training, focusing on voice culture, raga interpretation, and emotional expression. During this period, she shared the stage of learning with other budding talents, including Kavita Krishnamurthy, receiving guidance from some of India's most respected gurus. This rigorous foundation, combined with Jaidev's mentorship, prepared her to meet the exacting demands of a song like "Aapki Yaad Aati Rahi Raat Bhar."

Set in Raag Bhairavi, the composition flows like a slow, delicate river. It unfolds as a vilambit, gradually rising with interludes that feel like gentle sighs of the heart. Every pause, every modulation is deliberate, mirroring the ache and yearning embedded in Mohiuddin's poetry. The result is a song that isn't just heard, it is deeply felt. Jaidev's sensitive composition earned him the National Film Award for Best Music Direction, while Chhaya Ganguly's unforgettable rendition won her the National Film Award for Best Female Playback Singer.

The cultural impact of the song extended beyond the film. Poet Faiz Ahmad Faiz, in homage to Mohiuddin, later composed a poem in the same meter, weaving in some of Mohiuddin's verses, a testament to the enduring beauty and influence of this ghazal tradition.

Gaman itself is a landmark film, starring Farooq Sheikh, Smita Patil, Nana Patekar, and Jalal Aga. It explores the trials of urban migration through the story of a man traveling from Uttar Pradesh to Mumbai, struggling to survive as a taxi driver in an unfamiliar city. The melancholy of displacement, the quiet desperation of survival, and the longing for home find their perfect voice in "Aapki Yaad Aati Rahi Raat Bhar," making it more than a song, it is the emotional core of the film.

Decades later, the song still resonates, a reminder of the delicate alchemy of poetry, music, and human emotion. In every hushed note and lingering sigh, it whispers the universality of longing, the bittersweet beauty of memory, and the timeless artistry of Jaidev, Makhdoom Mohiuddin, and Chhaya Ganguly. From rigorous classical training at NCPA to the intimate guidance of a master composer, Chhaya Ganguly's voice remains an enduring testament to the power of dedication, emotion, and artistry in Indian music.




## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# पूर्व कैबिनेट मंत्री गोविंद राम मेघवाल के कथित बयान को लेकर विवाद खड़ा हुआ

## कथित बयान में दिवंगत नेता रामेश्वर डूडी के लिये आपत्तिजनक टिप्पणी के आरोप लगे

- मामले को लेकर डूडी की पत्नी नोखा विधायक सुशीला डूडी और समर्थक नेताओं ने पार्टी आलाकमान से मेघवाल पर कार्रवाई की मांग की
- मेघवाल ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए इसे अपने खिलाफ साजिश बताया है और वायरल वीडियो को एआई से तैयार किया गया बताया है

**बीकानेर,** (निसं)। कांग्रेस की अंदरूनी राजनीति एक बार फिर चर्चा में है। पूर्व कैबिनेट मंत्री गोविंद राम मेघवाल के एक कथित बयान को लेकर विवाद खड़ा हो गया है, जिसमें दिवंगत नेता रामेश्वर डूडी पर आपत्तिजनक टिप्पणी के आरोप लगे हैं। इस मामले को लेकर डूडी की पत्नी नोखा विधायक विधायक सुशीला डूडी और समर्थक नेताओं ने नाराजगी जताते हुए पार्टी आलाकमान से मेघवाल पर कार्रवाई की मांग की है। वहीं, मेघवाल ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए इसे अपने खिलाफ साजिश बताया है और वायरल वीडियो को एआई से तैयार किया गया बताया है। रामेश्वर डूडी की पत्नी ने कहा कि आज मेरे पति संसार में नहीं है, ऐसे में उन पर इस तरह की टिप्पणी करना संवेदनहीनता है। मेरे पास पार्टी कार्यकर्ताओं के फोन आ रहे हैं, उनमें आक्रोश है।

जानकारी के अनुसार, हाल ही में एक गांव में जागरण के दौरान हुई अनौपचारिक बातचीत का एक वीडियो सामने आया है। इसमें गोविंद मेघवाल कांग्रेस की चुनावी हार का जिक्र करते नजर आ रहे हैं। आरोप है कि इस दौरान उन्होंने रामेश्वर डूडी के लिए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया और कहा कि थोड़ा सहयोग मिलता तो जीत संभव थी। साथ ही उन्होंने अपनी हार के लिए पूर्व मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला को भी जिम्मेदार ठहराया।

विवाद बढ़ने पर गोविंद मेघवाल ने सफाई देते हुए इसे अपने खिलाफ साजिश बताया और कहा कि मुझे सोशल मीडिया के माध्यम से इस तरह के वीडियो से दबाने का प्रयास किया जा रहा है। आने वाले समय में पंचायत चुनाव हैं, ऐसे में भाजपा स्थानीय स्तर पर समीकरण बिगाड़ने का प्रयास कर रही है। ये अनुशानहीनता है, इनसे बचना चाहिए। 2003 में डूडी रेवतराम से नाराज थे। वे मेरे साथ थे, जिससे नोखा सीट पर जीत हुई थी। अभी सुशीला डूडी को नोखा से चुनाव जिताने के लिए पूरा प्रयास किया। रामेश्वर डूडी इस दुनिया से चले गए, हमें भी जाना है, लेकिन इस बात का दुख है कि अपने ही लोग ऐसा कर रहे हैं।

पूर्व मंत्री गोविंद राम मेघवाल ने कहा कि अशोक गहलोत ने मुझे पार्टी में लेकर मंत्री बनाया। मैं पार्टी को छोड़ने की सोच भी नहीं सकता हूं। अगर मुझे जेल भी जाना पड़े तो जाऊंगा, लेकिन संगठन को मजबूत करूंगा। गोविंदराम ने कहा कि रामेश्वर डूडी ने ही अर्जुनराम मेघवाल के सामने एक बार मदन गोपाल मेघवाल और एक बार शंकर पन्नू को टिकट दिलवाया था। दोनों कमजोर प्रत्याशी थे, इसलिए अर्जुनराम जीत गए। जब मैंने नोखा में भाजपा से विधायक का चुनाव लड़ा, तब भी कांग्रेस नेता डूडी ने उन्हें वोट दिया था।

रामेश्वर डूडी और गोविंद राम मेघवाल के बीच लंबे समय से चले आ रहे विवाद को खत्म करने के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने पहले समझौता कराया था। मेघवाल के अनुसार, हेलीकॉप्टर में हुई बातचीत के बाद दोनों के बीच सहमति बनी थी और उसके बाद उन्होंने डूडी का विरोध नहीं किया। इस मामले के बाद डूडी समर्थक नेताओं में भारी नाराजगी देखी जा रही है। डूडी की पत्नी नोखा विधायक सुशीला डूडी, देहात कांग्रेस अध्यक्ष बिशनाराम सियाग और शहर कांग्रेस अध्यक्ष मदन गोपाल मेघवाल ने गोविंद मेघवाल पर कार्रवाई करने की मांग की है। इन नेताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मुलाकात कर कार्रवाई की मांग भी रखी। इसके बाद गोविंद मेघवाल ने भी गहलोत से मिलकर अपना पक्ष रखा।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा से मिलकर नोखा विधायक सुशीला डूडी, देहात अध्यक्ष बिशनाराम सियाग और शहर अध्यक्ष मदन गोपाल मेघवाल ने पूर्व विधायक गोविंद राम मेघवाल के वीडियो व बयान की शिकायत दर्ज कराई।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष मदन गोपाल मेघवाल ने कहा कि किसी भी सीनियर नेता को इस तरह नहीं बोलना चाहिए। हमने किसी तरह का पत्र तो नहीं लिखा है, लेकिन सीनियर लीडर्स को सारी स्थिति से अवगत करा दिया है। शहर कांग्रेस पार्टी प्रदेशाध्यक्ष और सीनियर नेताओं के दिशा-निर्देश पर आगे भी कार्रवाई करेगी।

सांसद और केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल के बेटे रविशेखर मेघवाल ने कहा कि मैं इनके कार्यक्रमों का क्यों ध्यान रखूं। वीडियो के अंत में वे स्वयं पूछ रहे हैं कि किसी ने वीडियो बनाकर रिकॉर्ड तो नहीं किया। ऐसा भी संभव है कि चर्चा में बने रहने के लिए उन्होंने खुद ही इस तरह वीडियो बनाकर शेयर किया हो। देहात कांग्रेस अध्यक्ष बिशनाराम सियाग ने कहा- रामेश्वर डूडी के बारे में ऐसी टिप्पणी करना उचित नहीं है। कांग्रेस पार्टी की ऐसी कोई विचारधारा नहीं है।

रामेश्वर डूडी की पत्नी सुशीला डूडी ने कहा कि मेरे पति रामेश्वर डूडी ने सभी कौमों को साथ लेकर बीकानेर के विकास का प्रयास किया है। दलित समाज के लोगों को प्रमुख बनाने में उनकी अहम भूमिका रही। आज मेरे पति संसार में नहीं हैं, ऐसे में उन पर इस तरह की टिप्पणी करना संवेदनहीनता है। मेरे पास पार्टी कार्यकर्ताओं के फोन आ रहे हैं, उनमें आक्रोश है। सार्वजनिक जीवन में रहने वाले व्यक्ति को ऐसे वक्तव्य नहीं देने चाहिए।

# सोशल मीडिया पर झांसे में आकर नाबालिग हनुमानगढ़ पहुंचा

## पुलिस ने पांच सौ किलोमीटर पीछा कर बालक को दस्तयाब किया और परिजनों को सौंप दिया

- जांच में पता चला कि सोशल मीडिया के माध्यम से किसी लड़की के जाल में फंस गया था बालक
- पुलिस ने आशंका जताई कि वह किसी बड़े गिरोह या जाल में भी फंस सकता था, मगर उससे पहले ही उसे दस्तयाब कर लिया

**जोधपुर,** (कासं)। निकटवर्ती बोरानाडा में एक नाबालिग 27 मार्च की दोपहर में लापता हो गया। परिवार ने दिनभर उसकी तलाश की, मगर वह नहीं मिला। रात को परिवार ने उसकी गुमशुदगी बोरानाडा थाने में दी। हरकत में आई पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की और सीसीटीवी फुटेजों को खंगालने के साथ उसकी लोकेशन का पता लगाया। पांच सौ किलोमीटर दूर हनुमानगढ़ जंक्शन के पास से उसे दस्तयाब किया जा सका। बाद में पता लगा कि वह सोशल मीडिया के माध्यम से किसी लड़की के जाल में फंसा था और उसने बुलाया था। पुलिस ने आशंका जताई कि वह किसी बड़े गिरोह या जाल में भी फंस सकता था, मगर उससे पहले ही उसे दस्तयाब कर लिया गया।

प्रशिक्षु आरपीएस एवं बोरानाडा थानाधिकारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र में रहने वाला 16 साल का नाबालिग अपने घर से 27 मार्च की दोपहर में निकला था, वह वापिस घर नहीं पहुंचा तो परिवार के लोग रात नौ बजे थाने पर पहुंचे और उसके अपहरण की आशंका में गुमशुदगी दी। पुलिस आयुक्त शरत कविराज, डीसीपी वेस्ट कमल शेखावत, एसीपी बोरानाडा आनंदसिंह राजपुरोहित दिशा निर्देश पर पुलिस की टीम थानाधिकारी एवं प्रशिक्षु देवेंद्र सिंह के नेतृत्व में गठित की गई। इसमें एएसआई मनोहरलाल, हैड कांस्टेबल ललित खत्री, कांस्टेबल ओमप्रकाश ने आसपास लगे सीसीटीवी फुटेजों को खंगालना शुरू किया। प्रशिक्षु आरपीएस एवं थानाधिकारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि नाबालिग की लोकेशन राजयासर मिली, जहां बाद में कांटेक्ट किया गया। राजयासर से सूरतगढ़ तक चलने वाली निजी बसों के चालकों एवं परिचालकों से संपर्क साधा गया। आखिरकार एक निजी बस में सवार नाबालिग को हनुमानगढ़ जंक्शन के पास से पुलिस टीम ने दस्तयाब कर लिया। उसे जोधपुर लाकर परिवार को सौंपा गया। पुलिस ने तकरीबन पांच सौ किलोमीटर तक उसकी लोकेशन का पता लगाती रही और आखिरकार उसे ढूंढ निकाला।

थानाधिकारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि नाबालिग इंस्टाग्राम पर किसी लड़की से चैट करता था। इसका पता लगाया तो मालूम हुआ कि वह फर्जी नंबर से चैट चल रही थी, जोकि किसी गिरोह का भी हो सकता था। उसे बुलाकर किसी अनैतिक गतिविधियों में भी डाला जा सकता था। उसे बंधुआ मजदूर भी बनाया जा सकता था। गनीमत रही कि वह वहां तक पहुंचता, उससे पहले ही पुलिस ने दस्तयाब कर लिया। नाबालिग के भाई ने मोबाइल पर चैट देखी तब इसका खुलासा हुआ।

# अवैध संबंधों के शक में युवक की हत्या, चार जने हिरासत में

- घर में घुसा तो चार युवकों ने बुरी तरह पीटा, घायल की इलाज के दौरान मौत हो गई

**बीकानेर,** (निसं)। जिले के नोखा क्षेत्र में युवक के साथ चार युवकों ने मारपीट की। उसे गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। जसरासर थाना पुलिस ने इस मामले में हत्या की धाराओं में मामला दर्ज कर चार जनों को हिरासत में लिया है।

एडिशनल एसपी बनवारी लाल मीणा ने बताया कि मामला एक गांव का है, जहां देर रात एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया, जिसमें उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मामले को हत्या के रूप में दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक के भाई ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि चार लोगों ने उसके भाई के साथ मारपीट की। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के अनुसार, देर रात एक युवक एक महिला के घर में घुसा था। इसके बाद वहां मौजूद लोगों ने उसके साथ जमकर मारपीट कर दी। गंभीर रूप से घायल युवक को पुलिस द्वारा पीबीएम अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि एक महिला से अवैध संबंध थे। इसी कारण वो देर रात उसके घर में पहुंच गया। ऐसे में युवक के साथ मारपीट की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने चार संदिग्धों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ जारी है और जल्द ही गिरफ्तारी की संभावना जताई जा रही है। मामले की जांच सीओ जरनैल सिंह और सीआई आलोक सिंह के नेतृत्व में की जा रही है। पुलिस पूरे घटनाक्रम की गहनता से जांच कर रही है।

# आठ लाख की नशीली दवाएं बरामद, युवक गिरफ्तार

**अलवर,** (निसं)। अलवर में युवक ने किराए के घर में ऑनरेक्स सिरप और नशीली दवाओं का गोदाम बना रखा था। इन्हे नशे के लिए सप्लाई करता था। गोदाम से आठ लाख रुपए के ऑनरेक्स कफ सिरप और 6192 फ्लॉक्सिको स्पास कैप्सूल मिले हैं। यह दवाई दर्द में काम में ली जाती है।

उद्योग नगर थाना पुलिस ने आरोपी वाजिद (25) निवासी रायबका को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बख्तल चौकी के पास 12 बीघा क्षेत्र में दबिश देकर मौके से 4,045 बोतल (100 एमएल) ऑनरेक्स कफ सिरप बरामद की। यह कार्रवाई मुखबिर की सूचना पर की गई।

अलवर ग्रामीण सीओ रश्मि मीणा ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक युवक किराए के मकान में भारी मात्रा में ऑनरेक्स सिरप और नशीले कैप्सूल रखे हुए हैं, जिनका इस्तेमाल युवा नशे के रूप में कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर दबिश दी। तलाशी के दौरान बड़ी मात्रा में नशीला जखीरा बरामद हुआ, जिसे देखकर पुलिस टीम भी हैरान रह गई। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से सभी अवैध दवाइयों को जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ जारी है और उसके पुराने आपराधिक रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि वह यह माल कहां से लाता था और इस नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल हैं।

# निवाई : अपहरण का आरोपी पांच घंटे में गिरफ्तार, युवक दस्तयाब

- फरार आरोपी सहित अन्य 2-3 आरोपियों की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है पुलिस

**निवाई,** (निसं)। बरोनी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अपहरण करने के एक आरोपी को पांच घंटे में गिरफ्तार करके अपहर्त व्यक्ति को दस्तयाब किया है।

बरोनी थानाधिकारी कुसुम ने बताया कि 29 मार्च की शाम करीब 5 बजे बरोनी पुलिस को राहगीरों ने सूचना दी थी कि बरथल तिराहे से 5-7 अज्ञात व्यक्ति एक काले रंग की स्कॉर्पियो में एक व्यक्ति का अपहरण कर टोंक की ओर ले गए हैं। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला पुलिस अधीक्षक राजेशकुमार मीना के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतनलाल भार्गव व पीपलू डीवाईएसपी रामअवतार के सुपरविजन में टीम का गठन किया। टीम ने कार्रवाई करते हुए कंट्रोल रूम के माध्यम से बूंदी, सवाई माधोपुर व टोंक जिले में नाकाबन्दी करवाई। इस दौरान बरोनी पुलिस, निवाई पुलिस व डीएसटी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अपहर्त समीर पुत्र नयुम कुरैशी निवासी भगतसिंह कॉलोनी निवाई को खरेडा टोल के पास से पांच घंटे में दस्तयाब कर लिया और मौके से एक अपहरणकर्ता मोहित खटीक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने समीर (20) को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू करते हुए फरार आरोपी चन्दू छीपा, अजय तेली व संजय सहित अन्य 2-3 आरोपियों की तलाश में उनके संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। उन्होंने बताया कि घटना में प्रयुक्त कार चन्दू छीपा की है। उन्होंने बताया कि अपहरण का मामला सोशल मीडिया पर टिप्पणी करने का है। उन्होंने बताया कि पीड़ित के हल्की चौटें आई है, जिसका मेडिकल करवाया गया है। टीम में निवाई थानाधिकारी घासीराम मीणा, डीएसटी प्रभारी ओमप्रकाश, सहायक उप निरीक्षक नरेन्द्र चैधरी, सुरेन्द्र सिंह, रामसहाय, कांस्टेबल भगवान सहाय, भागचन्द व कुलदीप शामिल रहे।

# हाईकोर्ट : स्थाई लोक अदालत के नौ सदस्यों का सेवा विस्तार के निर्देश

**जोधपुर,** (कासं)। राजस्थान हाइकोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश डॉ. पुष्पेन्द्र सिंह भाटी और न्यायाधीश संदीप शाह ने देश के आम नागरिक के त्वरित, सुलभ और कम खर्चीले न्याय के उद्देश्य से गठित स्थाई लोक अदालत को कोरम के अभाव में क्रियानशील नहीं होने को पीड़ादायक बताते हुए राज्य सरकार के सात स्थाई लोक अदालत में 9 सदस्यों के कार्यकाल को बढ़ाने से राज्य सरकार द्वारा नकारने को गलत बताते हुए तत्काल प्रभाव से 9 सदस्यों का सेवा विस्तार करने का निर्देश सरकार के प्रमुख विधि सचिव को दिया है।

हाईकोर्ट द्वारा स्वप्रेरित दायर जनहित याचिका में राजस्थान हाइकोर्ट एडवोकेट्स एसोसिएशन ने प्रार्थना पत्र दायर कर कहा कि राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने गत 19 जनवरी को सात स्थाई लोक अदालत अजमेर, अलवर, भरतपुर, बीकानेर और बूंदी के एक एक सदस्य तथा जयपुर महानगर द्वितीय तथा जालोर के दोनों सदस्यों का कार्यकाल फ़रवरी माह में समाप्त हो रहा है, सो एक साल का सेवा विस्तार दिया जाए। राज्य सरकार के प्रमुख विधि सचिव ने 9 फरवरी को उनके आग्रह को सिरे से खारिज कर दिया। प्रार्थी की ओर से बहस करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मनीष सिसोदिया और अधिवक्ता अनिल भंडारी ने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 में अध्यक्ष और सदस्यों का कार्यकाल पांच साल अथवा 65 वर्ष आयु तक तय है, सो जिन सदस्यों का सेवा विस्तार से इनकार किया गया है, उनकी नियुक्ति दो साल पहले ही हुई है और यदि उनका सेवा विस्तार नहीं हुआ तो राज्य की काफी स्थाई लोक अदालत की न्यायिक कार्यवाही ठप हो जाएगी।

राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद, अतिरिक्त महाधिवक्ता राजेश पंवार और महावीर सिंह बिश्नोई ने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकरण ने इन सदस्यों की नियुक्ति ही एक वर्ष वास्ते की थी और एक बार उनके आग्रह को स्वीकार कर एक साल उनकी सेवा विस्तारित की थी सो अब इन पदों पर नई भर्तियां ही की जा सकती है। प्राधिकरण की ओर से अधिवक्ता संदीप पाठक ने कहा कि नियमनुसार इन सदस्यों की सेवा में विस्तार किया जाना चाहिए। राजस्थान हाइकोर्ट की खंडपीठ के वरिष्ठ न्यायाधीश डॉ. पी एस भाटी और न्यायाधीश संदीप शाह ने कहा कि स्थाई लोक अदालतों का गठन आम नागरिक के हितार्थ त्वरित, सुलभ और कम खर्चीले न्याय व्यवस्था के तहत किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में वर्तमान में 36 स्थाई लोक अदालत गठित है और प्रति स्थाई लोक अदालत का न्यूनतम कोरम दो का निर्धारित है और प्रदेश में ऐसी स्थिति बिलकुल भी नहीं आनी चाहिए कि कोरम के अभाव में एक भी स्थाई लोक अदालत की न्यायिक कार्यवाही ठप हो जाएं। उन्होंने राज्य सरकार और प्रमुख विधि सचिव को निर्देश दिए कि सभी सातों स्थाई लोक अदालत के नौ सदस्यों का कार्यकाल जो कि फरवरी माह में समाप्त हो गया है, की सेवाएं अविलंब तत्काल प्रभाव से विस्तारित की जाएं।

# जंगल में आग लगी

**बज्जू,** (निसं)। इगानप मुख्य नहर की आरडी 961 हेड के पास वन पट्टी के जंगल में आग लग गई। यह आग 2-3 बीघा क्षेत्र में फैल चुकी है। किसानों ने बज्जू पुलिस और उपखंड प्रशासन को सूचना देकर आग पर जल्द काबू पाने की मांग की है।

किसान विजेंद्र खीचड़ ने बताया कि नहर के पास स्थित वन में आग की तेज लपटें उठ रही हैं। हवा के कारण आग तेजी से फैल रही है। उन्होंने आशंका जताई कि यदि जल्द आग पर काबू नहीं पाया गया, तो आसपास के किसानों की फसलों को खतरा हो सकता है।

# होटल में जुआ खेलते आठ जने गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। गुमानपुरा पुलिस टीम ने मुखबीर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए इलाके में स्थित एक होटल में छापामार कर ताश के पत्तों पर दाव लगाते 8 जनों को गिरफ्तार किया है।

शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने गुमानपुरा पुलिस को गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक होटल में कुछ संदिग्ध व्यक्ति किसी अवैध गतिविधियां जुआ सट्टा में संलिप्त हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए गुमानपुरा थानाधिकारी महेश कुमार ने मय जाप्ता ने होटल के कमरे में दबिश दी तो 8 व्यक्ति ताश के पत्तों के जरिए रुपयों का दाव लगाकर जुआ खेलते हुए रंगे हाथ पाए गए। पुलिस द्वारा की गई इस कार्यवाही में कुल 95,790 रुपये की जुआ राशि और ताश के पत्ते बरामद किए गए। आरोपियों की तलाशी लेने पर उनके पास से आठ विभिन्न कंपनियों के एंड्रॉइड मोबाइल भी जब्त किए गए। पुलिस टीम ने रामपुरा निवासी कुन्दन मोदी, छावनी निवासी विजय गोपाल, रामपुरा निवासी प्रमोद, गुमानपुरा निवासी राकेश मेहरा, लाडपुरा निवासी रोहित कुमार, लाडपुरा निवासी दीपक वैष्णव, गुमानपुरा निवासी अंकित अग्रवाल और रामपुरा निवासी विनोद कुमार को गिरफ्तार किया है।

# अवैध रिफिलिंग के विरुद्ध कार्रवाई

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले में एलपीजी की कालाबाजारी एवं अवैध रिफिलिंग के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जा रही है। जिले में अब तक 27 स्थानों पर कार्रवाई करते हुए प्रकरण दर्ज किए गए हैं। जिला रसद अधिकारी ने बताया कि कार्रवाई के दौरान 132 गैस सिलेंडर, रिफिलिंग मशीन एवं अन्य उपकरण जब्त किए गए हैं। साथ ही 27 प्रकरण तैयार कर जिला कलैक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किए गए हैं। इसके अतिरिक्त एक प्रकरण में प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई है।उन्होंने बताया कि इसी क्रम में भदालीखेड़ा क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित एक ऑटो एलपीजी पम्प को भी सील किया।

# पावटा उप जिला अस्पताल परिसर स्थित अन्नपूर्णा रसोई कई माह से बंद

- रसोई के ताले नहीं खुलने से मरीज और परिजन भूख और परेशानी से जूझने को मजबूर
- स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई बार संबंधित अधिकारियों को अवगत करवाने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई

**पावटा,** (निसं)। क्षेत्र में सरकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत एक बार फिर सवालों के घेरे में है। आमजन को सस्ता और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उपजिला अस्पताल पावटा परिसर में शुरू की गई अन्नपूर्णा रसोई योजना यहां पूरी तरह से दम तोड़ती नजर आ रही है। हालात यह है कि रसोई के ताले तक नहीं खुले और अस्पताल में भर्ती मरीजों के साथ उनके परिजन भूख और परेशानी से जूझने को मजबूर हैं। क्षेत्रवासियों और मरीजों के परिजनों ने प्रशासन से अन्नपूर्णा रसोई को शुरू करवाने की




उपजिला अस्पताल पावटा परिसर में अन्नपूर्णा रसोई बंद है।

मांग की है।

जानकारी के अनुसार अस्पताल परिसर में स्थित अन्नपूर्णा रसोई कई महीनों से बंद पड़ी है। ऐसे में दूर-दराज से आए गरीब मरीजों और उनके परिजनों के सामने भोजन की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। जिन लोगों के लिए यह योजना जीवनरेखा साबित होती, वही आज महंगे होटलों और ढाबों पर निर्भर होने को मजबूर हैं।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई बार संबंधित विभागिय अधिकारियों को अवगत करवाने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। प्रशासन की इस उदासीनता ने लोगों में आक्रोश पैदा कर दिया है। क्षेत्रवासियों और मरीजों के परिजनों ने प्रशासन से तत्काल प्रभाव से अन्नपूर्णा रसोई को शुरू करवाने, जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और भविष्य में ऐसी लापरवाही न हो इसके लिए ठोस व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

# शादी के नाम पर ठगी करने वाली गैंग पकड़ी

**हनुमानगढ़,** (निसं)। भादरा थाना पुलिस ने शादी के नाम पर ठगी करने वाली "लुटेरी दुल्हन" गैंग का पर्दाफाश किया है। गिरोह के चार सदस्यों को पुलिस ने दबोचा है। इस गिरोह ने शादी का झांसा देकर पांच लाख रुपए नकद और जेवर ठगे थे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हिसार निवासी दलवीर उर्फ धर्मबीर, पूजा, उषा और सुनीता के तौर पर हुई है। ये सभी हरियाणा के हिसार क्षेत्र के रहने वाले हैं।

पुलिस के अनुसार, यह गिरोह शादी का झांसा देकर लाखों रुपए और जेवर ठगता था। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दलवीर उर्फ धर्मबीर और उसके साथियों ने शादी करवाने के नाम पर 5 लाख रुपए मांगे थे। बातचीत के बाद पीड़ित ने करीब 3 लाख रुपए नकद दिए थे। 25 मार्च को शादी करवाई गई, जिसमें सोने की अंगूठी और अन्य खर्च भी हुए। शादी के बाद दुल्हन पूजा को लेकर आरोपी भादरा पहुंचे, लेकिन कुछ ही समय बाद वह अपने साथियों के साथ फरार हो गई। बाद में आरोपियों ने फोन कर शेष राशि की मांग की और धमकी भी दी। ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने पुलिस में मामला दर्ज कराया। जांच के दौरान सामने आया कि यह गिरोह योजनाबद्ध तरीके से शादी कर ठगी करता है।

# महावीर जन्म कल्याणक पर अजमेर में शोभायात्रा निकाली

- शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण करीब 150 वर्ष पुराना स्वर्ण रथ रहा, जिस पर भगवान महावीर की आकर्षक प्रतिमा विराजमान थी
- शोभायात्रा का दरगाह शरीफ के बाहर मुस्लिम समाज ने स्वागत किया, सांप्रदायिक सौहार्द दिखा

**अजमेर,** (निसं)। जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का 2625 वां जन्म कल्याणक महोत्सव सोमवार को अजमेर शहर सहित जिलेभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर केसरगंज स्थित श्री पार्श्वनाथ जैसवाल जैन मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण करीब 150 वर्ष पुराना स्वर्ण रथ रहा, जिस पर भगवान महावीर की आकर्षक प्रतिमा विराजमान थी। रथ के साथ हाथी, घोड़े, बग्घियां और सजी-धजी झांकियां चल रही थीं, जो पूरे शहर में आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। जुलूस में जैन समाज के महिला-पुरुष, बच्चे और बुजुर्ग बड़ी संख्या में शामिल हुए। जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा भगवान महावीर के जयकारे गूंजते रहे और पूरा वातावरण भक्ति एवं उत्साह से सराबोर रहा। शोभायात्रा में भगवान महावीर के जीवन प्रसंगों और उनके सिद्धांतों पर आधारित करीब 40 आकर्षक झांकियां



अजमेर में श्री पार्श्वनाथ जैसवाल जैन मंदिर से शोभायात्रा निकाली।

सजाई गईं। जुलूस में जिनवाणी रथ, ऐरावत हाथी, 11 घोड़े, उद्घोषक रथ, 7 बैंड, 21 ढोल और संगीत मंडलियों की प्रस्तुतियों ने माहौल को और भी भव्य बना दिया। जब शोभायात्रा ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती दरगाह के मुख्य द्वार पर पहुंची, तब मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों ने पुष्प वर्षा कर जुलूस का स्वागत किया। गरीब नवाज सूफी मिशन सोसायटी के पदाधिकारियों ने जैन समाज के प्रतिनिधियों का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया, वहीं दरगाह के खादिमों द्वारा दस्तारबंदी कर सम्मान प्रकट किया गया। इस दौरान सांप्रदायिक सौहार्द और भाईचारे का अद्भुत उदाहरण देखने को मिला। सुरक्षा व्यवस्था के तहत दरगाह क्षेत्र में पुलिस प्रशासन का भारी जाब्ता भी तैनात रहा। पूरे आयोजन के दौरान भगवान महावीर के 'अहिंसा परमो धर्म' और 'जियो और जीने दो' के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में महावीर स्वामी के सिद्धांतों को अपनाकर समाज में शांति, सद्भाव और मानवता को मजबूत किया जा सकता है। महावीर जन्म कल्याणक के इस भव्य आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्था को सशक्त किया, बल्कि सामाजिक समरसता और एकता का भी प्रेरणादायक संदेश दिया।

## NAME CHANGE

I, Rajendra Kumar Vijay s/o Ram Kishore Vijay R/o D-16, Devi Chiranjeev Colony, Jaipur under oath declare that Rajendra Kumar Vijay and Rajendrakumar Ramkishore Vijay are both my names and I should be known by both names.

## खोया पाया

मेरे फ्लैट नम्बर- 26/B1/1005 अनुपम अपार्टमेंट, सैक्टर-26, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर का ओरिजनल अलाटमेंट लेटर कहीं खो गया मिलने पर सूचित करें- 8386001116

मैं कविता गौड पत्नि ओम प्रकाश गौड निवासी ई-661 आम्रपाली सर्किल वैशाली नगर जयपुर मेरे प्लाट नं. डी-145 स्कीम सिंघल SNG सिटी, विलेज महला, तह.मौजमाबाद, दूदू, जयपुर की ओरिजनल रजिस्ट्री कहीं खो गई है। मिलने पर सूचित करें। 8005674116

भू. सं. B-202 विद्याधर नगर जयपुर का इकरारनामा 9 दिसम्बर 1998 का कही गिर गया है सूचित करे- मो. 7976282341

मेरे भूखण्ड सं- 72 योजना रामेश्वर धाम -वी जयपुर की विकास भवन गृह निर्माण सहकारी समिति लि. से जारी मूल रसीद कही गुम हो गयी है सूचित करे-रमेश चन्द गोयल मो.9460703514

### नोटिस हरखास आम

**श्री देवेन्द्र दीक्षित, जिला न्यायाधीश, सवाई माधोपुर**

**हाजरा बानो पत्नि स्व.हबीब खान उम्र 65 साल निवासी ग्राम गोपालपुरा की ढाणी, रेलवे कॉलोनी तहसील व जिला सवाई माधोपुर**

बनाम प्रार्थीया/आवेदक

1. हरखास आम, 2. इफरोज, उम्र 27 वर्ष पुत्र हबीब खान, समस्त निवासीयान ग्राम गोपालपुरा की ढाणी, रेलवे कॉलोनी, सवाई माधोपुर तहसील व जिला सवाई माधोपुर, 3. रजियाना उम्र 40 वर्ष पुत्री हबीब खान, समस्त निवासीयान ग्राम गोपालपुरा की ढाणी, रेलवे कॉलोनी, सवाई माधोपुर तहसील व जिला सवाई माधोपुर, 4. कल्लो, उम्र 35 वर्ष पुत्री हबीब खान, समस्त निवासीयान ग्राम गोपालपुरा की ढाणी, रेलवे कॉलोनी, सवाई माधोपुर तहसील व जिला सवाई माधोपुर, 5. मफ्फो, उम्र 32 वर्ष पुत्री हबीब खान, समस्त निवासीयान ग्राम गोपालपुरा की ढाणी, रेलवे कॉलोनी, सवाई माधोपुर तहसील व जिला सवाई माधोपुर, 6. जास्मीन, उम्र 30 वर्ष पुत्री हबीब खान, समस्त निवासीयान ग्राम गोपालपुरा की ढाणी, रेलवे कॉलोनी, सवाई माधोपुर तहसील व जिला सवाई माधोपुर, 7. जुमरत बानो, उम्र 64 वर्ष पत्नि हबीब खान, समस्त निवासीयान ग्राम गोपालपुरा की ढाणी, रेलवे कॉलोनी, सवाई माधोपुर तहसील व जिला सवाई माधोपुर, 8.शाखा प्रबन्धक यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया मण्डी रोड, आलनपुर सवाई माधोपुर तहसील व जिला सवाई माधोपुर

अप्रार्थीगण...

**प्रार्थना पत्र अन्तर्गत 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम विविध दीवानी प्रकरण (38) संख्या-11/2026**

तारीख पेशी-27.04.2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त प्रार्थीया/आवेदक के प्रति **हबीब खान पुत्र फरियाद खान निवासी गोपालपुरा ढाणी रेलवे कॉलोनी सवाई माधोपुर (राजस्थान)** की मृत्यु दिनांक 18.12.2025 को हो गई है। मृतक **हबीब खान** के अप्रार्थी संख्या-(8) यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया मण्डी रोड, आलनपुर सवाई माधोपुर के खाता संख्या 520101205921716 में 3,22,000/- रूपये जमा है। उक्त जमा राशि को प्राप्त करने के लिए प्रार्थीया ने अपने पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी करने बाबत न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है।

लिहाजा जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति असालतन वकालतन इस न्यायालय में निश्चित दिनांक 27.04.2026 को 8.00 ए.एम. बजे उपस्थित होकर पेश कर दे वरना समय गुजरने के बाद कोई आपत्ति ग्रहण नहीं की जावेगी तथा प्रार्थना पत्र एक तरफा सुनकर निर्णित कर दिया जावेगा।

मेरे दस्तखत व मुहर अदालत से आज दिनांक 27/3/26 को जारी किया गया।

मोहर अदालत

आज्ञा से-वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सैशन न्यायालय
सवाई माधोपुर

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

### कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर

**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस**

**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**

मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2026/1771

चूंकि प्रार्थी श्री OMENDRA SINGH RATNU, PLOT NO A-106, P.N. 6/H/3, STAR PRATISHTHA, VIDHYADHAR NAGAR JAIPUR, 302039 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास निमित्तेकम 1/412, VIDHYADHAR NAGAR JAIPUR 302039, RAJASTHAN के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 10.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 20.05.2026

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

### कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, अजमेर संभाग, अजमेर

**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस**

**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**

**कार्यालय : राजस्थान लोक सेवा आयोग के सामने, कांकरदा भूणाभाय, जयपुर रोड, अजमेर**

मुकदमा नम्बर : 4870/2026

**(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)**

चूंकि श्री हेमंत यादव कोषाध्यक्ष ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम, 1959 की धारा 17 के अन्तर्गत पार्श्व एजुकेशन एण्ड पब्लिक वेलफेयर समिति टोंक के पंजीयन हेतु प्रन्यास के संबंध में जाँच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।

अतः एवं धारा 18 की उप धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास, जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 60 दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियाँ, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियाँ प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित नीति से निर्णित किया जावेगा तथा जाँच प्रपत्र मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 30.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय की मोहर के अधीन जारी किया गया।

आगामी तारीख पेशीः 12.06.2026

मोहर अदालत

(गिरीश कुमार बचानी)
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, अजमेर

नम्बर मिलाइए
9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# अधूरी सड़क और पानी की किल्लत को लेकर फूटा जनता का आक्रोश

**मनोहरपुर।** कस्बे के अमन कॉलोनी में सोमवार को नगर पालिका के द्वारा डाली गई अधूरी सड़क और पानी सप्लाई सही नहीं होने से पानी नहीं आने को लेकर जलदाय विभाग के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान सड़क निर्माण कार्य को बीच में ही छोड़ने और पिछले कई महीनों से जारी पानी की किल्लत से परेशान होकर महिलाओं और पुरुषों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

इस दौरान अधूरी सड़क का नगर पालिका द्वारा मुनीर कुरैशी के मकान से इरशाद खान के मकान तक सड़क बनाई जानी थी, लेकिन काम को अधूरा छोड़ दिया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत के समय से लेकर नगर पालिका बनने तक, आज तक इस रास्ते पर सड़क या ब्लॉक सड़क नहीं बनी है।इस दौरान नानूवाला अमन कॉलोनी में पिछले कई महीनों से पानी की सप्लाई ठप पड़ी है। लोगों ने बताया कि इस संबंध में जलदाय विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को बार-बार सूचित किया गया, लेकिन समाधान के नाम पर केवल आश्वासन मिला।



पानी की किल्लत से परेशान होकर महिलाओं और पुरुषों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

कुंवर दिगराज सिंह ने मोर्चा संभाला और विरोध प्रदर्शन की सूचना मिलते ही कुंवर दिगराज सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने लोगों को शांत करवाया और उनकी शिकायतों को विस्तार से सुना।

वही शाहपुरा और मनोहरपुर के सियासी और सामाजिक गलियारों में आज एक बार फिर इतिहास खुद को दोहराता नजर आ रहा है। एक बार फिर जनता को देखने को मिला कि जिस तरह पूर्व में रावधीर सिंह लोगों के बीच जाकर, उनके दुख-दर्द साझा कर समस्याओं का मौके पर ही निवारण किया करते थे। जिससे जनता ने उनको मंत्री बनाया था आज वही सेवाभावी रूप कुंवर दिगराज सिंह में दिखाई दे रहा है। विरासत वाली वही सादगी और वही प्यार शाहपुरा की जनता के बीच कुंवर दिगराज सिंह का बढ़ता ग्राफ इस बात का प्रमाण है कि लोगों को उनमें अपना पुराना रक्षक नजर आता है। आज भी जनता का वही अटूट प्यार और भरोसा कुंवर दिगराज सिंह के लिए उमड़ रहा है, जो कभी राव धीर सिंह के लिए हुआ करता था। इस दौरान कुंवर दिगराज सिंह ने कहा जनता की मूलभूत सुविधाओं से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सड़क और पानी का मुद्दा सीधे तौर पर आम आदमी के जीवन से जुड़ा है। हम संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर जल्द से जल्द समाधान सुनिश्चितकरेंगे। कुंवर दिगराज सिंह

- ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत के समय से लेकर नगर पालिका बनने तक, आज तक इस रास्ते पर सड़क या ब्लॉक सड़क नहीं बनी है

आगे की स्थिति मौके पर हुई वार्ता के बाद लोगों ने इस उम्मीद में प्रदर्शन समाप्त किया कि कुंवर दिगराज सिंह के हस्तक्षेप के बाद प्रशासन नींद से जागेगा। स्थानीय निवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क का निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ और पानी की सप्लाई बहाल नहीं की गई, तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करने को मजबूर होंगे। जलदाय विभाग के कनिष्ठ अभियंता जयराम सैनी ने कहा कि अमन कॉलोनी में 10 अप्रैल तक करीब 50 मीटर पानी की पाइपलाइन डाली जाएगी। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी हरिनारायण यादव का कहना है कि इस रोड के बारे में मुझे ज्ञात नहीं है इसके बारे में जानकारी लेकर ही बता सकता हूं।

## कलक्टर ने ली सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**अलवर।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने आज कलक्ट्रेट सभागार में जिला सडक़ सुरक्षा समिति की बैठक लेकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय से जिले की सडक़ों को और अधिक सुरक्षित बनाने की दिशा में आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने वर्षवार सडक़ दुर्घटनाओं की विस्तृत समीक्षा कर निर्देशित किया कि सडक़ दुर्घटनाओं की प्रभावी रोकथाम एवं सडक़ सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए संबंधित विभाग समन्वित प्रयास कर आवश्यक सुरक्षात्मक कदम उठावें। उन्होंने निर्देशित किया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर दुर्घटना संभावित बिंदुओं पर एएनपीआर कैमरे स्थापित करावें तथा दुर्घटनाओं को रोकथाम के लिए प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई की जावें। उन्होंने सीएमएचओ को निर्देश दिये कि पीएम राहत योजना में सरकारी एवं निजी अस्पतालों के माध्यम से दुर्घटना में पीड़ित व्यक्ति को 1.50 लाख रुपए के कैशलेस उपचार उपलब्ध कराए तथा जिले में योजना का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार भी कराया जावे।

# कलक्टर ने संपर्क हैल्पलाईन 181 के परिवादियों से सीधा संवाद किया

- संपर्क पोर्टल पर प्रभावी मॉनिटरिंग कर शिकायतों के त्वरित निस्तारण के दिये निर्देश
- परिवाद निस्तारण में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ होगी सख्त कार्यवाही

**कोटपूतली।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के सुशासन के संकल्प के अनुरूप जिला प्रशासन आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के लिये प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। इसी क्रम में जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी ने सोमवार को राजस्थान संपर्क हैल्पलाईन (181) के माध्यम से आमजन की शिकायतों की समीक्षा करते हुये स्वयं परिवादियों से संपर्क स्थापित कर उनकी समस्यायें सुनी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जायें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, एनएफएसए एवं विद्युत जैसे विषय अत्यंत संवेदनशील हैं, अतः संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुये आमजन को त्वरित राहत प्रदान की जायें। उन्होंने परिवादियों को फोन कर उनकी समस्यायें सुनी और उनसे सीधे संवाद कर फीडबैक लिया। कई मामलों में उन्होंने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिये। उन्होंने कोटपूतली निवासी प्रमोद सैनी से संवाद कर ट्रांसफार्मर को पानी बहाव क्षेत्र से अन्यत्र शिफ्ट करने के प्रकरण पर संज्ञान लेते हुये जेवीवीएनएल अधिकारी को यथाशीघ्र कार्यवाही कर मय फोटो रिपोर्ट प्रस्तुत करने एवं परिवाद का निस्तारण करने के निर्देश दिये। इसी क्रम में जिला कलक्टर ने नीमराणा के डाबड़वास निवासी दीपक से सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज ग्राम की पीएचसी में जांच मशीन और दवाओं की अनुपलब्धता की शिकायत के संबंध में संवाद कर सीएमएचओ को पीएचसी विजिट कर तुरंत कार्यवाही करने के निर्देश दिये। साथ ही बीसीएमओ के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। जिला कलक्टर ने एनएफएसए से नाम हट जाने के प्रकरण के संबंध में बानसूर के मोठुका निवासी लहरीराम से संवाद कर 2016 में एनएफएसए के नियमानुसार अपात्रता के चलते नाम हटाये जाने एवं परिवाद डिस्पोज करने की कार्यवाही को जायज बताया। साथ ही एनएफएसए के तहत आर्थिक पात्रता के आधार पर पुनः एनएफएसए में नाम जुड़वाने की प्रोसेस की जानकारी विस्तार से देते हुये आवेदन करने का सुझाव दिया। जिला कलक्टर ने स्पष्ट कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप आमजन की शिकायतों के त्वरित निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। संबंधित अधिकारी शिकायतों को अनावश्यक रूप से लंबित ना रखें। फील्ड विजिट कर तथ्यात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत करें तथा परिवादियों से संपर्क कर संतुष्टि सुनिश्चित करें। नियमानुसार निस्तारण संभव ना होने की स्थिति में परिवादी को पूर्ण जानकारी प्रदान कर समझाईश करें।

## वकील से अभद्रता पर भड़के अधिवक्ता

**दौसा।** जिला अभिभाषक संघ ने सोमवार को एक पुलिसकर्मी द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ता के साथ किये गये दुर्व्यवहार एवं धमकी देने के विरोध में न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया तथा न्यायालय परिसर में जमकर हंगामा किया। इधर अभिभाषक संघ ने बैठक आयोजित की गई जिसमें दोषी पुलिसकर्मी को निलम्बित नही किये जाने पर अनिश्चितकालीन न्यायिक कार्य का बहिष्कार का निर्णय लिया। वही दूसरी ओर पुलिस प्रशासन की कार्यशैली से खफा पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देने गये अधिवक्ता बैरंग लौट आये। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कुंज बिहारी शर्मा ने बताया कि घटना 30 मार्च की है। वरिष्ठ अधिवक्ता रिद्धि चन्द शर्मा अपने मुवक्किल सुनील कुमार शर्मा की गिरफ्तारी की जानकारी लेने कोतवाली थाने पहुंचे थे। आरोप है कि वहां मौजूद एएसआई बाबूलाल चौधरी ने उन्हें जानकारी देने के बजाय उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया।एएसआई ने अधिवक्ता को जबरन हवालात में डालने और राजकार्य में बाधा का झूठा मुकदमा दर्ज करने की धमकी दी।

# डॉ.भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती को लेकर बनी रूपरेखा

**पावटा।** अंबेडकर मंच समिति शाखा टोरडा गुजरान द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन मानसिंह धानका की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती को भव्य रूप से मनाने

- भव्य आयोजन की तैयारियों पर चर्चा, सामाजिक समरसता का दिया संदेश

को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। लोगों ने जयंती समारोह को ऐतिहासिक बनाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की। इस दौरान शोभायात्रा, विचार गोष्ठी, सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित करने पर सहमति बनी।



अंबेडकर मंच शाखा टोरडा गुजरान की बैठक आयोजित हुई।

इस दौरान हीरालाल गुर्जर, बनवारीलाल गुर्जर, अमर सिंह धानका, बाबूलाल आर्य ठेकेदार, गिरिराज आर्य, उपाध्यक्ष रोशन लाल आर्य, मैनेजर बाबूलाल आर्य, प्रहलाद गुर्जर, रामकुआर आर्य, वकील अशोक कुमार गुर्जर, मास्टर बहादुर आर्य महासचिव जयमल धानका, खैराती लाल गुर्जर, दाताराम आर्य, रामवतार धानका, हरिराम आर्य, तेजाराम हवलदार, मूलचंद हवलदार, सूबेदार श्रीराम गुर्जर, मास्टर कृष्ण आर्य, सुगनचंद आर्य, रोशनलाल धानका, बिडदू राम आर्य, तेजपाल आर्य सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## छात्रों ने लोकसभा भ्रमण किया

**भरतपुर।** महारानी जया राजकीय महाविध्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के तत्वाधान में राजनीति विज्ञान विभाग के पीजी और यूजी के विधयार्थियों एवं फैकल्टी मेम्बर ने लोकसभा की कार्यवाही का जीवंत प्रसारण देखा। धौलपुर-करौली सांसद भजनलाल जाटव एवं भरतपुर सांसद संजना जाटव भ्रमण के दौरान ग्रुप के साथ रहे। भजन लाल जाटव ने इस दौरान पार्लियामनेटरी गॅलरी की उपयोगिता एवं एतिहासिक परिप्रेक्ष्य को समझाया, संजना जाटव ने पुराने संसद भवन का भ्रमण करवाया। इस दौरान लोकसभा सांसद बृजेन्द्र सिंह ओला, भूपेन्द्र हुड्डा राज्यसभा सांसद मुकुल वासनिक से ग्रुप के सदस्यों ने वार्ता की एवं बच्चों को प्रेरित किया की वे राजनीति में आयें और जनसेवा से जुड़ें। इस दौरान बच्चों ने लोकसभा सभागार में बैठकर ज़ीरो हावर की कार्यवाही को देखा, इस दौरान विभिन्न सांसदों ने अपने अपने क्षेत्रों की समस्याओं को उठाया।

# किशनगढ़ बास में 52 वां खाटू श्याम मेला सम्पन्न

**किशनगढ़ बास।** बांस कृपाल नगर स्थित श्री श्याम प्रभु (खाटू वाले) का 52वां दो दिवसीय मेला श्रद्धा और भक्ति के साथ सम्पन्न हुआ। मेले के दौरान शोभायात्रा, जागरण एवं भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

रात्रि जागरण में राजगढ़ के सुरजीत सिंह, ब्रजधाम के विष्णु बृजवासी, भरतपुर के तनु फौजदार, धर्मवीर बृजवासी, विक्की वशिष्ठ एवं सुनील जागिड़ ने श्याम भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई, जिसके बाद हनुमान जी, महादेव और खाटू श्याम के भजनों से वातावरण भक्तिमय हो गया।

रोचक व भावपूर्ण अंदाज में प्रस्तुत भजनों पर महिला-पुरुष श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे। दुनिया का तू लखदातार सांवरे, हम तो बाबा के भरोसे चलते हैं, तू है मेरा एक सांवरा और कर दे मेरा बेड़ा पार सांवरे जैसे भजनों ने भक्तों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम के



मेले में श्याम जागरण के दौरान उपस्थित भक्तगण।

- खैरथल तिजारा जिले सहित विभिन्न जिलों के श्याम मंदिर समिति व मेले सहयोग देने वाले भक्तों का मंदिर समिति ने किया सम्मान

दौरान मंदिर कमेटी द्वारा मेले के सहयोगियों, श्याम भक्तों एवं अतिथियों को तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया गया। मेले के सफल आयोजन में श्याम बाबा विकास समिति अध्यक्ष गोरधन दास जांगिड़, श्याम नवयुवक मंडल अध्यक्ष धर्मवीर शर्मा, दीनदयाल गुप्ता, रामचंद्र यादव, जयप्रकाश पटेल, आदि मौजूद रहे।

# प्रशिक्षण वर्ग में कार्यकर्ताओं को मिला संगठन मजबूती का मंत्र

**पावटा।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के तहत पावटा मंडल का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग सोमवार को राजमार्ग स्थित महरोज मोड़ पर पंसारी रिसोर्ट में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर संगठन को मजबूत करने के गुर सीखे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन व वर्ग गीत के साथ हुआ। 0प्रथम सत्र की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विरेन्द्र राठी ने की, जिसमें वक्ता गुड्डू सैनी ने भाजपा के इतिहास और विकास पर प्रकाश डाला। द्वितीय सत्र में मंडल महामंत्री की अध्यक्षता में शाहपुरा प्रत्याशी उपेन यादव ने बूथ प्रबंधन और मन की बात कार्यक्रम के महत्व को समझाया।


**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण श्री बजरंग लाल अग्रवाल एवं श्रीमती कान्ता देवी अग्रवाल, निवासी अजीतगढ़, सीकर के पुत्र अमित कुमार अग्रवाल व उसकी पत्नि हंसा कुमारी अग्रवाल मेरे अभिभाष्यगण के साथ पिछले लम्बे समय से दुर्व्यवहार कर रहे हैं। अमित कुमार अग्रवाल अपनी पत्नि हंसा कुमारी एवं अपनी दोनो पुत्रियों के साथ मेरे अभिभाष्यगण से पृथक निवास कर रहे है। अमित कुमार अग्रवाल व हंसा कुमारी का व्यवहार मेरे अभिभाष्यगण के प्रति अशोभनीय एवं दुष्टतापूर्ण है, इसलिए मेरे अभिभाष्यगण अपने पुत्र अमित कुमार अग्रवाल व पुत्रवधु हंसा कुमारी को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्तियों से बेदखल करते है तथा जो कोई व्यक्ति/संस्था इनसे किसी प्रकार का लेन-देन, संव्यवहार करता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी उसकी स्वयं की होगी।

शकुन्तलम् एसोसिएट्स
(सुमित शर्मा) एडवोकेट, मो.: 9414242943

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री मोहम्मद सलीम पुत्र श्री मोहम्मद सद्दीक निवासी-मकान नम्बर 3252, मौहल्ला महावतान, कांच की सबील, घाटगेट, जयपुर, राजस्थान का पुत्र मोहम्मद हनीफ व उसकी पत्नी नगमा बेगम मेरे मुवक्किल के कहे में नही है और मेरे मुवक्किल व परिवार के अन्य सदस्यों के साथ उनका पुत्र व बहु छोटी-छोटी बातो को लेकर गाली गलोच व झगड़ा करते है तथा जिस कारण मेरे मुवक्किल ने अपने पुत्र व पुत्रवधु को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से एवं अपने परिवार से बेदखल कर दिया है और मेरे मुवक्किल के पुत्र व बहु से सभी संबंध समाप्त कर दिये है, जो कोई व्यक्ति मेरे मुवक्किल के पुत्र मोहम्मद हनीफ खान व बहु से किसी भी तरह का सनव्यवहार करेगा उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा कृपया सूचित रहे।

(इमरान अहमद) एडवोकेट मो.न.7877107041

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य अब्दुल लतीफ पुत्र श्री मोहम्मद इब्राहिम निवासी मकान नं. 1090 साभर हाउस, गुलजार मस्जिद घाटगेट जयपुर का छोटा पुत्र अब्दुल वहिद है जो मेरे अभिभाष्य के कहने में नही होने तथा उन्हें प्रताडित करने तथा सही चाल चलन नही होने तथा किसी प्रकार का कोई खर्चा नही देने के कारण मेरे अभिभाष्य ने अपने पुत्र अब्दुल वहिद को सन्-2022 माह फरवरी में अपनी सम्पूर्ण चल अचल सम्पत्ति व जायदाद घर बार से बेदखल किया हुआ है। मेरे अभिभाष्य के पुत्र अब्दुल वहिद से मेरे अभिभाष्य का कोई संबंध व सरोकार नही है ना ही उसके द्वारा किये गये किसी कार्य के लिए मेरा अभिभाष्य जिम्मेदार है ना ही भविष्य में जिम्मेदार होगा।

जयपुर
दिनांक 30/3/2026

आरिफ मोहम्मद, एडवोकेट
मो. नं. 7742611602

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे परिवार के पूर्व सदस्य प्रवीणा दाधीच धर्मपत्नी स्वर्गीय श्री लोकेश दाधीच, योग्यांशी दाधीच पुत्री स्वर्गीय श्री लोकेश दाधीच, सूर्यांश दाधीच पुत्र स्वर्गीय श्री लोकेश दाधीच पूर्व निवासीयान 1543 पंचवीरों का मोहल्ला, जाट के कुएं का रास्ता, चांदपोल बाजार, जयपुर ने बिना किसी कारण के स्वेच्छा से मेरे ज्येष्ठ पुत्र अर्थात लोकेश दाधीच के स्वर्गवास के पश्चात् हमारे परिवार को त्याग कर दिया है एवं वर्तमान में उक्त प्रवीणा, योग्यांशी व सूर्यांश का हमारे परिवार से किसी भी प्रकार का कोई संबंध नहीं है व ना ही उनका हमारे परिवार से कोई वास्ता है। अतः यह घोषित किया जाता है कि उक्त व्यक्ति द्वारा हमारे परिवार के नाम, प्रतिष्ठा या अधिकार का उपयोग करते हुए यदि कोई भी कार्य, लेन-देन, अनुबंध या अन्य गतिविधि की जाती है, तो उसे हमारे परिवार द्वारा न तो मान्यता दी जाएगी और न ही स्वीकार किया जाएगा। यदि कोई व्यक्ति उक्त व्यक्ति के साथ हमारे परिवार के नाम पर कोई भी व्यवहार करता है, तो वह पूर्णतः अपने स्वयं के जोखिम एवं उत्तरदायित्व पर करेगा, जिसके लिए हमारा परिवार किसी भी प्रकार से जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचितकर्ता- विष्णु दत्त पुत्र स्वर्गीय श्री मोहनलाल, निवासी- 1543, पंचवीरों का मोहल्ला, जाट के कुएं का रास्ता, चांदपोल बाजार, जयपुर। मो.: 9351118202

### कार्यालय नगर पालिका मण्डल कालाडेरा (जयपुर)

कमांक-न.पा.का./2025-26/817 **आपत्ति सूचना** दिनांक-30/03/26

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका में निम्नानुसार आवेदक ने अपने स्वामित्व दस्तावेजों के साथ नामान्तरण हेतु आवेदन किया है।

| क्र. सं. | पूर्व में सम्पति किसके नाम दर्ज है | वर्तमान में सम्पति किसके नाम दर्ज की जानी है | क्षेत्रफल वर्गमीटर | योजना का नाम | वि. विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री कन्हैया लाल कुमावत पुत्र श्री दुलाराम | श्री श्रीराम पुत्र श्री शिवप्रकाश देववृत | 216 | बेरावाली ढाणी, कालाडेरा | पंजीकृत हकत्याग |

अतः उपर्युक्त आवेदकों के पक्ष में नामान्तरण जारी करने बाबत किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज इस सूचना के जारी होने से 7 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत कर दे। बाद मियाद प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा। सूचना में अंकित अवधि पश्चात पत्रावलियों के निस्तारण की कार्यवाही की जावेगी। दस्तावेज / साक्ष्य के प्रस्तुतीकरण के अभाव में नियमन नही होने के लिये आवेदनकर्ता स्वयं जिम्मेदार होंगे।

(सूर्यकान्त शर्मा) अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका कालाडेरा

### OFFICE OF THE REGISTRAR, MAHARAJA SURAJMAL BRIJ UNIVERSITY, CHAK SAKEETRA KUMHER BHARATPUR ONLINE INVITING TENDER NOTICE

NIB No Exam/2025-26/282 Date: 28.03.2026

**TENDER NOTICE NO 35**

Maharaja Surajmal Brij University, Bharatpur hereby invites E-bid for Answer Books Supply work separately for the Year 2026. The bid may be downloaded from 27.03.2026 (5:00PM) and last date of submission of the bid is 02.04.2026 (1:00PM). Details of the same may be seen on http://sppp.rajasthan.gov.in or http://eproc.rajasthan.gov.in or University website http://msbrijuniversity.ac.in/notice board.

**NIB No.: BUB2526A0022**
**UBH NO-BUB2526GLOB00059**

**Registrar**

### कार्यालय नगर निगम जयपुर

(जलेबी चौंक, बडी चौपड़)

क्रमांक :– जसअ / 2025 / 567 दिनांकः 23.03.2026

**–: : ई–निविदा सूचना संख्या अधि.अभि.विद्युत पार्ट–II 61–62/2025–26 : :–**

केन्द्र एवं राज्य सरकार के सभी विभागों मे पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के ठेकेदारों एवं नगर निगम जयपुर के पंजीकृत संवेदकों से नगर निगम जयपुर पार्ट–II से संबंधित ई–निविदा प्रकाशित की जाती है। कार्य की अनुमानित लागत, टेण्डर बेचने तथा प्राप्त करने की तिथि, टेण्डर शर्तें आदि सम्पूर्ण विवरण नगर निगम जयपुर की वेब साईट www.jaipurmc.org, http://eproc.rajasthan.gov.in & http://sppp.rajathan.gov.in पर निम्न UBN No. JMC 2526WSOB02978 to JMC 2526WSOB02979 पर देखा जा सकता हैं।

इच्छुक संवेदकों को ई–निविदा में भाग लेने हेतु वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक हैं।

अधिशाषी अभियन्ता (विद्युत)
नगर निगम जयपुर, पार्ट–II

राज.संवाद / सी / 25 / 23578

### राजस्थान राजपत्र विशेषांक

साधिकार प्रकाशित

**RAJASTHAN GAZETTE**
**Extraordinary**
Published by Authority

भाग–1(ख)
महत्त्वपूर्ण सरकारी आज्ञाएँ
जल संसाधन विभाग
विज्ञप्ति
जयपुर, मार्च 19, 2026
Published By Authority

चैत्र 06, शुक्रवार, शाके 1948– मार्च 27, 2026
Chaitra 06, Friday, Saka 1948- March 27, 2026

संख्याः22 / भू.अ. / ज.स. / 2023 / 368–372 :– चूंकि राज्य सरकार को ऐसा प्रतीत होता है कि राज्य व्यय पर सार्वजनिक प्रयोजनार्थ रामगढ एंव महलपुर बैराज और नवनेरा–गलवा–बीसलपुर–ईसरदा लिंक परियोजना के अन्तर्गत गलवा पम्प हाउस एंव गलवा बांध से बीसलपुर बांध तक फीडर निर्माण में आने वाली संभी सरचनाओं में प्रभावित भूमि को अवाप्त किया जाना आवश्यक है। यह घोषणा की जाती है कि संलग्न सूची में वर्णित भूमि की उक्त प्रयोजनार्थ आवश्यकता है।

यह घोषणा भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा–19 के प्रावधानुसार उन सब हितकारियों के निमित्त जिनका इससे सम्बन्ध हो, जारी की जाती है तथा भूमि अवाप्ति अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) नैनवां, अतिरिक्त कलेक्टर (पुनर्वास) एंव भूमि अवाप्ति अधिकारी, बीसलपुर परियोजना देवली, टोंक को कथित भूमि की अवाप्ति के निमित्त कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया जाता है।

भूमि के नक्शे का निरीक्षण भूमि अवाप्ति अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) नैनवा, अतिरिक्त कलेक्टर (पुनर्वास) एंव भूमि अवाप्ति अधिकारी, बीसलपुर परियोजना देवली, टोंक तथा महाप्रबन्धक, आर.डब्ल्यू.,जी.सी.एल., पी.आई.यू. टोंक प्रथम के कार्यालय में किया जा सकता है।

विवरण

**नवनेरा–गलवा–बीसलपुर–ईसरदा लिंक परियोजना के अन्तर्गत गलवा से बीसलपुर बांध तक फीडर (RD 0 KM to 9.6 KM & RD 40.6 KM to 70.8 KM) निर्माण में अवाप्त योग्य भूमि के धारा 19 के प्रस्ताव**

विस्तृत जानकारी हेतु **QR Code** (क्यू आर कोड) स्कैन करें।

(महेश कुमार राठी)
उप सचिव एवं अधी. अभि. (लैण्ड बैंक)
कार्यालय मुख्य अभियन्ता, जल

राज.संवाद / सी / 25 / 23547

## संक्षिप्त

### श्री पंचमुखी हनुमान मेला 2 को

**मनोहरपुर ।** श्री पंचमुखी हनुमान जी के जन्मोत्सव और मेले के पावन अवसर पर मनोहरपुर में पंच दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 29 मार्च से प्रारंभ होकर 02 अप्रैल 2026 (चैत्र शुक्ल पूर्णिमा) तक श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ संपन्न होंगे। महंत धर्मेंद्र शर्मा ने बताया की 29 मार्च से प्रत्येक शाम सुन्दरकाण्ड पाठ, पंचदिवसीय मेला प्रांगण दिव्य रोशनी और सजावट, 1 अप्रैल रात्रि को पंचामृत अभिषेक और हवन, 2 अप्रैल को लक्खी मेला भरेगा, जिसमे श्री पंचमुखी हनुमान जी की अतिदिव्य झांकी सजाई जाएगी, इसी के साथ मेला प्रांगण में लोक कलाकारों द्वारा भजन संध्या कार्यक्रम, विभिन्न जुलूस झांकियां, झूले खेल खिलौने आकर्षण का केन्द्र रहेंगे, और दिव्य आतिशबाजी एवम मेला महाआरती के साथ महोत्सव का समापन होगा ।

### अवैध कॉलोनियों पर नगर परिषद की कार्यवाही जारी

**कोटपूतली।** स्थानीय नगर परिषद आयुक्त अरूण शर्मा के निर्देशानुसार सोमवार को नगर परिषद की टीम द्वारा नगर परिषद् क्षेत्र के गौशाला रोड़, टापरी रोड़, आदित्य इन्टरनेशनल स्कूल के क्षेत्र में 05 अवैध कॉलोनियों एवं निर्माणों पर कार्यवाही की गई। जिसमें निर्माण संबंधित सामग्री जप्त की गई। नगरपरिषद के अधिकारियों की निगरानी में अवैध कॉलोनियों एवं अवैध निर्माणों को हटाने की कार्यवाही की गई। इस दौरान राजस्व अधिकारी कृष्ण कुमार यादव, कनिष्ठ अभियंता कृष्ण कुमार गुर्जर, वरिष्ठ प्रारूपकार मोहन कुमार गुर्जर एवं नगर परिषद के अन्य कार्मिक मौजूद रहे।

### कोटपूतली-बहरोड़ को राज्य स्तर पर मिला सम्मान

**कोटपूतली।** टीबी स्क्रीनिंग के मामले में जिला कोटपूतली-बहरोड़ प्रदेश में चौथे नंबर पर रहा। राज्य स्तर पर सभी जिलों की टीबी स्क्रीनिंग की रैंकिंग जारी की गई, जिसमें कोटपूतली-बहरोड़ जिला चौथे नंबर पर रहा। राज्य स्तरीय समारोह में 05 टॉप जिलों को सम्मानित किया गया। जिसमें कोटपूतली-बहरोड़ जिला भी शामिल रहा। सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत ने पूरी टीम को बधाई देते हुये आगे भी इसी तरह टीम के रूप में कार्य करने के लिये प्रोत्साहित किया। इस मौके पर जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. जयभगवान यादव द्वारा सुरेश सैनी, प्रमोद कुमार, रामरतन, अष्विनी, भवानी, श्रीराम आदि को इस कार्य के लिये बधाई दी गई। यह जानकारी डीएनओ रविकांत जांगिड़ ने दी।

### शोभायात्रा निकाली

**अलवर ।** जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का 2553 वाँ जन्म कल्याणक महोत्सव अलवर शहर में पूरी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। सोमवार को शहर की सडक़ों पर भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला, जब मुंशी बाजार स्थित श्री चन्द्रप्रभ दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर से भगवान महावीर की भव्य स्वर्ण रथयात्रा निकाली गई। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद जैन ने बताया कि स्वर्ण रथयात्रा बैण्डबाजा और शहनाई की मधुर धुनों के साथ शुरू हुई, जिसमें शामिल प्रेरणादायक झांकियां और भजन मंडलियां आकर्षण का केंद्र रहीं। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से सराबोर होकर स्वर्ण रथ को अपने हाथों से खींचकर पुण्य लाभ कमाया। शहर के प्रमुख मार्गों को आकर्षक तोरण द्वारों से सजाया गया था, जहां जगह-जगह श्रद्धालुओं ने श्रीजी की आरती उतारकर अगवानी की। यह रथयात्रा शहर के विभिन्न हिस्सों से होती हुई करोली कुण्ड स्थित जैन नसिया जी पहुंची, जहाँ ध्वजारोहण के साथ तीन दिवसीय मेले का भव्य शुभारंभ हुआ।

### फुलेरा में 5 अप्रैल को शोभायात्रा

**फुलेरा।** नगर में धार्मिक उत्साह के साथ 5 अप्रैल को भगवा शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। आयोजकों ने इसे नगरवासियों के लिए हर्ष का विषय बताते हुए अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता की अपील की है। शोभायात्रा का शुभारंभ श्रीरामनगर स्थित लीलाधर जी की बगीची से दोपहर होगा, जो नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए गणगौरी बाजार में संपन्न होगी। आयोजन को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। आयोजकों ने सभी नगरवासियों से परिवार सहित शामिल होकर धार्मिक एकता एवं सामाजिक समरसता का परिचय देने का आह्वान किया है।

# टोंक में महावीर के जन्म कल्याणक महोत्सव पर शोभायात्रा निकाली

**टोंक।** जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव मुख्यालय में अमीरगंज स्थित श्री दिगंबर जैन नसिया में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जैन नसिया मंदिर परिसर भक्तों की भारी भीड़ से गुंजायमान रहा और पूरे वातावरण में "भगवान महावीर स्वामी की जय" के जयकारे गूंजते रहे।

धर्म प्रचारको द्वारा सोमवार को प्रात:काल से ही भगवान महावीर स्वामी का विधिविधानपूर्वक अभिषेक एवं शांतिधारा की गई तत्पश्चात श्रद्धालुओं ने भगवान महावीर स्वामी की विशेष पूजा अर्चना करते हुए अर्घ्य समर्पण किए एवं जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म लाभ प्राप्त किया। वही शहर के आदर्श नगर जैन अग्रवाल मंदिर के कई श्रद्धालुओं ने



महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव भक्ति और उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया ।

भगवान महावीर की झांकी व जयघोष बैंड के साथ अमीरगंज जैन नसियां मंदिर पहुचकर महोत्सव के तहत भव्य शोभायात्रा का प्रारम्भ हुआ, जो जैन नसिया अमीरगंज से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए घंटाघर पहुंची जहां पर हाउसिंग बोर्ड पुरानी टोंक की प्रभात फेरिया का संगम हुआ। इस दौरान शोभायात्रा को आगंतुक व अतिथिगणो ने स्वागत सत्कार किया गया तथा शोभायात्रा में आकर्षक भगवान महावीर स्वामी की झांकियां, सजे-धजे रथ,

■ इस अवसर पर जैन नसिया मंदिर परिसर भक्तों की भारी भीड़ से गुंजायमान रहा और पूरे वातावरण में "भगवान महावीर स्वामी की जय" के जयकारे गूंजते रहे

बैंड-बाजे, ध्वज पताकाएं एवं भगवान महावीर स्वामी के संदेशों से सुसज्जित दृश्य सभी का मन मोह रहे थे।

इस अवसर पर वक्ताओं ने भगवान महावीर स्वामी के अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह और संयम के संदेशों को अपनाने का आह्वान किया, उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में महावीर स्वामी के सिद्धांत मानव जीवन के लिए अत्यंत प्रासंगिक हैं और समाज को शांति एवं सद्भाव की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। आयोजन में भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान, निर्वतमान जिला प्रमुख सरोज बंसल, नरेश बंसल,पूर्व सभापति लक्ष्मी देवी जैन, अग्रवाल समाज 84 महिला मंडल की अध्यक्ष बीना जैन छामुनिया, विनायक जैन, राजेश मंगल, सुरेंद्र पाटनी, अवधेश वकील, सुनील आंडरा महावीर प्रसाद देवली नरेंद्र फागी,टीकम चन्द फूलेता, मुकेश जैन,रेखा जैन अरनिया,अनिल सर्राफ , विकास अतार, आकाश जैन, श्याम लाल फूलेता, वीरेंद्र संघी,संजय संघी,ओम ककोड,राजेश अरिहंत, शैलेंद्र चौधरी,प्रदीप सोनी, विक्रम जैन, आकाश सीए अनेक गणमान्य लोग, महिला मंडल, युवा वर्ग एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## जलदाय विभाग की लापरवाही से उपभोक्ता परेशान

**टोंक।** जलदाय विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से जल उपभोक्ताओं को समय पर बिलो का वितरण नही हो पा रहा है।

राष्ट्रीय कांग्रेस मज़दूर संगठन इंटक के प्रदेश सरंक्षक राजेश कुमार चौहान ने बताया कि अधिशाषी अभियंता टोंक द्वारा पूर्व में बिल वितरण हेतु कम्पनी पी एम एस को ठेका दिया जा चुका है, लेकिन उस कम्पनी के कर्मचारियों द्वारा बिल वितरण नहीं किया, जिससे उपभोक्ताओं को बिल भुगतान में दिक्कतों व आगे पैनल्टी से बिल चुकाने का सामना करने की नोबत आ रही है। उन्होने बताया कि टोंक में लगभग 20-21 हजार पानी के कनेक्शन है, जहां विभाग के कर्मचारी ही बिल वितरण का कार्य बड़ी जिम्मेदारी से करते आ रहे है, लेकिन प्राईवेट कम्पनी को ठेका दिये जाने के बाद कम्पनी द्वारा बिल वितरण नही किया जा रहा।

# सफाई कर्मचारियों ने ठेका प्रथा बंद करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा

**पावटा।** पावटा प्रागपुरा नगरपालिका के सभी सफाई कर्मचारियों ने अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के नेतृत्व में ठेकेदारों के विरोध में प्रदर्शन किया और जम कर नारेबाज़ी कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। बड़ी संख्या में आए लेबर आपूर्ति के सफ़ाई कर्मचारियों की मांग है कि अन्य राज्यों की भांति राजस्थान में भी सफाई कर्मचारियों को सभी सरकारी संस्थाओं में संविदा कर्मियों के रूप में लगाया जाए ताकि ठेकेदारो द्वारा सफाई कर्मचारियों पर किए जा रहे शोषण से मुक्ति मिल सके। ठेका प्रथा के चलते सफाई राजस्थान के सभी सफाई कर्मचारियों में रोष है। इस ठेकेदारी प्रथा का अंत किया जाए। भविष्य में मांगें न पूरी होने की दशा में आक्रोशित सफाई कर्मचारियों ने उग्र आंदोलन करने की चेतावनी भी दी। मामला पावटा प्रागपुरा



कर्मचारियों ने ठेकेदारों के विरोध में प्रदर्शन कर आक्रोश व्यक्त किया।

नगरपालिका का है। जहां बड़ी संख्या में एकत्र महिला व पुरुष सफाई कर्मचारियों ने कस्बे के मुख्य बाजारों में जुलूस निकालकर ठेकेदारी प्रथा की खिलाफत करते हुए विरोध प्रदर्शन किया और हाथ में स्लोगन लिखी तख्तियां व झाड़ू लेकर नारेबाजी करते हुए पावटा उपखंड कार्यालय पहुंच मुख्यमंत्री के नाम पावटा उपखंड अधिकारी डॉ. साधना शर्मा को ज्ञापन सौंपा। इन आक्रोशित कर्मचारियों ने बताया की नगरपालिका में लेबर आपूर्ति के तहत ठेकेदारों द्वारा लिए जा रहे सफाई कर्मियों को संविदा कर्मी के रूप में समायोजित कर जल्द से जल्द इस ठेकेदारी प्रथा का समापन किया जाए।

■ भविष्य में मांगें न पूरी होने की दशा में आक्रोशित कर्मचारियों ने बड़ा आंदोलन करने की दी चेतावनी

इस दौरान अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस जिलाध्यक्ष इंद्राज वाल्मीकि, नगर अध्यक्ष सुल्तान वाल्मीकि सहित महिला सफाई कर्मचारी संतरा वाल्मीकि, रामरानी वाल्मीकि, जीतू वाल्मीकि, अशोक वाल्मीकि, अंकित वाल्मीकि, प्रवीण वाल्मीकि , रोहित वाल्मीकि, चिमन वाल्मीकि, मोहित वाल्मीकि, मांगूराम वाल्मीकि, कपिल वाल्मीकि, तुलसी वाल्मीकि, सुमित्रा वाल्मीकि सहित सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

# लालसोट में महावीर कल्याणक महोत्सव पर आस्था का जनसैलाब उमड़ा

**लालसोट।** सत्य, अहिंसा, त्याग और तपस्या के प्रतीक जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के 2625वें जन्म कल्याणक महोत्सव पर लालसोट जैन समाज के तत्वावधान में नगर पूरी तरह धर्ममय नजर आया। आयोजन के तहत सुबह जैन युवा संघ व महिला मंडल द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई, जिसने वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

इसके पश्चात नगर के तीनों जैन मंदिरों में भगवान महावीर का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन एवं भव्य आरती संपन्न

■ तीनों जैन मंदिरों में भगवान महावीर का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन एवं भव्य आरती संपन्न हुई

हुई। इसके बाद श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन छोटे मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो सदर बाजार, जवाहर गंज व मुख्य मार्गों से होती हुई जैन नसिया जी प्रांगण पहुंची।

शोभायात्रा में भगवान महावीर के जन्म, बाल लीलाओं और जीवन प्रसंगों की सजीव झांकियों ने सभी को मंत्रमुग्ध



परशुराम सर्किल और पुलिस थाना के सामने विभिन्न संगठनों ने प्रभात फेरी का पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया ।

कर दिया। महिला मंडल द्वारा पालना झुलाने, ग्वाला गाय खोजते हुए एवं राजा सिद्धार्थ-माता त्रिशला के घर जन्मे महावीर के दृश्यों का आकर्षक चित्रण किया गया। जुलूस मार्ग में झरंडा चौक, परशुराम सर्किल और पुलिस थाना के सामने विभिन्न संगठनों द्वारा पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान जैन युवा संघ अध्यक्ष रविंद्र बडजात्या व महिला मंडल अध्यक्ष श्वेता जैन (सोनी) का माला व साफा पहनाकर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के अंत में समाजजनों ने भगवान महावीर का मंगल गान करते हुए आरती की। आयोजन में सुभाष बडजात्या, बाबूलाल बडजात्या, राकेश जैन सोनी, महेंद्र जैन, अनिल वैद्य, प्रभाकर बडजात्या, अनिल पाटनी, अभिनव बैनाडा, बसंत गंगवाल, गजेंद्र बडजात्या, अरिहंत पाटनी, सुभाष श्रीमाल, विशाल गंगवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

## भाजपा नगर मण्डल का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग आयोजित

**कोटपूतली।** पं.दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत कोटपूतली नगर मण्डल के दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन राजमार्ग स्थित होटल हाईवे पैराडाईज में किया गया। जिसमें वक्ता भाजपा ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेष महामंत्री एड. हीरालाल रावत, भाजपा जयपुर देहात उत्तर के जिलाध्यक्ष सुरेश बादलीवाल, जिला महामंत्री एड. सुरेन्द्र चौधरी, जिला उपाध्यक्ष जयराम गुर्जर, उपेन यादव शाहपुरा, प्रदेश प्रवक्ता गुड्डू सैनी, जिला कार्यालय प्रमुख एड. अशोक सुरेलिया आदि ने विभिन्न विषयों पर विस्तार से अपने विचार व्यक्त किये।

वक्ताओं ने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र हित, सेवा, सुशासन और अंत्योदय की विचारधारा पर आधारित एक संगठन है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों, सिद्धांतों और जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया। प्रशिक्षण वर्ग में संगठन की मजबूती, कार्यपद्धित, अनुशासन, बूथ प्रबंधन, जनसंपर्क और सोशियल मीडिया की भूमिका जैसे विषयों पर भी मार्गदर्शन दिया गया। पार्टी की असली ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं और मजबूत संगठन ही भाजपा की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से गांव-ढ़ाणी स्तर तक पार्टी की विचारधारा को प्रभावी ढ़ंग से पहुंचाने और आमजन के बीच विष्वास को मजबूत करने का आव्हान किया।

शिविर में सात सत्र आयोजित किये गये। भाजपा मंडल अध्यक्ष अरुण कुमार सैनी ने बताया कि दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में वैचारिक अधिष्ठान, भाजपा का इतिहास, कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि, कार्यपद्धित, केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियां, सोशियल मीडिया, बूथ प्रबंधन पर मंथन किया गया।

इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर लाल कसाना, पूर्व चेयरमैन एड. महेंद्र कुमार सैनी, एड. कमल कसाना, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष कमल सैनी, नगर मंडल महामंत्री रमेष पायला, रघुवीर गोयल, सुभाष प्रधान, मनोज भूषण, रामचंद्र सैनी, प्रमोद सैनी, मनोज अग्रवाल, जितेंद्र जोशी, राकेश सैनी, सुनील चौधरी, महेश सैनी, विक्रम सैनी, दयाराम कुमावत, विकास डोई, राजेंद्र सैनी, बलेश सैनी, नेमीचंद, मिथलेश सैनी, बाबूलाल सैनी, रमन सैनी, सुषमा सैनी, सुशीला देवी समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# एडीएम ने अधिकारियों को सड़कों से अवैध ब्रेकर हटाने व रंबल्ड स्ट्रिप लगाने के निर्देश दिए

**खैरथल।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट ने सोमवार को जिला सचिवालय खैरथल-तिजारा में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक लेते हुए आरएसआरडीसी तथा पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को सड़कों से अवैध ब्रेकर हटाने, स्पीड ब्रेकर पर साइन मार्क लगाने तथा रंबल्ड स्ट्रिप लगाने हेतु निर्देशित किया है।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट की अध्यक्षता में हुई बैठक में सड़क सुरक्षा के संबंध में संबंधित विभागों द्वारा उठाए गए कदमों की समीक्षा करते हुए अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने कहा कि समन्वित प्रयास यह रहे कि जिले की सड़कें दुर्घटना मुक्त होवे। दुर्घटना की स्थिति में जीवन बचाना प्राथमिकता रहे। उन्होंने सुगम यातायात एवं दुर्घटना संभावित कारणों के लिए गठित समिति की रिपोर्ट की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने सर्वप्रथम पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों की पालना की समीक्षा की। जिस



अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट की अध्यक्षता में हुई जिला सड़क सुरक्षा व साप्ताहिक समीक्षा बैठक।

पर अधीक्षण अभियंता ओमप्रकाश किराडे ने बताया कि पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुसार स्टार पब्लिक स्कूल के पास बने खतरनाक स्पीड ब्रेकर को दुरुस्त कर दिया गया तथा मातोर से ततारपुर चौराहे के मध्य बने गड्ढ तथा स्पीड ब्रेकरों को दुरुस्त किया जाना बताया है।

इसके अतिरिक्त उन्होंने बताया संबंधित एजेंसी से समन्वय कर सड़कों पर चेतावनी, संकेतक एवं साइन बोर्ड लगवाए गए। उन्होंने बताया की एमवी एक्ट के तहत इस वर्ष अब तक 5467 कार्रवाई कर 33400 की राशि का जुर्माना लगाया गया है। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने अवैध कट से दुर्घटना संबंधित जागरूकता हेतु प्रचार प्रसार करने के लिए कहा ताकि स्थानीय स्तर पर ही आमजन के माध्यम से अवैध कट को पुन: खोलने वालों की सूचना प्रशासन तक पहुंच सके।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने निर्देश दिये कि जिले के सभी 8 ब्लैक स्पॉट मार्गो पर अधिक साइन बोर्ड लगाकर यात्रियों को सजग करें ताकि ब्लैक स्पॉट पर दुर्घटनाओं को कम किया जा सके। उन्होंने खैरथल-तिजारा एवं भिवाड़ी के पुलिस अधिकारियों, पीडब्ल्यूडी अधिकारी एवं चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि दुर्घटना की सूचना आईआरएडी (इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डाटाबेस) पर दर्ज कर आपसी समन्वय से तत्परता से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस बैठक में डिप्टी एसपी भिवाड़ी शीशराम, अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग ओमप्रकाश किराड, अधिशासी अभियंता आदेश यादव, जिला शिक्षा अधिकारी शकुंतला, रिडकोर सहित परिवहन एवं आरएसआरडीसी के अधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

## श्री श्याम मेला सजा

**फुलेरा।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम काचरोदा में कामदा एकादशी के अवसर पर रविवार सांयकाल को श्री श्याम मेला समिति काचरोदा के तत्वावधान में भव्य एवं विशाल श्री श्याम मेला महोत्सव का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। महोत्सव को लेकर क्षेत्रभर के धर्मप्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिला और बड़ी संख्या में श्रद्धालु कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर 3:15 बजे भव्य शोभायात्रा के साथ हुई, जो श्री बालाजी की बगीची, श्रीरामनगर फुलेरा से रवाना होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए श्री श्याम मंदिर काचरोदा पहुंची।

शोभायात्रा में सजे-धजे रथ, भजन-कीर्तन और जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। सायंकाल 7:15 बजे श्री श्याम मंदिर परिसर में भजन संध्या का आयोजन किया गया, जो देर रात तक प्रभु इच्छा तक चलता रहा। इस दौरान देश के प्रसिद्ध भजन गायकों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में प्रस्तुत विशेष झांकियां एवं राधा-कृष्ण की मनमोहक झलकियां आकर्षण का केंद्र रहीं।

## सार-समाचार

### जिला न्यायाधीश रवि शर्मा ने जिला कारागृह का औचक निरीक्षण किया



**कोटपूतली।** जिला एवं सैशन न्यायाधीश रवि शर्मा द्वारा सोमवार को जिला कारागृह का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट डिम्पल जन्डेल भी उपस्थित रही। निरीक्षण के दौरान कोटपूतली जिला कारागृह में कुल 164 बंदी निरूद्ध पाये गये। जिला न्यायाधीश द्वारा बंदीगण को मिल रही मूलभूत सुविधाओं के बारे में अवलोकन करते हुये विस्तार से जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान जिला कारागृह में बंदीयों हेतु खाना तैयार किया जा रहा था, जिसे स्वयं जिला न्यायाधीश द्वारा खाकर उसकी गुणवता की जांच की गई। खाने की गुणवता अच्छी पाई गई। बंदीयों द्वारा भी उपलब्ध खाने को अच्छा बताया गया। निरीक्षण के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा स्थापित लीगल ऐड क्लिनिक की गतिविधियों एवं संधारित रजिस्टर की जांच की गई। इसके अतिरिक्त ऐसे बंदीयों की जानकारी ली गई जिसे 01 वर्ष से अधिक समय कारावास में हो चुका है एवं जिनके प्रकरण कोटपूतली न्याय क्षेत्र में स्थित न्यायालयों में विचाराधीन है। साथ ही ऐसे बंदीयों से भी जानकारी ली गई जिनके कोई निजी अधिवक्तागण नहीं हो। बंदीयों को उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं विधिक अधिकारों के बारे में बताया गया। विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नि:शुल्क विधिक सहायता योजना के अंतर्गत नि:शुल्क अधिवक्ता उपलब्ध करवाये जाने के बारे में बताया गया। कारागृह में साफ-सफाई, पीने योग्य पानी की जांच की गई। कारागृह में स्वीकृत क्षमता से अधिक बंदी निरूद्ध पाये गये, इस संबंध में जिला प्रशासन को उचित कार्यवाही हेतु निर्देश दिये गयैं

### श्रीराम महाराज की 5 दिवसीय सनातन धर्म यात्रा सफल

**निवाई।** गाँव काटोली में स्थित महाभारत कालीन माँ भद्रकाली व 136 देवी देवताओं के मन्दिर के पीठाधीश्वर श्रीराम महाराज अघोरी ने भक्तों के साथ 5 दिवसीय सनातन धर्म यात्रा निकालकर समाज में बढती कुरीतियों व अपने धर्म को भूलकर अन्य धर्म अपनाने वाले लोगों व विशेष समुदाय के लोग जो नाबालिक लडक़े लड़कियों को झूठे सपने दिखाकर प्यार प्रेम में डालकर अपने माता पिता से दूर कर देते हैं। इस प्रकार के कई धार्मिक मुद्दे को लेकर समाज में भेदभाव नहीं होने व सम्पूर्ण भारत वर्ष में सुख समृद्धि के उद्देश्य से चंडी घाट हरिद्वार में माँ प्रतिअगिरा का 15 घंटे अनुष्ठान किया। उन्होंने बताया कि प्रतिअगिरा देवी का अनुष्ठान करने से जो भी व्यक्ति आपका बुरा करना चाहता हैं या फिर बुरा करता हैं तो उसका स्वयं का ही बहुत बुरा हो जाता हैं। अनुष्ठान करने के बाद बरसाना में राधारानी के मंदिर में भी विशेष अनुष्ठान करके गोवर्धन जी की परिक्रमा लगाई। यात्रा के दौरान भरतपुर संघ कार्यालय समिधा भवन में संघ के प्रचारकों से शिष्टाचार भेंट हुई एवं राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा हुई। इस दौरान धर्मांतरण व लव जेहाद के विषय में भी विस्तृत चर्चा हुई। महाराज का सिकंदरा, बालाजी मोड़, दोसा, लालसोट व बोली में सैकड़ों भक्तों ने भव्य स्वागत किया। इस यात्रा में पर्यावरण ब्रांड एंबेसेंडर रामावतार मीणा, देवनारायण गुर्जर, रविंद्र मीणा सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

### जागरूकता शिविर का आयोजन

**निवाई।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश दिनेश कुमार के सानिध्य में फाइटर डिफेंस अकादमी में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान विद्यार्थियों को अधिकार, कर्तव्य व साइबर अपराध से संबंधित जागरूकता प्रदान की गई। इस दौरान विद्यार्थियों को फिशिंग, ऑनलाइन फ्रॉड, पहचान, चोरी, साइबर स्टॉकिंग, डिजिटल अरेस्ट सहित साइबर अपराध के विभिन्न पहलुओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने इन अपराधों से बचाव के उपाय बताए। जिसमें मजबूत पासवर्ड का उपयोग, संदिग्ध लिंक पर क्लिक नहीं करना, टू फैक्टर ऑथेंटिकेशन सक्रिय करना, सार्वजनिक वाई-फाई से बचना व व्यक्तिगत जानकारी साझा नहीं करने पर जोर दिया। प्रतिरक्षा अधिवक्ता बुधराम चौधरी ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर की जानकारी देते हुए किसी भी प्रकार के ऑनलाइन धोखाधडी या साइबर अपराध की स्थिति में तुरंत शिकायत दर्ज कराने तथा साइबर सेल की वेबसाइट पर रिपोर्ट करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर अकादमी के संचालक अनिल जाट नोहटा व अधिवक्ता रामेश्वर चौधरी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### प्रत्याशी एडवोकेट हेमंत कुमार ने पंडित मुकेश गौतम से शिष्टाचार भेंट की

**देवली।** सोमवार को यहां गुरु कृपा संस्थान केंद्र पर बार काउंसिल ऑफ राजस्थान के सदस्य पद प्रत्याशी एडवोकेट हेमंत कुमार शर्मा अपने समर्थक मित्रों के साथ पंडित मुकेश गौतम से ज्योतिष परामर्श लेने पहुंचे । इस अवसर पर बार काउंसिल ऑफ़ राजस्थान सदस्य पद के प्रत्याशी एडवोकेट हेमंत कुमार शर्मा (पूर्व प्रदेश महामंत्री भाजपा युवा मोर्चा ) , के साथ एडवोकेट विजय गोठवाल सिरोही जिला उपाध्यक्ष भाजपा एडवोकेट उमाशंकर मूंदड़ा महामंत्री किसान संघर्ष समिति राजस्थान ने भगवान गुरु कृपा संस्थान के पंडित मुकेश गौतम से शिष्टाचार भेंट की । इस दौरान पंडित मुकेश गौतम ने तीनों अनुयायियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। और एडवोकेट हेमंत शर्मा को हार्दिक शुभकामनाएं भेंट की। इस अवसर पर बार काउंसिल ऑफ़ राजस्थान सदस्य प्रत्याशी एडवोकेट हेमंत कुमार शर्मा ने बताया कि वह चित्तौड़ स्थित सांवरिया सेठ के दर्शन करने जा रहे थे। इसी बीच देवली शहर रुके और भगवान गुरु कृपा संस्थान के पंडित मुकेश गौतम से अपना ज्योतिषी परामर्श भी लिया।

### श्री श्याम मंदिर को 1 लाख अर्पित

**सांभरझील।** सांभर साल्ट्स लिमिटेड के सेवानिवृत कर्मचारी संतोष कुमार तालु (अग्रवाल) के पुत्र संजय व श्याम तालु ने अपने पिता से मिले मार्गदर्शन व उनकी इच्छानुसार सांभर के नवनिर्मित श्री श्याम मंदिर में बाबा के चरणों में 1 लाख की राशि अर्पित कर प्रति अपनी आस्था प्रकट की। संजय व श्याम तालु बताते हैं कि प्रत्येक एकादशी को मंदिर में 2100 की राशि हर माह अर्पित करने का संकल्प लिया है। उन्होंने भजन की एक पंक्ति दोहराते हुए कहा कि "करते हो तुम कन्हैया, सब काम हो रहा है, प्रभु आपकी कृपा से मेरा नाम हो रहा है।" तालु परिवार ने वैश्विक संकट को ध्यान में रखते हुए संपूर्ण विश्व में शांति के लिए प्रार्थना भी की। श्याम रंगीला परिवार ट्रस्ट की तरफ से पराग पोद्दार, पंकज कुमार सिंघानिया, प्रकाश सोनी, महेश तालु, मनोज गुप्ता, राहुल गट्टानी ने इस पुनीत कार्य के लिए उनका दिल से आभार प्रकट करते हुए उनकी मनोकामना पूरी होने को लेकर बाबा से अरदास की। श्याम रंगीला ट्रस्ट परिवार की तरफ से इन सभी श्याम भक्तों को मोमेंटो देकर उनका आदर भी किया।

### महावीर स्वामी की जयंती मनाई

**राजगढ़।** जैन समाज के आराध्य देव भगवान महावीर स्वामी का जन्म जयंती समारोह उत्साह एवं उल्लास से मनाया। इस दौरान पुरानी नगर पालिका गली स्थित मंदिर से मिलाप पुरुषों की मौजूदगी में भव्य शोभायात्रा निकाली। समाज के अध्यक्ष राजेंद्र जैन ने बताया कि पुरानी नगर पालिका गली स्थित मंदिर से पूजा अर्चना के बाद शोभायात्रा रवाना हुई। भगवान महावीर के जयकारे एवं मंत्रो के उद्घोष के साथ भगवान महावीर स्वामी की महिमा का बोल बाला रहा। शोभा यात्रा के दौरान बेंड बजे एवं संगीत की मधुर भजनों की प्रस्तुति पर महिला पुरुषों ने जमकर नृत्य किया। शोभायात्रा के मार्ग में अनेक लोगों ने भगवान महावीर स्वामी की जयकारे के साथ पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। जैन समाज के अध्यक्ष राजेंद्र जैन ने बताया कि महावीर जयंती महोत्सव पर सभी मंदिरों में आकर्षक झांकी एवं सजावट की गई। शोभा यात्रा चौपड़ बाजार, गोल मार्केट इससे पूर्व पुरानी नगर पालिका गली स्थित मंदिर, ठठेरा मोहल्ला स्थित जैन मंदिर पर मेला के चौराहे पर जैन मंदिर नसिया जी में पूर्व संध्या पर आकर्षक रोशन रोशनी एवं सजावट की गई।



जब भी मैं रोहित को कुछ शॉट्स खेलते देखता हूं तो हर कोई हैरान रह जाता है। उनकी बल्लेबाजी बेहतरीन नहीं बल्कि जबरदस्त है।

- हार्दिक पंड्या

भारतीय गेंदबाज, रोहित की बल्लेबाजी की तारीफ करते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** — कैमरून ग्रीन



आईपीएल 2026 के मुकाबले में केकेआर को मुंबई इंडियंस के खिलाफ हार झेलनी पड़ी। जिसके बाद केकेआर टीम के सबसे महंगे खिलाड़ी कैमरून ग्रीन के गेंदबाजी न करने पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। दरअसल, केकेआर ने इस ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी कैमरून ग्रीन को मिनी नीलामी 2026 में 25.20 करोड़ रुपये की मोटी रकम में खरीदा था। यहां तक कमेंट्री कर रहे अश्विन और आकाश चोपड़ा ने सवाल उठाए।क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के प्रवक्ता ने कहा कि, कैमरून ग्रीन की पीठ के निचले हिस्से में चोट है, जिसका इलाज चल रहा है।

क्या आप जानते हैं ?... पंकज रॉय और वीनू मांकड़ ने 1956 में 413 रनों की ओपनिंग साझेदारी की थी।

## राजस्थान ने चेन्नई को आठ विकेट से हराया, वैभव सूर्यवंशी ने 15 गेंदो पर अर्धशतक लगाया



गुवाहाटी, 30 मार्च। आईपीएल 2026 में के तीसरे मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को 8 विकेट से करारी शिकस्त दी है। चेन्नई पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.4 ओवर में 127 रनों पर सिमट गई थी। 128 रन के मामूली लक्ष्य को ने 12.1 ओवर में 2 विकेट खोकर हासिल कर लिया और 8 विकेट से शिकस्त दी।

गुवाहाटी के बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग ने टॉस जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

उनका यह फैसला टीम के गेंदबाजों ने सही साबित किया। चेन्नई सुपर किंग्स को 19 रन के भीतर ही शुरुआती तीन झटके लगे। संजू सैसमन के बाद ऋतुराज गायकवाड़ आउट हुए और फिर आयुष म्हात्रे भी चलते बने। नाद्रे बर्गर और जोफ्रा आर्चर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए इन बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा।

इसके बाद संदीप शर्मा ने आते ही मैथ्यू शॉर्टस को पवेलियन भेज दिया। रवींद्र जडेजा ने एक ही ओवर में सरफराज खान और शिवम दुबे को आउट कर दिया।

कुल मिलाकर चेन्नई की टीम 19.4 में 127 रनों के स्कोर पर आल आउट हो गई।

सीएसके की तरफ से सर्वाधिक रन जेमी ओवर्टन ने बनाए, जिन्होंने 26 गेंदों में 43 रन बनाए। कार्तिक शर्मा ने 18 और सरफराज खान 17 रन बनाए। राजस्थान की ओर से जोफ्रा आर्चर, नांद्रे बर्गर और रवींद्र जडेजा ने दो- दो विकेट लिए। जबिक कार्तिक शर्मा, संदीप शर्मा और रवि बिश्नोई को 1-1 विकेट मिले। जेमी ओवर्टन रन आउट हुए थे।

128 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान की टीम ने दमदार शुरुआत की और पहले 6 ओवर में ही बिना किसी विकेट के नुकसान के 74 रन ठोक दिया। वैभव सूर्यवंशी ने 15 गेंदों में फिफ्टी जड़ दी। उन्होंने 17 गेंदों में 52 रन बनाए।

उनके जोड़ीदार यशस्वी जायसवाल ने 36 गेंदों में 38 रन बनाए। उन्होंने 3 चौके और 1 छक्का लगाया। रही सही कसर रियान पराग और ध्रुव जुरेल ने पूरी कर दी जिन्होंने क्रमशः 11 गेंदों में 14 रन और 9 गेंदों में 18 रन बनाए। राजस्थान की टीम ने इस लक्ष्य को 12.1 ओवर में ही हासिल कर लिया और ऐतिहासिक जीत दर्ज की। चेन्नई की ओर से अंशुल कंबोज ने 2 विकेट हासिल किए।

## पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस में किसका पलड़ा भारी?



नई दिल्ली, 30 मार्च। आईपीएल 2026 के चौथे मुकाबले में मंगलवार को पंजाब किंग्स की भिड़ंत गुजरात टाइटंस से होगी। दोनों टीमों के बीच ये मुकाबला मुल्लांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। पंजाब और गुजरात के बीच इस लीग में कांटे की टक्कर देखने को मिली है।आईपीएल में पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस के बीच अब तक कुल 6 मुकाबले खेले गए हैं। इनमें से पंजाब किंग्स ने 3 मैच जीते हैं, जबकि तीन मुकाबलों में ही गुजरात को जीत नसीब हुई है। आईपीएल 2025 में इन दोनों टीमों की भिड़ंत एक बार हुई थी, जहां पंजाब ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए गुजरात को 11 रनों से मात दी थी। श्रेयस अय्यर की कप्तानी में पंजाब ने पिछले सीजन फाइनल तक का सफर तय किया था। हालांकि, खिताबी मुकाबले में उन्हें आरसीबी के खिलाफ हार झेलनी पड़ी।

पंजाब की टीम इस सीजन भी काफी मजबूत दिखाई दे रही है। टॉप ऑर्डर में प्रियांश आर्या और प्रभसिमरन सिंह की सलामी जोड़ी से एक बार फिर पंजाब को दमदार प्रदर्शन की उम्मीद होगी। नंबर तीन की पोजीशन पर कप्तान अय्यर संभालने हुए नजर आएंगे। अय्यर ने पिछले सीजन बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 17 मुकाबलों में 175 के स्ट्राइक रेट से 604 रन बनाए थे। पंजाब के कप्तान ने पूरे सीजन में 6 अर्धशतक लगाए थे।

दूसरी ओर गुजरात टाइटंस को इस सीजन भी साई सुदर्शन और कप्तान शुभमन गिल से बल्ले से बेहतरीन प्रदर्शन की उम्मीद होगी। सुदर्शन पिछले सीजन सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे थे और उन्होंने 15 मुकाबलों में 759 रन बनाए, जबकि गिल ने 650 रन बनाए थे। हालांकि, जोस बटलर की हालिया फॉर्म टीम की टेंशन बढ़ा सकता है।

ग्लेन फिलिप्स के प्रदर्शन पर भी हर किसी की नजर होगी। वॉशिंगटन सुंदर, जेसन होल्डर और राहुल तेवतिया बल्ले और गेंद से टीम की नैया पार लगाने का प्रयास करेंगे। कगिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, ईशांत शर्मा और लुक वुड की मौजूदगी में टीम का पेस अटैक मजबूत है।

## रोनाल्डो के बिना बेदम दिखी पुर्तगाल टीम

नई दिल्ली, 30 मार्च। पुर्तगाल की टीम को मैक्सिको के खिलाफ खेले गए अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में निराशाजनक ड्रॉ से संतोष करना पड़ा। पुर्तगाल राष्ट्रीय फुटबॉल टीम और मैक्सिको राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के बीच खेला गया यह मुकाबला बिना गोल के ही रहा, जिसमें दोनों ही टीमें कोई बढ़त हासिल नहीं कर सकीं। मौजूद जानकारी के अनुसार यह मैच एज़्टेका स्टेडियम में खेला गया, जहां पुर्तगाल की ओर से कई प्रमुख खिलाड़ी मैदान में उतरे, लेकिन टीम के स्टार खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो इस मुकाबले का हिस्सा नहीं थे। गौरतलब है कि रोनाल्डो की गैरमौजूदगी को लेकर पहले से ही चर्चा चल रही थी और अब मैच के बाद इस पर प्रतिक्रियाएं भी सामने आने लगी हैं। इसी कड़ी में पुर्तगाल के दिग्गज कोच जोस मोरिन्हो ने टीम के प्रदर्शन पर खुलकर अपनी राय रखी है। मोरिन्हो ने कहा कि जब क्रिस्टियानो रोनाल्डो टीम में नहीं होते, तो पुर्तगाल एक सामान्य टीम की तरह नजर आती है। उन्होंने यह भी कहा कि रोनाल्डो की मौजूदगी विरोधी टीम पर मानसिक दबाव बनाती है, जिससे खेल का संतुलन बदल जाता है।

## निहाल टांक का छक्का, नवदीप सिंह का पंजा, चेतन मीणा का अर्ध शतक , तारिक एकेडमी, भदौरिया एकेडमी जीते



जयपुर, 30 मार्च। चंबल स्पोर्ट्स द्वारा आयोजित अंडर-16 स्टेट लेवल भारती कंवर मेमोरियल वनडे क्रिकेट लीग का मुकाबला नारायणा क्रिकेट ग्राउंड पर भदोरिया क्रिकेट अकादमी व संस्कार क्रिकेट अकादमी के मध्य खेला गया। जिसमें संस्कार क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 24.3 ओवर में 79 रन पर ऑल आउट हो गई। जिसमें निशांत राठौर ने 24 व अजतशत्रु ने 22 रनों का योगदान दिया। भदोरिया क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी में निहाल टाक ने 6 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भदोरिया क्रिकेट अकादमी 6.5 ओवर में बिना विकेट खोए 80 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। जिसमें आदित्य शर्मा ने नाबाद 42 रन व मोहम्मद साउद खान ने नाबाद 36 रन की पारी खेली। भदोरिया क्रिकेट अकादमी ने 10 विकेट से मुकाबला जीता।

टूर्नामेंट का एक अन्य मैच नेशनल क्रिकेट ग्राउंड पर राजीव गांधी क्रिकेट अकादमी व तारीक क्रिकेट अकादमी के मध्य खेला गया। जिसमें तारीक क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 38.3 ओवर में 189 रन पर ऑल आउट हो गई। जिसमें चेतन मीणा ने 60 रन व उदित ने 44 रनों की पारी खेली।

राजीव गांधी क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी में नवदीप सिंह ने 5 विकेट और मानवेंद्र व अक्षत मेंनारिया ने दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते उतरी राजीव गांधी क्रिकेट अकादमी 45.3 ओवर में 166 रन पर ऑल आउट हो गई। जिसमें सक्षम ने 39 रन व भास्कर तिवारी ने 32 रनों का योगदान दिया। तारीक क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी में मोहन सैनी व तवीश शर्मा ने तीन-तीन विकेट और विनय शर्मा ने दो विकेट लिए। तारीक क्रिकेट अकादमी ने 23 रन से मुकाबला जीता।

## रोहित शर्मा ने वानखेड़े में रिकॉर्ड किए ध्वस्त

मुम्बई, 30 मार्च। मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2026 में विजयी शुरुआत की। मुंबई ने वानखेड़े स्टेडियम में केकेआर को 6 विकेट से रौंदा, जिसमें हिटमैन रोहित शर्मा ने गदर काटा। उन्होंने 38 गेंदों में 6 चौकों और 6 छक्कों की मदद से 78 रनों की पारी खेली। उनका स्ट्राइक रेट 205.26 का रहा। रोहित ने पावरप्ले में ही 23 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। वह एमआई के लिए पावरप्ले में फिफ्टी जमाले वाले चौथे खिलाड़ी हैं। वहीं रोहित शर्मा आईपीएल में 200 प्लस स्ट्राइक रेट के साथ पचास प्लस स्कोर बनाने वाले दूसरे सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन चुके हैं। उन्होंने 38 साल और 333 दिन की उम्र में ये कारनामा अंजाम दिया। उन्होंने सनथ जयसूर्या और दिनेश कार्तिक का रिकॉर्ड तोड़ा। श्रीलंका के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज जयसूर्या ने आईपीएल 2008 में मुंबई की और से चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 48 गेंदों में 237.50 के स्ट्राइक रेट से 114 रन बनाए थे। तब उनकी उम्र 38 साल और 319 दिन थी। वहीं कार्तिक ने आईपीएल 2024 में सनराइजर्स हैदराबाद के सामने 35 गेंदों में 83 रन बटोरे।

## फखर जमां, अफरीदी और रजा ने पीएसएल में गेंद से छेड़खानी के आरोपों को खारिज किया

नई दिल्ली, 30 मार्च। पाकिस्तान के दिग्गज बल्लेबाज फखर जमां, तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी और जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा ने लाहौर कलंदर्स और कराची किंग्स के बीच पाकिस्तान सुपर लीग के मैच के दौरान गेंद से छेड़खानी के आरोपों को खारिज किया है। 35 बरस के फखर को मैच रैफरी रोशन महानामा ने पीएसएल की खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिये आचार संहिता की धारा 2 . 14 के तहत लेवल तीन के अपराध का दोषी पाया था। जमां को पीएसएल के अनुच्छेद 41.3 का उल्लंघन करते हुए पाया गया। यह अनुच्छेद गेंद की स्थिति को बदलने वाली किसी भी हरकत पर रोक लगाता है। श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर के सामने पेश होकर जमां ने अपने ऊपर लगे आरोपों से इनकार किया। यह आरोप कराची किंग्स की पारी के आखिरी ओवर से पहले का है जब उन्हें जीत के लिये 14 रन की जरूरत थी।

फखर को हारिस रऊफ और लाहौर कलंदर्स के कप्तान शाहीन शाह अफरीदी से बात करते देखा गया। इसके बाद अंपायर फैसल अफरीदी ने गेंद मांगी और उसे देखने के बाद पाया कि इससे छेड़छाड़ की गई है। मैच रैफरी अगले 48 घंटे में फिर सुनवाई के बाद फैसला सुनायेंगे। अंपायर ने गेंद से छेड़छाड़ के लिये लाहौर कलंदर्स पर पांच रन का जुर्माना लगाया जिससे कराची को आखिरी ओवर में नौ रन ही चाहिये थे जो उन्होने बना लिये। अगर मैच रैफरी इस बात की पुष्टि कर देते हैं कि गेंद के साथ छेड़छाड़ की गई थी तो फखर और शायद लाहौर कलंदर्स की पूरी टीम को गंभीर सजा का सामना करना पड़ सकता है। अफरीदी ने सोमवार को कहा कि उन्हें गेंद की हालत बदले जाने के बारे में कुछ भी पता नहीं था।

## एशियाई कप क्वालीफायर मैच में विलियम्स के प्रदर्शन पर होगी भारत की नजरें

नई दिल्ली, 30 मार्च। भारतीय फुटबॉल टीम मंगलवार को एएफसी एशियाई कप 2027 क्वालीफायर के अपने अंतिम और औपचारिक मुकाबले में हांगकांग का सामना करने उतरेगी तो ऑस्ट्रेलिया में जन्में रयान विलियम्स पर सबकी निगाहें होंगी।

दोनों टीमें पहले ही अगले चरण में आगे बढ़ने की दौड़ से बाहर हो चुकी हैं, ऐसे में उनकी कोशिश जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आमने-सामने होने पर फीफा रैंकिंग अंक हासिल करने और भविष्य की तैयारियों को मजबूत करने पर होगी। टीम का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा, लेकिन विलियम्स का बहुप्रतीक्षित पदार्पण भारतीय टीम के लिए एक नए अध्याय की शुरुआत माना जा रहा है। यह मुकाबला एक दशक बाद शहर में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल की वापसी का भी गवाह बनेगा।

## जेएपीएल सीजन -2 की विजेता रही खटोरिया सुपरकिंग्स



जयपुर, 30 मार्च। ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर की ओर से ज्वैलर्स असोसिएशन प्रीमियर लीग - जेएपीएल सीजन 2 का समापन हुआ। एस.जे. पब्लिक स्कूल में आयोजित इस कार्यक्रम के पहले दिन कुल 18 व दूसरे दिन 12 लीग मैच हुए। जिसमें से चार टीमें जेम्स बाय वीसीएल, धुरंधर ज्वेल्स बाय सिफोरा, लीजेंड यूनाइटेड, खटोरिया सुपर किंग्स फाइनल की दौड़ में शामिल हुई।

लीग के फाइनल मैच में धुरंधर ज्वेल्स बाय सिफोरा व खटोरिया सुपर किंग्स टीम आमने सामने आई, इस धमाकेदार मैच में खटोरिया सुपर किंग्स ने जीत का ताज हासिल किया और धुरंदर ज्वेल्स बाय सिफोरा उपविजेता रही। दोनों ही टीमों ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान किए गए।

साथ ही मैन ऑफ़ द सीरीज, बेस्ट बैट्समैन, बेस्ट बॉलर और बेस्ट इमर्जिंग प्लेयर के पुरस्कार भी दिए गए। इस दौरान अध्यक्ष आलोक सौखिया ने बताया कि प्रत्येक लीग मैच में मैन ऑफ द मैच की ट्राफी दी गई। आज यूथ के दो फ्रेंडली मैच एवं असोसिएशन कमेटी, पूर्वाध्यक्षों व पूर्व सचिवों की टीमों के मध्य मैच हुआ। वहीं जेएवाय के संयोजक गोविन्द कुमार गुप्ता ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन, मुख्यतया किक्रेट लीग का मुख्य उद्धेश्य सोशल मिडिया के इस युग में युवा जौहरियों में परस्पर सम्पर्क बढ़ाना है। इस सत्र में 400 से अधिक नए युवा सदस्य असोसिएशन से जुड़े है।

## राजस्थान कोर्फबाल टीम फैडरेशन कप के लिए क्वालीफाई

जयपुर, 30 मार्च। 37वीं सिनियर कोर्फबाल प्रतियोगिता पलवल हरियाणा में आयोजित प्रतियोगिता में राजस्थान कोर्फबाल टीम का अच्छा प्रदर्शन कर आगामी होने वाले फैडरेशन कप में क्वालीफाई कर अपना टिकट पक्का कर लिया।

राजस्थान की ओर रजत सैनी गोविंद, मुकेश सैनी, तनिष्का गुर्जर क्षितीजा शर्मा ने शान्दार खेल का प्रर्दशन किया। राजस्थान ने उत्तर प्रदेश को 11-2, उडिसा 12-1, तेलंगाना से 12-12 से बराबर हरियाणा से 7-13 से पराजित, उत्तराखंड 22-4 से जीत दर्ज अपने पूल मेन दूसरे स्थान पर रहा। सचिव राजस्थान परस राम शर्मा ने टीम को 1100/- राशि पुरस्कार भेंट की और अच्छे खेल के लिए अध्यक्ष नरेश शर्मा, सचिव परस राम शर्मा, सी, ई, ओ, इन्द्र प्रकाश टिक्कीवाल, अरविंद टिक्कीवाल, एम आई, नकवी, प्रेमचंद सैनी, नेमीचंद सैनी व अन्य पदाधिकारियों ने अच्छे प्रर्दशन के लिए टीम को धन्यवाद प्रर्दशित किया।

## राजस्थान यूथ ने राजीव गांधी क्लब को हराया, आरती चौधरी ने 4 विकेट चटकाए




जयपुर, 30 मार्च। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित तथा एल वी फार्मा द्वारा प्रायोजित महिला ए डिवीजन लीग में खेले गए मैच में राजस्थान यूथ ने राजीव गांधी क्लब को 54 रनो से हराया।

राजस्थान यूथ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नीतू शर्मा के 44 रन, स्नेहा उबना के 12 रन, गौरवी खंगारोत के 47 रन, अर्चना सैनी के 28 रन व माहिरा खान के नाबाद 41 रन से 50 ओवर में 9 विकेट पर 217 रन बनाए।

राजीव गांधी क्लब के लिए लावण्य शर्मा ने 27 पर 3, धरती माथुर ने 32 पर 2, रिंकू टांक ने 24 पर 2 व ईशा चौधरी ने 32 पर एक विकेट लिया।

जवाबी पारी में राजीव गांधी क्लब की टीम धरती माथुर के 22 रन, साक्षी नाथावत के 29 रन, श्री चौधरी के 40 रन, ज्योति चौधरी के 30 रन व ईशा चौधरी के 12 रनो से 48.5 163 रन बनाकर आउट हो गई। राजस्थान यूथ के लिए आरती चौधरी ने 23 पर 4, माहिरा खान ने 23 पर 3, फ़ौरा गुर्जर व स्नेहा उबना ने एक - एक विकेट लिया।

## जयपुर में 'वार्ष्णेय खेल महोत्सव 2026' का शंखनाद

जयपुर, 30 मार्च। राजस्थान वैश्य वार्ष्णेय सभा द्वारा आगामी 4 और 5 अप्रैल को जयपुर के प्रतिष्ठित रायन स्कूल और महावीर स्कूल में भव्य 'वार्ष्णेय खेल महोत्सव 2026' का आयोजन किया जा रहा है। समाज की खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने तथा आपसी भाईचारे को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित इस दो-दिवसीय महोत्सव में जयपुर के विभिन्न क्षेत्रों से समाज के महिला, पुरुष एवं बच्चे उत्साहपूर्वक भाग लेंगे।

खेल समिति के संयोजक श्री बृजेश कुमार ने बताया कि 4 अप्रैल को रायन स्कूल में दोपहर 3 बजे से आउटडोर खेलों (बॉक्स क्रिकेट, बॉक्स फुटबॉल और डोज बॉल) का रोमांच प्रारंभ होगा। वहीं 5 अप्रैल को महावीर स्कूल में प्रातः 9 बजे से इनडोर खेलों (बैडमिंटन, टेबल टेनिस, शतरंज और कैरम) के साथ-साथ 12 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए विशेष मनोरंजक खेल भी आयोजित किए जाएंगे। खेल पर्यवेक्षक राजेश गुप्ता के अनुसार, इस वर्ष महोत्सव को अधिक अनुशासित और व्यवस्थित रूप से आयोजित करने के लिए आधुनिक तकनीक का भी उपयोग किया जा रहा है।

## राज्य में क्रिकेट को वापस पटरी पर लाएंगे - कन्वीनर

### एडहॉक कमेटी ने आरसीए अकादमी पहुँच संभाला पदभार

जयपुर, 30 मार्च। राज्य सहकारिता विभाग द्वारा राजस्थान क्रिकेट संघ के संचालन हेतु गठित आरसीए एडहॉक कमेटी ने आज सवाई मान सिंह स्टेडियम स्थित आरसीए अकादमी पहुंच विधिवत रूप से अपना कार्यभार संभाला। राजस्थान क्रिकेट संघ एडहॉक कमेटी संयोजक डा मोहित जसवंत यादव ने आज सवाई मान सिंह स्टेडियम स्थित आरसीए एकेडमी थर्ड फ्लोर स्थित आरसीए ऑफिस में कमेटी सदस्यों धनञ्जय सिंह खींवसर , आशीष तिवाड़ी, अर्जुन बीनेवाल व अरिष्ट सिंघवी के साथ विधिवत रूप आरसीए एडहॉक कमेटी का पदभार संभाला।



संयोजक डा मोहित जसवंत यादव ने आरसीए एडहॉक कमेटी के पदभार ग्रहण समारोह में मीडिया से बात करते हुए कहा की राजस्थान के लोकप्रिय मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा जी, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव , खेल मंत्री कर्नल राजवर्धन सिंह राठौड़ , सहकारिता मंत्री गौतम दख , बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौर ने आरसीए एडहॉक कमेटी को राज्य में क्रिकेट के विकास व संचालन की जो जिम्मेदारी दी है उसे समस्त आरसीए हमने पूर्ण लगन व निष्ठां से सफलतापूर्वक पूरा करेंगे व हमें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देने के लिए उनका बहुत बहुत आभार व्यक्त किया।

एडहॉक कमेटी सदस्य धनञ्जय सिंह खींवसर ने इस अवसर पर कहा की हम सभी साथ मिलकर सामूहिक रूप से आरसीए को वापस पटरी पर लाएंगे। एडहॉक कमेटी सदस्य आशीष तिवाड़ी ने कहा की हम सभी एडहॉक कमेटी सदस्य किसी न किसी रूप से खेलो से जुड़े है और है,हमारी पृष्टभूमि भी राज्य के लोगों की सेवा व सहायता की रही है। हम सभी आरसीए को सभी विवादों से दूर खिलाडियों को सभी आवश्यक प्लेटफार्म उपलब्ध कराएँगे।

पदभार ग्रहण करने के बाद नव गठित आरसीए एडहॉक कमेटी की पहली मीटिंग में सभी सदस्यों ने आरसीए के आगामी घरेलू क्रिकेट सत्र सहित राजस्थान क्रिकेट संघ से जुड़े विभिन्न कार्यों व आरसीए के दैनिक कार्यों के संचालन के के सम्बन्ध में गहन चर्चा करते सर्वसम्मति से विभिन्न फैसले किये ;-

आरसीए के घरेलू क्रिकेट सत्र को समय से शुरू कर खिलाडियों को बीसीसीआई सत्र के पूर्व तैयारियों के लिए आवश्यक प्लेटफॉर्म उपलब्ध करा आरसीए की खेल गतिविधियोंव अन्य कार्यों को सुचारु रूप से वापस पटरी पर लाने हेतु आवश्यक प्रयास किये जायेंगे। राज्य में आईपीएल के आयोजन में राज्य सरकार के आदेशानुसार सभी स्तर पर पूर्ण सहयोग देंगे।

आरसीए के चौंप में निर्माणाधीन अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की समीक्षा। चयन प्रक्रिया को पूर्ण पारदर्शी बनाने हेतु सभी आवश्यक प्रयास किये जायेंगे। आरसीए के सभी जिला क्रिकेट संघो के सभी विवादों व समस्याओं को आपसे समन्वय से दूर कर सभी को साथ लाएंगे व आरसीए के चुनावों जल्द से जल्द पूर्ण हो की दिशा में कार्य करेंगे।

बीसीसीआई की राष्ट्रिय क्रिकेट प्रतियोगिताओं में राजस्थान के लिए शानदार प्रदर्शन करने वाले विभिन्न आयु वर्ग के पुरुष - महिला खिलाडियों को सम्मानित करने हेतु भव्य आरसीए अवार्ड समारोह आरसीए अकादमी परिसर में आयोजित कर राज्य के युवा खिलाडियों का होंसला बढ़ाना। आरसीए के वित्तीय कामकाज की समीक्षा की जाएगी।

**27वी नवीन नफ़ीस स्मृति लीग कम नॉक आउट प्रतियोगिता**

## राजीव गाँधी एकेडमी ने कोड़ाई क्रिकेट एकेडमी को 7 विकेट से हराया



जयपुर, 30 मार्च। यूनियन क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 27 वी नवीन नफ़ीस स्मृति प्रतियोगिता के अनर्गत आज हुकुम सिंह ग्राउंड पर खेले गये मैचों मे शिफान खान 107 की बदौलत राजीव गाँधी अकेडमी ने कोड़ाई क्रिकेट अकेडमी को 7 विकेट से हराकर पूर्व क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया आज दूसरे मैच राजवीर सिंह राठौड़ 92 रन नाबाद की बदौलत नारायना क्रिकेट अकेडमी ने एमी क्रिकेट अकेडमी को तीन विकेट से हराकर पूर्व क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया ।

कोड़ाई अकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए वशिष्ठ58 रन, सैनी रन, जतिन सांवरिया 25 रन नाबाद की मदद से निर्धारित 20 मे ओवर 201 रन5 विकेट खोकर, जवाबी पारी में शिफ़ान खान 107 रन व नितिन अमरोथीया 63 की बदौलत विजय लक्ष्य 17.2 ओवर मे 3 विकेट खोकर 205 रन बना 7 विकेट से मैच जीत लिया ।

# मुख्यमंत्री ने एक लाख 22 हजार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सौगात दी

## उन्होंने सभी को दो यूनिफार्म के लिए एक-एक हजार रूपए डीबीटी के माध्यम से ट्रांसफर किए

जयपुर, 30 मार्च। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित कार्यक्रम में 1 लाख 22 हजार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को दो यूनिफार्म के लिए 1-1 हजार रूपये की राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की। शर्मा ने प्रधानमंत्री मातृ

■ **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आंगनबाड़ी केन्द्रों में वर्ष भर आयोजित की जाने वाली गतिविधियों के वार्षिक कैलेंडर का भी विमोचन किया।**

वंदना योजना, लाडो प्रोत्साहन योजना, कालीबाई भील योजना के लाभार्थियों को भी चैक सौंपे।




*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित कार्यक्रम में 1. 22 लाख आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के खातों में यूनिफार्म के लिए 1-1 हजार रूपये की राशि ट्रांसफर की।*

शर्मा ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नौनिहालों का पूरा ध्यान रखती हैं और वे इस भावी पीढ़ी की नींव को मजबूत कर राष्ट्र निर्माण में बड़ी भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पिछले दो वर्ष में आंगनबाड़ियों के सुदृढ़ीकरण के लिए कई निर्णय लिए हैं। हमारी सरकार ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मिड डे मील कुक कम हेल्पर सहित समस्त मानदेय कर्मियों के मानदेय में 10 प्रतिशत की वृद्धि की है जो 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी हो जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं के सशक्त होने से ही देश-प्रदेश का विकास संभव है। हमारी सरकार द्वारा लखपति दीदी योजना के तहत प्रदेश में अब तक 16 लाख से अधिक लखपति दीदी बनाई गई है। साथ ही, इस वर्ष के बजट में लखपति दीदी योजना के तहत ऋण राशि को 1 लाख से बढ़ाकर 1.5 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने आंगनबाड़ी केंद्रों में वर्ष भर आयोजित की जाने वाली गतिविधियों के वार्षिक कैलेंडर का भी विमोचन किया।

इस दौरान उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, महिला बाल विकास राज्यमंत्री मंजू बाघमार, शासन सचिव महिला एवं बाल विकास श्रीमती पूनम सहित विभिन्न अधिकारी एवं बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं एवं सहायिकाएं मौजूद थी।

# महेश नगर में अवैध शराब बिक्री के खिलाफ आक्रोश फूटा

जयपुर, 30 मार्च। महेश नगर थाना इलाके में रविवार देर रात अवैध शराब की बिक्री को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। कॉलोनीवासियों और शराब बेचने वालों के खिलाफ जमकर कहासुनी हुई। जिसके बाद गुस्साए लोगों ने स्कॉर्पियो और वहां खड़ी बाइकों में जमकर तोड़फोड़ कर दी और बाइक में आग लगा दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर लोगों को खदेड़ा। पुलिस ने इस मामले में 12 से ज्यादा लोगों को राउंड अप कर दिया।

थानाधिकारी सुरेश यादव ने बताया कि थाना इलाके में स्थित केके फैक्ट्री के पास शराब की एक दुकान पर रविवार देर रात करीब साढ़े 10 बजे अवैध शराब ब्रिकी को लेकर कॉलोनीवासियों और शराब बेचने वालों में कहासुनी हो गई। देखते ही देखते कहासुनी हिंसक झड़प में बदल गई। आरोप है कि शराब दुकानकर्मियों के मारपीट करने पर कॉलोनी के लोगों भी उग्र हो गए। पुलिस ने भीड़ को हटाकर स्थिति को शांत करवाया। हालात पर काबू पाकर उपद्रव मचाने वाले 12 से ज्यादा लोगों को राउंडअप किया।

# उदयपुर सैशन कोर्ट को 5 बमों से उड़ाने की धमकी मिली

## पुलिस व बम स्क्वॉड टीम ने कोर्ट परिसर खाली कर सर्च ऑपरेशन चलाया

उदयपुर, 30 मार्च (कासं)। उदयपुर कोर्ट को एक साथ पांच बमों से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद सोमवार को हड़कंप मच गया। सुरक्षा के चलते पुलिस ने पूरे कोर्ट परिसर को तुरंत खाली कराया। पुलिस और बम स्कवायड टीमों ने मौके पर पहुंचकर सर्च ऑपरेशन चलाया। हालांकि जांच के बाद कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिलने पर पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली।

जानकारी के अनुसार, जिला एवं सेशन न्यायधीश के ऑफिस की मेल आईडी पर सोमवार सुबह 6.32 बजे यह मेल आया। उसमें लिखा था कि कोर्ट परिसर में दोपहर 1 बजे एक साथ 5 बम ब्लास्ट होंगे।

सुबह ऑफिस खुलने पर जब कर्मचारियों ने मेल देखा तो जिला एवं सेशन न्यायधीश को बताया। इसके बाद पुलिस ने कोर्ट परिसर को खाली करवाया और सर्चिंग शुरू की। सोमवार होने की वजह से कोर्ट में काफी भीड़

■ **जिला एवं सैशन न्यायाधीश के ऑफिस के मेल आईडी पर सुबह 6:32 पर धमकी आई कि दोपहर 1 बजे एक साथ पाँच बम ब्लास्ट होंगे। ऑफिस खुलने पर कर्मचारियों ने मेल देखा और न्यायाधीश को बताया।**

थी, वकील अपनी फाइलों के साथ तैयार थे और लोग अपनी पेशी का इंतजार कर रहे थे। ऐसे में अचानक पुलिस की हलचल से सब लोग घबरा गए। अचानक पुलिस और सुरक्षाकर्मियों ने एक- एक कर वकीलों, और वहां आए सभी लोगों को बाहर निकालना शुरू किया।

हालांकि पुलिस ने बाद में सबको बताया कि ई-मेल पर दोपहर के समय कोर्ट परिसर को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इस कारण कोर्ट परिसर को खाली करवाया। कुछ ही मिनटों में कोर्ट रूम से लेकर बरामदे तक सन्नाटा पसर गया और लोग बाहर सडकों पर जमा हो गए। जैसे ही लोग बाहर निकले, पुलिस के बड़े अधिकारी और बम स्कॉयड की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस का भारी जाब्ता और कमांडो स्टाइल में हो रही हलचल को देख वहां मौजूद लोगों के बीच हडकंप मच गया।

पुलिस के आला अधिकारियों और बम स्कॉयड की टीम ने कोर्ट के अलग.अलग हिस्सों में तुरन्त सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया। कोर्ट के कमरों से लेकर कैंटीन और पार्किंग एरिया तक हर कोने को बारीकी से खंगाला गया। एटीएस की टीम ने भी संदेहास्पद जगहों पर अपनी जांच की। पुलिस ने एहतियात के तौर पर पूरे इलाके को घेर लिया और बारीकी से सर्चिंग की। हालांकि टीमों को कही भी कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

# लश्कर ए तैयबा का कुख्यात आतंकी शब्बीर लोन गाजीपुर में पकड़ा गया

## लोन का सीधा संबंध लश्कर के सरगना हाफिज सईद व उसके सहयोगी लखवी के साथ था

नई दिल्ली, 30 मार्च। राजधानी दिल्ली में बड़े आतंकी हमले की साजिश को नाकाम करते हुए दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े एक दुर्दान्त आतंकवादी शब्बीर अहमद लोन को गिरफ्तार किया है। जांच एजेंसियों के अनुसार, लोन इस पूरे मॉड्यूल का हैंडलर था और हाल ही में सामने आए मेट्रो पोस्टर मामले में पकड़े गए आतंकी नेटवर्क को संचालित कर रहा था।

स्पेशल सेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि स्पेशल सेल की नई दिल्ली रेंज के पुलिस उपायुक्त प्रवीण त्रिपाठी की देखरेख मे आतंकी को रविवार देर रात गाजीपुर इलाके से गिरफ्तार किया गया है।

स्पेशल सेल के अधिकारियों ने बताया कि शब्बीर अहमद लोन के कब्जे से करीब 2,300 बांग्लादेशी टका, 3,000 से 5,000 पाकिस्तानी मुद्रा (लगभग 3,000 भारतीय रुपये के बराबर) और एक नेपाली सिम कार्ड मिला है। इन सभी सामानों को जब्त कर लिया गया है और उनकी फॉरेंसिक जांच

■ **लोन लंबे समय से बांग्लादेश में रहकर भारत विरोधी गतिविधियों का संचालन कर रहा था। उसने कोलकाता के हटियार में एक 'सेफ हाउस' बनाया था, जिसका उपयोग आतंकी गतिविधियों के संचालन में होता था।**

की जा रही है। जांच से यह भी सामने आया है कि लोन लंबे समय से बांग्लादेश में रहकर भारत विरोधी गतिविधियों को संचालित कर रहा था। इससे पहले उसने हटियारा (कोलकाता) में अपने मॉड्यूल के लिए एक ठिकाना तैयार किया था, जो उसके सहयोगियों के लिए 'सेफ हाउस' के तौर पर इस्तेमाल होता था। स्पेशल सेल के अधिकारी के मुताबिक, यह ठिकाना आतंकी गतिविधियों के संचालन और सदस्यों के छिपने के लिए बेहद अहम था। यहीं से मॉड्यूल के सदस्यों को निर्देश दिए जाते थे और आगे की साजिशें रची जाती थीं।

पुलिस के मुताबिक, शब्बीर अहमद लोन बांग्लादेश में बैठकर भारत विरोधी गतिविधियों को अंजाम दे रहा था। वह एन्क्रिप्टेड ऐप्स के जरिए अपने सहयोगियों के संपर्क में रहता था और उन्हें निर्देश देता था। जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि यह पूरा नेटवर्क पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर काम कर रहा था, जो इसे फंडिंग और लॉजिस्टिक सपोर्ट मुहैया करा रही थी।

जांच में यह भी सामने आया है कि शब्बीर अहमद लोन के सीधे संबंध लश्कर के सरगना हाफिज सईद और उसके सहयोगी जकी-उर-रहमान लखवी से रहे हैं। शब्बीर अहमद लोन कोई नया नाम नहीं है। वर्ष 2007 में भी उसे दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद, के साथ गिरफ्तार किया था। उस समय उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था और वह 2018 तक तिहाड़ जेल में बंद रहा।

# कुवैत का बिजली व पानी का डीसैलिनेशन प्लांट क्षतिग्रस्त

कुवैत सिटी, 30 मार्च। ईरानी हमले से कुवैत का बिजली और पानी का डीसैलिनशन प्लांट क्षतिग्रस्त हो गया है। कुवैती अधिकारियों का कहना है कि हमले में एक भारतीय कर्मचारी की मौत हो गई और इमारत को भौतिक नुकसान पहुंचा है। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब युद्ध से क्षेत्रीय तनाव बढ़ रहा है।

अल जजीरा चैनल और सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, कुवैत के बिजली मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में कहा, "ईरान ने देश के एक

■ **ईरान के हमले में इस प्लांट की इमारत को बहुत नुकसान हुआ।**

बिजली और पानी के डीसैलिनशन प्लांट में स्थित एक सर्विस बिल्डिंग पर हमला किया है। इस हमले में एक भारतीय कर्मचारी की मौत हो गई और इमारत को काफी भौतिक नुकसान पहुंचा है।"

ईरान ने अभी तक इस हमले पर कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की है। सरकारी मीडिया ने कुवैत के मंत्रालय के हवाले से कहा कि हमले के कारण प्लांट को भारी नुकसान पहुंचा है।

# स्पेन ने ईरान युद्ध ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

है कि हर कोई स्पेन की स्थिति जानता है। यह बहुत स्पष्ट है। यह युद्ध पूरी तरह से गैर-कानूनी एवं अन्यायपूर्ण है।"

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक स्पेन के इस कदम से इस संघर्ष के प्रति यूरोप के सबसे बड़े आलोचक के तौर पर उसकी स्थिति और मजबूत हुई है। वहीं अमेरिका और स्पेन में दरार और गहरी हो गई है।

हवाई क्षेत्र बंद होने से अमेरिकी सैन्य विमानों के साथ ही ब्रिटेन और यूरोप के अन्य हिस्सों में तैनात सैन्य विमानों को पश्चिम एशिया में अपने लक्ष्यों तक पहुंचने के लिए नाटो के सदस्य देश स्पेन को छोड़कर दूसरे रास्ते से जाना पड़ रहा है। हालांकि, आपातकालीन स्थितियों पर यह नियम लागू नहीं है।

स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ईरान पर अमेरिका और इजराइल के हमलों के सबसे मुखर विरोधियों में से एक रहे हैं। उन्होंने इन हमलों को लापरवाह और अवैध करार दिया था। उन्होंने युद्ध को रोकने की अपील करते हुए कहा कि आप एक गैर-कानूनी काम का जवाब दूसरे गैर-कानूनी काम से नहीं दे सकते, क्योंकि इसी तरह मानवता की बड़ी-बड़ी विपत्तियां शुरू होती हैं।

# बीकानेर में बुजुर्ग को डरा कर 5.10 लाख रूपए की ठगी

बीकानेर, 30 मार्च (निसं)। डिजिटल अरेस्ट के नाम पर ठगी का एक मामला सामने आया है, जिसमें ठगों ने एक बुजुर्ग को वीडियो कॉल के जरिए डराकर 5.10 लाख रुपए ट्रांसफर करवा लिए। बाद में जब ठगों ने 50 लाख रुपए की और मांग की, तब पीड़ित को शक हुआ और मामले का खुलासा हुआ। शिकायत के बाद, सायबर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 1.76 लाख रुपए होल्ड करवा दिए हैं।

गंगाशहर निवासी बुजुर्ग के पास 14 मार्च को एक वीडियो कॉल आया। कॉल करने वालों ने खुद को अधिकारी बताते हुए उनके खाते से करीब 3 करोड़ रुपए के संदिग्ध लेनदेन का हवाला दिया। ठगों ने केनरा बैंक के खाते का जिक्र कर उन्हें लगातार डराने-धमकाने की कोशिश की। ठगों ने एक सिम कार्ड से आपत्तिजनक मैसेज और वीडियो भेजने का आरोप लगाते हुए, उन्हें एक

■ **गंगाशहर निवासी बुजुर्ग से जब ठगों ने 50 लाख की मांग की तो उसे शक हुआ व पुलिस में शिकायत की।**

युवती की आत्महत्या के मामले में फंसाने की धमकी दी। इसके बाद पीड़ित को डिजिटल अरेस्ट बताकर किसी से संपर्क नहीं करने और लगातार उनके संपर्क में बने रहने के निर्देश दिए गए। लगातार दबाव और डर के माहौल में बुजुर्ग ने अपने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के खाते से एक निजी बैंक खाते में 5.10 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए। 27 मार्च को ठगों ने फिर संपर्क कर 50 लाख रुपए की और मांग की। इस पर पीड़ित को संदेह हुआ कि वे ठगी का शिकार हो चुके हैं।

# असम के चुनाव से ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

जिसमें एएफपीएफ के 1600 कर्मियों को चुनाव ड्यूटी में असम पुलिस की मदद के लिए तैनात करने को कहा गया था।

संरक्षण विशेषज्ञों का कहना है कि यह आदेश स्थापित कानूनी और प्रशासनिक नियमों के खिलाफ है तथा चुनाव आयोग के जून 2023 के आदेश के उस हिस्से का भी उल्लंघन करता है, जिसमें भारतीय वन सेवा के वरिष्ठ अधिकारियों और सभी क्षेत्रीय वन कर्मचारियों को चुनाव ड्यूटी से छूट दी गई है। उनका कहना है कि मई 2024 में सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड में वन अधिकारियों और विभागीय वाहनों को चुनाव ड्यूटी से छूट दी थी। मार्च 2024 में नैशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने भी कहा था कि लोकसभा चुनाव के दौरान राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के वन कर्मचारियों को चुनाव ड्यूटी में शामिल नहीं किया जाना चाहिए।

संरक्षणवादियों का कहना है कि चुनाव के समय वन कर्मचारियों की तैनाती से जंगल और वन्यजीवों की सुरक्षा कमजोर होती है, खासकर ऐसे समय में जब पर्यावरणीय खतरे बढ़ रहे हैं। उनका यह भी कहना है कि इस तरह का आदेश सरकार को कानूनी जांच के दायरे में ला सकता है, क्योंकि यह "बाध्यकारी निर्देशों की नॉन-कप्लायंस है।"

# कोटा में तेज बारिश से नयापुरा में जाम लगा

## एमबीएस अस्पताल परिसर में आधा दर्जन व रामपुरा में एक विशाल पेड़ गिरा

कोटा, 30 मार्च (निसं)। पश्चिमी विक्षोभ के असर से कोटा शहर में तेज हवाओं के साथ सोमवार दोपहर बारिश हुई। बेमौसम शुरू हुई मूसलाधार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। तेज बारिश से पहले आंधी आई और बिजली कड़की। आंधी के दौरान कई पेड़ सड़क पर आ गिरे। इसके साथ ही किसानों को भारी नुकसान पहुंचा है।

अधिकांश किसानों की गेहूं, लहसुन और चने की फसल खेत में ही खड़ी है या फिर कटकर खेत में ही पड़ी है। इन सबको भारी नुकसान पहुंचा है। हालांकि मौसम विभाग ने तीन दिन पहले ही भारी बारिश की चेतावनी दे दी थी। बेमौसम की इस बारिश से एमबीएस

■ **महावीर जयंती की छुट्टी होने के कारण भामाशाह कृषि उपज मंडी में किसान फसल लेकर नहीं आए थे, इस कारण वे भारी नुकसान से बच गये।**

अस्पताल परिसर में करीब आधा दर्जन के आसपास पेड़ गिर गए। इसी तरह से रामपुरा में एक विशाल पेड़ गिर गया, जिसके नीचे कई वाहन दब गए। स्टेशन रोड पर नटराज टॉकीज के नजदीक भी एक पेड़ गिर गया। इससे नयापुरा में यातायात जाम जैसी स्थिति हो गई। नयापुरा चौराहे पर भारी संख्या में वाहन फंस गए और जाम लग गया। दूसरी तरफ भामाशाह कृषि उपज मंडी में महावीर जयंती के अवसर पर छुट्टी होने के चलते किसानों को राहत मिली, अन्यथा तुलाई के लिए पहुंची उनकी फसल को भी नुकसान होता।

भारतीय राष्ट्रीय किसान महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज दुबे ने राज्य सरकार से माँग की है कि बेमौसम हुई बारिश से, खेतों में खड़ी और कटी फसल को हुये भारी नुकसान का किसानों को उचित मुआवजा दिया जाये। मनोज दुबे ने कहा कि खेतों में गेहूं, लहसुन और चने आदि की फसल तैयार खड़ी है या फिर कटकर पड़ी है। बेमौसम बारिश ने किसानों पर कहर ढा दिया है।

हाड़ौती किसान आंदोलन के संयोजक कुंदन चीता का कहना है कि सरकार को तत्काल इस पूरे घटनाक्रम पर एक्शन लेना चाहिऐ। बारिश से हुई खराबी का तत्काल सर्वे कराया जाए। प्रशासन को इस संबंध में निर्देश देने चाहिए। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक अतीश कुमार शर्मा का कहना है कि गेहूं की फसल खेत में खड़ी हो या फिर कटकर पड़ी हो, दोनों की क्वालिटी खराब होगी। लहसुन में भी खराबी होगी। सरसों की फसल कट चुकी है और खेत में पड़ी है।

# अमेरिका ने ईरान के मशहद एयरपोर्ट पर हमला किया

तेहरान, 30 मार्च। अमेरिका ने ईरान के मशहद इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर बड़ा हवाई हमला किया है। इस हमले में भारी नुकसान हुआ है। रिपोर्टों से पता चलता है कि जब हमला किया गया, एयरपोर्ट पर एक विमान खड़ा था। ईरान के सरकारी सूत्रों ने कहा कि हमले में महान एयर का एक नागरिक विमान नष्ट कर दिया गया। विमान को दिल्ली जाना था, जहां से इसे युद्ध पीड़ितों के लिए 11 टन से ज्यादा मानवीय दवाएं लेकर वापस आना था। जिसे भारतीय नागरिकों ने ईरान की मदद के लिए जुटाया है। हालांकि, यह प्लेन दिल्ली नहीं पहुंच सका और एयरपोर्ट पर ही हमले का शिकार हो गया।

इस बीच इजरायल ने भी तेहरान में हमले शुरू किए हैं। इजरायल ने सोमवार को कहा कि वह पूरे तेहरान में सैन्य

■ **दिल्ली जाने के लिये तैयार नागरिक विमान भी इस हमले का शिकार हुआ**

ठिकानों पर हमले कर रहा है। इजरायल की घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के बयान के एक दिन बाद हुई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि जल्द ही तेहरान के साथ कोई समझौता हो सकता है। हालांकि, ट्रंप ने जमीनी कार्रवाई की संभावना से इनकार नहीं किया। ईरान ने सोमवार को रिवोल्यूशनरी गार्ड नेवी के कमांडर अलीरेजा तंगसिरी के मारे जाने की पुष्टि की है। इजरायल ने कुछ दिनों पहले कहा था कि उसने एक हवाई हमले में तंगसिरी को निशाना बनाया था।

# ईरान ने इज़रायल ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

में हाइफ़ा तेल रिफाइनरी आ गई और उसमें आग लग गई। इसके अलावा दक्षिणी लेबनान में छिड़ी लड़ाई में तीन सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गए। इज़रायली डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) का कहना है कि कल रात ईरानी हथियार फैक्ट्रियों पर 80 से ज्यादा बम गिराए गए। तुलकारम के पास कथित तौर पर गाड़ी से टक्कर मारने की कोशिश में एक संदिग्ध को गोली मार दी गई।

रिपोर्ट के अनुसार, दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह ने आईडीएफ के एक सैनिक को मार गिराया। इस सैनिक की पहचान सार्जेंट लिरान बेन जियोन (19) के रूप में हुई है। वह एंटी-टैंक मिसाइल हमले में जान गंवा बैठे। कुछ देर पहले ईरान ने दक्षिण इज़रायल पर बैलिस्टिक मिसाइल हमला किया है।

# ईरान अब "पिनपॉइन्ट" ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

इनमें मौजूद क्रू यह जानकारी तुरंत पैंटागन के कंट्रोल सेंटर, जमीनी सेना और लड़ाकू इकाइयों तक पहुंचाते हैं।

सऊदी बेस पर हुए इस हमले में, जिसमें एवैक्स विमान तबाह हो गया, अमेरिकी सेना को भी भारी नुकसान भी हुआ। कम से कम 10 सैनिक घायल हुए हैं, जिनमें से कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। हालांकि अमेरिका इस मानव नुकसान पर खुलकर कुछ नहीं कह रहा, लेकिन रिपोर्टों के अनुसार यह संख्या लगातार बढ़ रही है।

अगर ईरानियों को अमेरिकी सेना की स्थिति या उनकी लैण्डिंग के बारे में इसी तरह की एकदम सटीक खुफिया जानकारी मिलती रही तो जमीन पर हमला करने की अमेरिका की योजनाएं बहुत महंगी साबित हो सकती हैं। अमेरिका ने जमीनी हमले के जरिए ईरान के अहम खार्ग द्वीप स्थित तेल टर्मिनल पर कब्जा करने का वादा किया है।

जानकारी के अनुसार, अमेरिका ने एशिया के अन्य हिस्सों से करीब 3,500 मरीन सैनिक जुटा लिए हैं। इस योजना के दो मुख्य लक्ष्य हैं-पहला, खार्ग द्वीप पर कब्जा करना, जो ईरान का प्रमुख तेल निर्यात केंद्र है; और दूसरा, देश के अंदर जाकर समृद्ध यूरेनियम के भंडार को ढूंढकर अपने नियंत्रण में लेना।

अमेरिका को डर है कि अगर यह यूरेनियम ईरान के पास रहा, तो इसे परमाणु हथियार में बदला जा सकता है। हालांकि ये भंडार जमीन के अंदर और अलग-अलग स्थानों पर छिपाए गए हैं, जिससे उन्हें ढूंढना बहुत कठिन है।

ईरानी नेताओं ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिकी सेना उनके देश में प्रवेश करती है, तो वे जबरदस्त जवाब देंगे। ईरानी सेना पहले से ही तैयार स्थिति में है। अगर रूस से ईरान को अमेरिकी हमले की योजना की जानकारी मिलती है, तो अमेरिकी सैनिक आसान शिकार बन सकते हैं। इसी कारण कोई आश्चर्य नहीं है कि अमेरिकी राष्ट्रपति जमीनी युद्ध में सैनिक भेजने के बजाय कोई दूसरा रास्ता खोजने की कोशिश कर रहे हैं, क्योंकि यह युद्ध भारी नुकसान वाला साबित हो सकता है।

# प्रधानमंत्री ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

योजना थी, जिसे बदलकर अब 18 से 25 वर्ष किया गया है। युवाओं को प्रतिमाह 5000 रुपए के स्थान पर अब 9000 रुपए दिए जाएंगे।ß

इस प्रोजेक्ट को सफल बनाने के लिए राज्य सरकार को भी अहम जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। साथ ही सभी विभागों को निदेर्शित किया गया है कि सामूहिक सहभागिता से अधिक से अधिक युवाओं को इस स्कीम से जोडा जाए। प्रदेश की सरकार इस योजना के प्रचार-प्रसार से लेकर इसकी मॉनिटरिंग तक की जिम्मेदारी निभाएंगी।

पूर्व में सिर्फ 500 कंपनियों में इंटर्नशिप करवाने की तैयारी थी, लेकिन अब छोटे व लघु उद्यमों, विशेष औद्योगिक क्षेत्रों और केन्द्र व राज्य सरकार के साथ पंजीकृत कंपनियों को इंटर्नशिप प्रोग्राम से जोड़ा गया है। इस योजना को सफल बनाने के उद्देश्य से आगामी 1 अप्रैल को मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक ली जाएगी।

# ट्रंप की "लोकप्रियता ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

इसके राजनीतिक परिणाम बहुत गंभीर हो सकते हैं। सन् 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में महंगाई और जीवन-यापन की लागत बड़े मुद्दे थे। ट्रंप ने खुद को मजबूत अर्थव्यवस्था देने वाले नेता के रूप में पेश किया था। लेकिन ताजा सर्वे बताते हैं कि लोगों को अभी तक उनके वादों के पूरा होने का कोई सबूत नज़र नहीं आ रहा है। इसके साथ ही, भरोसे में कमी का एक और बड़ा मुद्दा भी सामने आ रहा है। ट्रंप ने अपने कार्यकाल की शुरुआत में अर्थव्यवस्था पर बेहतर रेटिंग पाई थी, लेकिन उसके बाद से लगातार गिरावट यह दिखाती है कि रोजमर्रा के मुद्दों पर लोगों का भरोसा कम हुआ है। इतिहास बताता है कि जब गिरावट रोजमर्रा की आर्थिक समस्याओं से जुड़ी हो, तो उसे वापस सुधारना आसान नहीं होता। रिपब्लिकन पार्टी के लिए चिंता सिर्फ मौजूदा अप्रूवल रेटिंग तक ही सीमित नहीं है। अगर अर्थव्यवस्था पर कमज़ोरी बनी रहती है, तो आने वाले चुनावों में इसका असर पड़ सकता है। अगर महंगाई और अंतरराष्ट्रीय तनाव ऐसे ही बने रहे, तो सरकार को लगातार दबाव में फैसले लेने पड़ सकते हैं।

रॉयटर्स के पत्रकार जेसन लैंग और बो एरिक्सन के अनुसार, अर्थव्यवस्था और महंगाई ही वो बड़े मुद्दे थे, जिनकी वजह से ट्रंप फिर से सत्ता में आए। लेकिन ये समस्याएं कम नहीं हुई हैं, बल्कि और बढ़ती दिख रही हैं।

यह देखना बाकी है कि यह गिरावट अस्थायी है या लंबे समय तक जारी रहेगी। लेकिन इतना साफ है कि ट्रंप का दूसरा कार्यकाल अब उनकी राजनीतिक लोकप्रियता की लहर से नहीं, बल्कि जनता के बढ़ते अविश्वास से तय हो रहा है और इस अविश्वास की वजह वही मुद्दे हैं, जिन्होंने कभी उनकी राजनीतिक अपील को मजबूत बनाया था।

# शिक्षक परीक्षा ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

एसओजी ने मूल अभ्यर्थी सम्पतलाल को इसी साल 13 जनवरी को गिरफ्तार कर लिया था।

# नीतीश ने ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

यह भी चर्चा है कि उनके बेटे निशांत उनकी जगह ले सकते हैं, लेकिन इस पर अभी भी अनिश्चितता है। जेडीयू की दूसरी पंक्ति के नेता, जैसे श्रवण कुमार, अशोक चौधरी और विजय कुमार चौधरी का प्रभाव सीमित क्षेत्रों तक ही है।

एक बड़ा सवाल यह भी है कि कुमार द्वारा बड़ी मेहनत से तैयार किया गया अति पिछड़ा वर्ग (एक्स्ट्रीमली बैकवर्ड क्लास /ई.बी.सी.) और महिलाओं का वोट बैंक अब किस दिशा में जाएगा। पिछले कुछ वर्षों में, उत्तर और मध्य भारत के कई हिस्सों में ईबीसी वर्ग का झुकाव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की ओर हुआ है, लेकिन बिहार एक अपवाद बना रहा, जहां कुमार इन वर्गों के बीच सर्वाधिक स्वीकार्य नेता बने रहे।

कुमार के हटने से, यह सामाजिक समर्थन बंट सकता है। ये वर्ग आगे किस तरफ जाते हैं, इससे आने वाले समय में बिहार के चुनावी गणित पर बड़ा असर पड़ सकता है।

# हरमाड़ा के अपार्टमैंट परिसर में झूला टूटा, बच्ची का सिर फटा

जयपुर, 30 मार्च। हरमाड़ा थाना इलाके में स्थित एक अपार्टमेंट परिसर में लगा झूला टूट गया। झूले की चपेट में आई बच्ची का सिर फट गया और उसकी नाक की हड्डी और जबड़ा टूट गया। जिसके बाद अपार्टमेंट परिसर में रहने वाले स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने सोसायटी मैनेजमेंट पर लापरवाही का आरोप लगाया।

थानाधिकारी उदय यादव ने बताया कि सनसिटी स्थित मैक्स हाईट अपार्टमेंट में रहने वाली विजय लक्ष्मी शर्मा ने मामला दर्ज कराया कि रविवार को उनकी भतीजी परिवार के साथ उसके घर आई थी।

शाम 4 बजे भतीजी की 12 साल की बेटी आशी पारीक अपार्टमेंट परिसर के ग्राउंड फ्लोर पर लगे झूले

■ **सनसिटी के मैक्स हाइट अपार्टमैंट के सोसायटी मैनेजमैंट के खिलाफ मामला दर्ज।**

पर झूलने चली गई।

झूला झूलते समय अचानक टूट गया और झूला में लगे पाइप बच्ची के ऊपर आकर गिरे। जिससे बच्ची घायल हो गई। चीख-पुकार की आवाज सुन ग्राउंड फ्लोर पर मौजूद लोग बाहर पहुंचे। झूले के नीचे दबी बच्ची को बाहर निकाल कर उसे नजदीकी अस्पताल भिजवाया। झूला की चपेट में आने से बच्ची के मुंह में मल्टीपल फ्रैक्चर, नाक की हड्डी टूट गई।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908